# एनसीसी प्रयागराज ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कंदील ने किया ड्रोन ट्रेनिंग कैम्प का निरीक्षण

❒ ड्रोन तकनीक से सशक्त हो रहे एनसीसी कैडेट्स, अनुशासन व आधुनिकता का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश के अंतर्गत, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 16 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज द्वारा राम दुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कॉलेज में आयोजित 12 दिवसीय सीओसी ड्रोन प्रशिक्षण शिविर अपने उद्देश्यों की सफल पूर्ति की ओर अग्रसर है।

यह शिविर 12 मार्च से प्रारंभ होकर 23 मार्च तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के 8 एनसीसी ग्रुप मुख्यालयों के सीनियर डिवीजन (ट्रक) एवं सीनियर विंग (ट्ड) के कैडेट्स उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं।शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को आधुनिक युद्धक एवं नागरिक उपयोग की उन्नत ड्रोन तकनीक से परिचित कराना है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने हेतु तकनीकी रूप से दक्ष बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने ड्रोन डिजाइनिंग, असेम्बलिंग, संचालन एवं उड़ान की जटिल प्रक्रियाओं को न केवल समझा, बल्कि उन्हें व्यवहारिक रूप में आत्मसात भी किया। सीमित समय में ड्रोन असेंबल करने की दक्षता एवं ऑन-ग्राउंड परीक्षण के सफल निष्पादन ने कैडेट्स की तकनीकी क्षमता और तत्परता का परिचय दिया।

प्रशिक्षण के अंतर्गत कैडेट्स को ड्रोन संचालन के सुरक्षा मानकों, निगरानी प्रणाली, आपदा प्रबंधन तथा रक्षा क्षेत्र में इसके बहुआयामी उपयोगों की गहन जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, हथियार प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स की फायरिंग दक्षता को भी सुदृढ़ किया जा रहा है, जो उनके सैन्य अनुशासन और आत्मविश्वास को और अधिक सशक्त बनाता है।शिविर के आठवें दिन एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कंदील ने शिविर का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत ड्रोन फ्लाइंग का सजीव एवं प्रभावशाली प्रदर्शन उनके आत्मविश्वास, सटीकता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। कैडेट्स के अनुशासित प्रदर्शन एवं तकनीकी प्रवीणता से प्रभावित होकर ग्रुप कमांडर ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स अब ड्रोन एवं साइबर तकनीक से भी लैस होंगे और भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।यह शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल निशांत बरियार एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल योगेंद्र चिनवान के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

कर्नल निशांत बरियार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक तकनीक, विशेषकर ड्रोन, भविष्य के सैन्य एवं रणनीतिक परिदृश्य का अभिन्न अंग है और इसका समुचित ज्ञान कैडेट्स की सैन्य क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।यह ड्रोन प्रशिक्षण शिविर न केवल कैडेट्स को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व, त्वरित निर्णय क्षमता एवं राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना को भी सुदृढ़ कर रहा है। निस्संदेह, यह पहल राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त और दूरदर्शी कदम सिद्ध हो रही है।

# भव्य 'नव वर्ष उद्घोष' के साथ हुआ विक्रम संवत 2083 का स्वागत

❒ हनुमंत निकेतन में गूंजा सामवेद शंखनाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में सिविल लाइंस स्थित हनुमंत निकेतन में गुरुवार को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में ल्लसामवेद शंखनाद एवं नव वर्ष उद्घोषङ्क का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया।

इस आयोजन में श्रद्धा, भक्ति एवं सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर नव वर्ष के प्रथम सूर्योदय के साक्षी बने।कार्यक्रम का शुभारम्भ ईश वंदन से हुआ, जिसके पश्चात वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्वस्ति वाचन किया गया। सामवेद की मधुर स्वर लहरियों एवं शंखनाद से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर नव वर्ष का स्वागत किया, जिससे पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का



वातावरण व्याप्त रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत यमुना पुरी महाराज (सचिव, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी एवं प्रबंधक, माँ अलोपी देवी मंदिर) की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि नव संवत्सर हमें धर्म, सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है तथा सनातन मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश देता है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग प्रचारक सुबंधु ने अपने उद्बोधन में विक्रम संवत की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय परम्पराओं को अपनाने का संदेश दिया।आयोजक सृजन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बी.बी. अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नव वर्ष केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि हमारी सनातन परम्परा की नई चेतना और सांस्कृतिक जागरण का पर्व है। इस आयोजन में सह-आयोजक के रूप में श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम में श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पियूष रंजन अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में समाज की एकता एवं संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक मित्तल, हरीश चंद अग्रवाल (बिल्लू भैया), आशीष अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, अजीत बंसल, मुरारी लाल अग्रवाल एवं राकेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। वहीं, अग्रवाल युवा मंडल के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल के नेतृत्व में सौरभ अग्रवाल, सीए सचिन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल (सह मंत्री) एवं अंकित अग्रवाल (कार्यालय प्रभारी) सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## प्रयागराज पुलिस की बड़ी सफलताः साइबर फ्रॉड के 1.47 लाख रुपये पीड़ित को लौटाए

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर जोन की थाना उतरांव पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के खाते से कटे 1,47,000 रुपये वापस कराए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित परिवार में खुशी का माहौल है।जानकारी के अनुसार, थाना उतरांव क्षेत्र के ग्राम सराय इस्माइल (सदरेपुर) निवासी रामचंद्र मिश्र के खाते से 21 जनवरी 2026 को ऑनलाइन फ्रॉड के जरिए 1,47,000 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई थी। मामले में पीड़ित द्वारा एनसीआरपी (गएटढ) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।गंगानगर पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया के नेतृत्व में थाना उतरांव पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने समय रहते फ्रॉड हुई धनराशि को होल्ड कराया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर गुरुवार को पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी।धनराशि वापस मिलने के बाद रामचंद्र मिश्र एवं उनके परिजनों ने कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस और थाना उतरांव टीम का आभार जताया।धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीमःउपनिरीक्षक विक्की प्रसाद एवं उपनिरीक्षक मानवेंद्र प्रसाद, थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज। पुलिस की इस कार्रवाई को साइबर अपराध के खिलाफ एक प्रभावी उदाहरण माना जा रहा है, जो आम जनता में भरोसा बढ़ाने का काम करेगा।

## स्वयं सहायता समूहों में भी व्याप्त है भ्रष्टाचार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड गोसाईगंज में चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूहो में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर होने की बात कही जा रही है। इस मामले में गांव मरखापुर माजरा फरीदपुर निवासिनी जानकी देवी पत्नी रामकुमार की ओर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को शिकायत पत्र भेजा गया है।शिकायत कत्री जानकी देवी की शिकायत के अनुसार उन्होंने वर्ष 2018 से तन – मन और धन से समूह बनाने के कार्य में लगी हुई है लेकिन उन्हे मानदेय नहीं दिया गया।जानकी देवी के अनुसार वे गुलाब प्रेरणा की कोषाध्यक्ष एवं 20 समूहों की समूह सखी हैं। इस महिला की ओर से जब भी समूह प्रभारी लक्ष्मी देवी से मानदेय की बात की गई तब उनके द्वारा डांट कर भगा दिया गया । इस मामले में अभी फुल स्टॉप नहीं लगा है। जानकी देवी द्वारा बनाए गए रानी लक्ष्मीबाई ग्राम संगठन की मोहर भी बहाने ले ली गई थी। छः माह बीत जाने के बाद भी वापस नहीं की गई। इस बात की शिकायत जानकी देवी की ओर से खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को भेजी गई है। शिकायत पत्र में लक्ष्मी सिंह द्वारा दी जा रही प्रताड़ना की जांच कराने की गुहार लगाई गई है। शिकायत कत्री के अनुसार यदि खंड विकास स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे ब्लॉक कार्यालय परिसर में धरना देने में पीछे नहीं हटेंगी।

## लखनऊ में नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज



**लखनऊ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को व्यापक अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है।जोन-4 में सहायक नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी श्रीमती शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 1090 चौराहे से लोहिया पार्क, लोहिया अस्पताल से विजयीपुर अंडरपास तथा चिनहट तिराहा से कमता चौराहे तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नगर निगम के प्रवर्तन दल-296 और कर अधीक्षक बनारसी दास की देखरेख में अवरोधक सामग्री हटाकर यातायात को सुचारु कराया गया। मौके से 2 ठेले, 2 लोहे के काउंटर और 5 लकड़ी की बेंच जब्त की गईं।वहीं, जोन-7 में भी जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में नालियों, नालों और सड़कों के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। मालविय चौराहा और मटियारी चौराहा के आसपास अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 2 लोहे के काउंटर, 1 ड्रम और 1 कुर्सी जब्त की गई। इस कार्रवाई में कर अधीक्षक श्री विनय मौर्य, ईटीएफ टीम और प्रवर्तन दल-296 की सक्रिय भागीदारी रही।

## कानून व्यवस्था से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, हर मोर्चे पर हुआ बदलावः राकेश सचान



**रायबरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 9 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में आयोजित किया गया है, जिसमें आज प्रभारी मंत्री जनपद/ मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उद्यम खाद्य एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग विभाग उत्तर प्रदेश राकेश सचान द्वारा मेले/प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा केंद्र सरकार के 11 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/ परियोजनाओं/ कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव उपस्थित रहें। इसके पश्चात सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक/प्रमाण पत्र सहित दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल व प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभी व प्रमाण पत्र,स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायती राज विभाग के व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया। लगाए गए स्टॉलों के अवलोकन के दौरान मा0 मंत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। प्रभारी मंत्री ने आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन को आत्मसात करते हुए वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारंभ किया था। वह आज 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के रूप में पूरे देश के समक्ष एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुई है। आप सभी इसके साक्षी और सहभागी रहे हैं। हमारी नीतियों के प्रति जिस प्रकार जनता ने अपना सहयोग और समर्थन दिया है, उससे यह विश्वास और दृढ़ हो चला है कि स्पष्ट नीति, साफ नियत, प्रतिबद्धतापूर्ण नियोजन के सद्प्रयास सुफलित अवश्य होते हैं। उत्तर प्रदेश के ट्रांसफॉर्मेशन की चर्चा आज राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हो रही है। इस सकारात्मक बदलाव के पीछे 'ट्रिपल सी' यानी कल्चर, कनेक्टिविटी और कॉमर्स का मंत्र है।

# स्मार्ट सिटी प्रयागराज में खर्च पर उठे सवाल आरटीआई में मांगी गई पूरी रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददात




प्रयागराज । जिले में स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर पारदर्शिता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। Prayagraj Smart City Limited के कार्यों और खर्चों की जानकारी के लिए पत्रकार अमरनाथ झा द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आरटीआई आवेदन दाखिल किया गया है।

इस आरटीआई में नगर निगम प्रयागराज के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, उनके बजट, टेंडर प्रक्रिया और खर्च का पूरा ब्योरा मांगा गया है। आवेदन में विशेष रूप से परियोजनाओं की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट , वर्क ऑर्डर, पेमेंट रिकॉर्ड, क्वालिटी इंस्पेक्शन रिपोर्ट, कम्प्लीशन सर्टिफिकेट और यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट की जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा आरटीआई में यह भी पूछा गया है कि किन-किन कंपनियों/ठेकेदारों को काम दिया गया, उनके चयन की प्रक्रिया क्या रही और अब तक कितना भुगतान किया गया। साथ ही सीसीटीवी , सड़क, स्मार्ट लाइट और अन्य कार्यों की फिजिकल वेरिफिकेशन रिपोर्ट भी मांगी गई है।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि कार्यों में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी किस अधिकारी की होगी। आरटीआई के जरिए पूरे मामले की जांच और जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस आरटीआई का समय पर और संतोषजनक जवाब देता है या नहीं। अगर जवाब में गड़बड़ी सामने आती है, तो यह मामला बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा कर सकता है।

# प्रयागराज में विश्वविद्यालय परिणाम को लेकर छात्रों का उग्र प्रदर्शन

❒ बड़े पैमाने पर फ़ेल होने से नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों का गुस्सा गुरुवार को सड़कों पर फूट पड़ा। स्नातक और परास्नातक परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में छात्रों को बैक और फ़ेल किए जाने से आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

छात्रों का आरोप है कि 1 मार्च को जारी परिणाम में असामान्य रूप से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बैक या फ़ेल कर दिया गया, जिससे उनके शैक्षणिक भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारी छात्रों की मुख्य मांग है कि फ़ेल किए गए छात्रों को प्रमोट किया जाए या फिर परिणामों की निष्पक्ष दोबारा समीक्षा कराई जाए।प्रदर्शन में प्रतापगढ़, कौशाम्बी, मिर्ज़ापुर, भदोही और फतेहपुर समेत कई जिलों से बड़ी संख्या में छात्र पहुंचे। करीब दो घंटे तक छात्र परिसर में डटे रहे, लेकिन उनकी शिकायत सुनने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का कोई



जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। स्थिति को देखते हुए परिसर में पुलिस बल तैनात करना पड़ा।विश्वविद्यालय के कुलपति अखिलेश सिंह ने कहा कि छात्र चुनौती मूल्यांकन (चैलेंज इवैल्यूएशन) के लिए आवेदन कर सकते हैं।बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा अब तक करीब 3 लाख छात्रों का परिणाम घोषित किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 18S20 प्रतिशत यानी करीब 50 हजार छात्र फ़ेल हो गए हैं। अभी करीब 2 लाख छात्रों के परिणाम आना बाकी हैं। कई विषयों में पास प्रतिशत बेहद कम रहने को लेकर छात्रों और कॉलेज प्रबंधन दोनों ने सवाल उठाए हैं।सबसे खराब परिणाम परास्नातक के विज्ञान विषयों में सामने आए हैं। एमएससी जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और वनस्पति विज्ञान में केवल 35 से 48 प्रतिशत छात्र ही पास हो सके हैं। वहीं बीकॉम पांचवें सेमेस्टर में महज 48 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए। प्रोफ़ेशनल कोर्स की बात करें तो एलएलबी और बीएएलएलबी में भी पास प्रतिशत 38 से 40 के बीच रहा, जिससे लगभग आधे छात्र असफल हो गए।छात्रों का कहना है कि 13 मार्च को हुए प्रदर्शन के बाद कुलपति द्वारा एक रिव्यू कमेटी गठित की गई थी। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर केवल करीब 10 प्रतिशत छात्रों को ही प्रमोट किया गया है, जबकि शेष छात्रों का भविष्य अभी भी अधर में लटका हुआ है।परिणामों को लेकर बढ़ते विरोध के बीच छात्र लगातार निष्पक्ष जांच और सभी प्रभावित छात्रों को राहत देने की मांग कर रहे हैं।

# वाराणसी में रेल सेवा पुरस्कार समारोह, 39 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। वाराणसी में रेल सेवा पुरस्कार समारोह, 39 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान भारतीय रेलवे के पूर्वोत्तर रेलवे अंतर्गत वाराणसी मंडल में गुरुवार को रेल सेवा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वाराणसी स्थित पूर्वोत्तर रेलवे अधिकारी क्लब में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समारोह में एक अधिकारी सहित कुल 39 रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, संरक्षा-सुरक्षा सुनिश्चित करने, रेल दुर्घटनाओं को टालने, राजस्व वृद्धि और कार्य प्रणाली में सुधार हेतु उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) अशोक कुमार वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अजय सिंह और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि वाराणसी मंडल की निरंतर उपलब्धियों के पीछे कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण ही असली ताकत है। उन्होंने ट्रैकमैन, लोको पायलट, गार्ड, स्टेशन और कार्यालय कर्मियों के दिन-रात किए जा रहे कार्यों को रेलवे की सफलता की मजबूत नींव बताया।उन्होंने कहा कि आधुनिक ट्रेनों और बेहतर ढांचे के पीछे कर्मचारियों की मेहनत ही मुख्य आधार है। यह पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की पहचान है।समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें लोकगीत और बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने किया।

# आपसी एकता और प्रेम को बढ़ावा देते हैं सामाजिक कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। लाइट एण्ड साउण्ड वेलफ़ेयर एसोसिएशन रायबरेली द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रही। कार्यक्रम के रंग-गुलाल के साथ-साथ आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया इसके बाद सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। माहौल पूरी तरह से उत्सवमय रहा और लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आनन्द लिया। मुख्य अतिथि श्री बग्गा ने कहा कि लाइट एण्ड साउण्ड वेलफ़ेयर एसोसिएशन रायबरेली द्वारा आयोजित किये गये होली-मिलन के कार्यक्रम हेतु आयोजक साधुवाद के पात्र हैं। श्री बग्गा ने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आपसी एकता और प्रेम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक के प्रतिनिधि कमल श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। लाइट एण्ड साउण्ड वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आशु श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा एसोसिएशन सदैव सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेता रहता है, आगे भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे।महामन्त्री राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि होली का त्योहार सभी गले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने का अवसर देता है। कोषाध्यक्ष रंजन चैधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों को करने से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम का सफल संचालन विनय अग्रहरि एवं उपस्थित अतिथियों का आभार ज्ञापन राकेश कक्कड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा, शिब्बू पाण्डेय, सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, मनोज गुप्ता, दिनेश पाल, राम नरेश चैधरी, विजय कुमार जैन, घनश्याम मौर्या, संतोष मौर्या, दिनेश राही समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गर्भावस्था में उच्च रक्त शर्करा विषय पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। '' (Hyperglycemia in Pregnancy) विषय पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फैकल्टी सदस्यों और रेजिडेंट डॉक्टरों को गर्भावस्था के दौरान हाइपरग्लाइसेमिया के निदान और प्रबंधन में नवीनतम अवधारणाओं से अवगत कराना था; यह विषय मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बढ़ती हुई और महत्वपूर्ण चिंता का विषय बनता जा रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक, प्रो. अमिता जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने गर्भावस्था में हाइपरग्लाइसेमिया के बढ़ते बोझ पर जोर दिया और रोगी देखभाल में सुधार के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के ज्ञान और नैदानिक ??कौशल को बढ़ाने में ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया।इस कार्यक्रम में डीन अकादमिक, प्रो नीरज कुमारी, डीन अनुसंधान, प्रो. अर्चना वर्मा, डीन परीक्षा, प्रो. प्रगति गर्ग और अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीरज कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे, जिनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा और महत्व को और बढ़ा दिया।एख्व्रक की शुरुआत प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना वर्मा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और एख्व्रक कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।वैज्ञानिक सत्रों में इस क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिए गए। लखनऊ स्थित अपोलो मेडिक्स की निदेशक, प्रो. (डॉ.) विनीता दास ने 'जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस' (गर्भावस्थाकालीन मधुमेह) के प्रबंधन पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया, जिसमें आहार संबंधी और औषधीय, दोनों ही दृष्टिकोणों को शामिल किया गया। लखनऊ के KGMU से प्रो. स्मृति अग्रवाल ने गर्भावस्था के दौरान मधुमेह के निदान पर चर्चा की और समय पर पहचान तथा प्रबंधन के लिए शीघ्र जांच (स्क्रीनिंग) के महत्व पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, एक रोचक 'केस-आधारित चर्चा सत्र' (Case-based discussion) भी आयोजित किया गया, जिसका मुख्य केंद्र-बिंदु गर्भावस्था के दौरान जटिल मधुमेह के मामलों का प्रबंधन था।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/25/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं जैसे ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, घोषणा आदि के प्रावधान और सुधार का दूरसंचार कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु.1,75,82,504.75/– |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.3,51,700.00/– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.04.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

- ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तों निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेंमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106–टेली/टेंडर/25/2025–26 दिनांक : 18.03.2026 941/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नवरात्रि के मद्देनजर माननीय महापौर का सुबह–सुबह औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

❐ मंदिरों, चौराहों, नालों और सार्वजनिक स्थलों का लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छ शहर पर विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। नवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर की स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने गुरुवार सुबह 07 बजे नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के साथ विभिन्न जोनों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान शहर के प्रमुख चौराहों, मंदिरों, नालों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बर्लिंग्टन चौराहे से निरीक्षण की शुरुआत

निरीक्षण की शुरुआत जोन-1 स्थित बर्लिंग्टन चौराहे से की गई, जहां महापौर ने विशेष सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य मार्गों की नियमित साफ-सफाई, सुबह के समय कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा त्योहारों के दौरान अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम के कई अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के समय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और शहर स्वच्छ व व्यवस्थित दिखाई देना चाहिए।

## ज्वाला जी मंदिर पर विशेष सफाई व्यवस्था के निर्देश

इसके पश्चात जोन-8 के बार बिरवा स्थित ज्वाला जी मंदिर के बाहर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। महापौर ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार, जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह तथा जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री जितेंद्र गांधी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन, श्रद्धालुओं से लिया फीडबैक

इसी क्रम में बंगला बाजार स्थित चंद्रिका देवी मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया गया। महापौर ने मंदिर में पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और वहां उपस्थित श्रद्धालुओं एवं पुजारियों से सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में स्वच्छता, पेयजल और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए, जिससे श्रद्धालु स्वच्छ वातावरण में दर्शन कर सकें। महापौर ने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

## भद्रुक क्षेत्र में नालियों और रोड स्वीपिंग पर जोर

निरीक्षण के दौरान भद्रुक क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नालियों की नियमित सफाई और रोड स्वीपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में जलभराव एवं गंदगी की समस्या उत्पन्न न हो।

## नाले की निकासी और अतिक्रमण हटाने के निर्देश

इसके अलावा त्यागी विहार से गुजर रहे नाले की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि एलडीए के अंतर्गत आने वाले इस नाले की निकासी व्यवस्था एवं ढलान को ठीक कराने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे जल निकासी सुचारु रूप से हो सके। साथ ही बंगला बाजार चौराहे के निकट स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां अतिक्रमण पाए जाने पर उसे तत्काल हटाने के कड़े निर्देश दिए गए।

# अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा एसडीएम की छापेमारी में जेसीबी समेत दो डंपर सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



नगराम, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन के खेल पर गुरुवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सख्त संदेश दिया। मोहनलालगंज के एसडीएम पवन पटेल और जिला खनन अधिकारी की संयुक्त टीम ने नगराम थाना क्षेत्र के भौरा खुर्द गांव में छापेमारी कर अवैध मिट्टी खनन का भंडाफोड़ किया।

मिली जानकारी के अनुसार भौरा खुर्द गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर नियमों को दरकिनार कर लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। स्थानीय स्तर पर इसकी शिकायतें काफी समय से मिल रही थीं। शिकायतों की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया।गुरुवार को जैसे ही एसडीएम पवन पटेल के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची, वहां अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर अवैध रूप से खनन कार्य होता पाया गया। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन और दो डंपरों को जब्त कर सीज कर दिया। एसडीएम पवन पटेल ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति या निर्धारित क्षेत्र से बाहर खनन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों को नगराम पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत करते हुए नियमित निगरानी की मांग की है।

# पांडवों ने भी पखारे थे मां चंद्रिका देवी के पांव

❐ लक्ष्मण पुत्र चन्द्रकेतु के आवाह्न पर ज्योति रूप में प्रगट हुई थी मां चंद्रिकाआमवस्या व नवरात्रों में दर्शनों को आते हैं लाखों भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बख्शी का तालाब,लखनऊ। आदि गंगा गोमती के पावन तट पर युगों से विराजमान माँ चंद्रिका का पावन धाम भक्तों के कष्टों को दूर कर रहा है।दूर दराज से लाखों की संख्या में यहां आकर श्राद्धालुओं ने अपनी मुराद मांगी है।जिनके पूरे होने पर मां के दर्शनों को बारंबार आकर अपने को धन्य कर रहे हैं।प्रत्येक आमवस्या व नवरात्रों में यहां देश प्रदेश के लाखों की संख्या में श्राद्धालु आते हैं।

बख्शी का तालाब से सीतापुर हाइवे से करीब 11 किलोमीटर की दूरी पर कठवारा गांव के समीप तीन ओर से आदि गंगा गोमती से घिरा टापू पर पावन माँ चंद्रिका देवी का मंदिर है।जब भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अस्वमेघ यज्ञ किया था।तो यज्ञ का घोड़ा लेकर लक्षण पुत्र चन्द्रकेतु उत्तर की ओर जा रहे थे।जब वह कटकवासा (कठवारा)के समीप पहुंचे तब तक रात घिर आई थी।सेना ने वहीं जंगल में विश्राम करने का निर्णय लिया।वह काली अंधियारी रात्रि बहुत ही घनघोर थी जिससे चन्द्रकेतु को घने जंगल में भय लगने लगा।

उन्होंने अपनी माता उर्मिला के द्वारा बताये मंत्र का जाप किया।उसी समय माँ ज्योति रूप में प्रगट हुई पूरा जंगल प्रकाश मय हो गया।सुबह चन्द्रकेतु ने सरोवर के जल में स्नान कर नीम की खोह में विराजी मां का पूजन कर आगे अपनी मंजिल पर निकल गये।स्कंद पुराण में भी उल्लेख मिलता है कि अज्ञातवास के दौरान जब पांडव द्रोपदी सहित जा रहे थे।तब प्यास लगने पर सरोवर का पानी पीने भीम गये उसी समय सरोवर की रक्षा कर रहे बर्बरीक से उनका युद्ध हुआ।जिसे नारद मुनि ने रोंका और बर्बरीक को बताया कि वह भीम का ही पौत्र है।महराज दक्ष के श्राप से चंद्रमा के क्षय रोग से मुक्ति भी इसी कुंड में नहाने से मिली थी।वर्तमान में मां चंद्रिका की ख्याति पूरे देश में फैली है यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या भक्त दर्शन करने आते हैं प्रत्येक आमवस्या व नवरात्रि पर लाखों की संख्या में भक्त दर्शन करने को आते है। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन लाखों भक्तों ने अपना मत्था टेका वहीं मंदिर कमेटी के सदस्य राजेश सिंह चौहान ने बताया कि मंदिर में दर्शन करने के लिए महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग कतारें लगाई जाती हैं।मेला कमेटी के हम सभी स्वयंसेवक सहित पुरूष व महिला पुलिस भी तैनात रहती है।चंद्रिका देवी मेला विकास समिति के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया मेला परिसर का विकास भक्तों के द्वारा दिये गए दान के अलावा पर्यटन विभाग की देखरेख में विकास निरंतर जारी है।

# काकोरी के नरौना गाँव मे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के रात में बना दी बाउंड्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ। सदर तहसील अंतर्गत काकोरी थाना क्षेत्र के नरौना गॉव में स्थित द्वारिकापुरी के बगल में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है।शोशल मीडिया पर मामला वायरल होने पर तहसील प्रशासन ने संज्ञान लिया।

लखनऊ सदर तहसील के अंतर्गत काकोरी थाना क्षेत्र के नरौना गॉव में काकोरी रोड पर स्थित द्वारिकापुरी कालोनी के बगल में स्थित सरकारी जमीन पर बीती रात को कब्जा कर पक्की ईंट से बाउंड्रीवाल बना दिया।आरोप है कि स्थानीय लेखपाल की मिलीभगत से नगर निगम के अंतर्गत नरौना गाँव की खसरा संख्या 517 पर रातों रात एक सपा नेता के करीबी ने करोड़ों की जमीन पर पक्का निर्माण कर कब्जा कर लिया।अवैध कब्जा हुई जमीन की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है।इस सम्बंध में क्षेत्रीय लेखपाल डॉली शुक्ला ने गोलमोल जवाब दिया।राजस्व निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि शोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है।कार्यवाही के लिए तीन सदस्यीय लेखपालों की टीम बनाई गई है।शुक्रवार को पैमाइश में यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो तत्काल सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी सदर का पक्ष जानने के लिए कई बार उनके सीयूजी मोबाइल नम्बर पर फोन किया गया,लेकिन उन्होंने अपना फोन रिसीव नहीं किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन




**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अयोध्या रोड स्थित विजडम वे प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज चिनहट लखनऊ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर नंदपुर स्थित एन डब्ल्यू पी इंटर कॉलेज में चल रहा था, जिसमें स्वयं सेवकों ने समाज सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने व साफ सफाई के कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे लोगों ने बहुत सराहा,सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एन डब्ल्यू पी इंटर कॉलेज के प्रबंधक, प्रिंस विश्वकर्मा, अंग्रेजी प्रवक्ता मोहम्मद अजीज खान, विज्ञान के प्रवक्ता सोनू यादव व अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। समापन पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने प्रतिभाग किया।अंत में कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार द्विवेदी ने सभी बच्चों को संबोधित किया।

## नवरात्र व ईद से पहले निगोहां में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महापर्व नवरात्र और ईद को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को निगोहां थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। फ्लैग मार्च निगोहां कस्बे के नगराम मोड़, भगवानपुर, बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा। पुलिस ने आमजन को शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। साथ ही हाईवे किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए सख्त चेतावनी भी दी गई। थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके में दुलरमऊ गांव के पास किसान पथ पर एक बाइक सवार युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ट्रामा भेजा जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक जनपद कानपुर देहात के अकबरपुर के रहने वाले राज नारायण (35) किसी काम से किसान पथ के रास्ते चिनहट जा रहे थे। गलती से वह उल्टी दिशा में जा रहे थे। दुलारमऊ गांव के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी गोसाईंगंज ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छान बीन के दौरान उसके पास मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई। जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## होली पर युवती से छेड़छाड़, पुलिस की टालमटोल पर उठे सवाल, डीसीपी के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होली के दिन युवती के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मोहनलालगंज क्षेत्र निवासिनी पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई तब हुई, जब मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा और डीसीपी के हस्तक्षेप के बाद मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के अनुसार 4 मार्च को होली के दिन रास्ते में 4–5 नशे में धुत युवकों ने उसे पकड़कर रंग लगाने के बहाने अश्लील हरकतें कीं। आरोप है कि एक युवक ने बाल पकड़कर रोका, जबकि दूसरे ने खुद को किशन यादव बताते हुए जान से मारने की धमकी दी।? घटना के बाद पीड़िता ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करने के बजाय उसे टालती रही। बाद में मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचने पर डीसीपी निपुण अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले में एसीपी विकास पांडेय ने बताया कि जांच शुरू है, आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना से क्षेत्र में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस शुरुआत में ही सक्रिय होती तो पीड़िता को भटकना नहीं पड़ता। अब सबकी नजर आरोपियों पर होने वाली कार्रवाई पर टिकी है।

# मड़ियांव में पीसीटीएस का उद्घाटन, लखनऊ की कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मिलेगा नया बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मड़ियांव (फैजुल्लागंज), जोन 03 में स्थापित पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्षद प्रदीप शुक्ला, जोनल अधिकारी जोन-3 मनोज कुमार यादव, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन, एस.के. वर्मा तथा मंच संचालिका शालिनी अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह के दौरान महापौर ने स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के महत्व पर विशेष बल देते हुए नागरिकों से अपील की कि वे गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन के प्रयासों से संभव नहीं है, इसके लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि सभी नागरिक जिम्मेदारी निभाएं, तो आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।ङ्कनगर निगम द्वारा यह परियोजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसके तहत लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. को शहर के पांच जोनों–जोन-01, 03, 04, 06 एवं 07–में अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं का कार्य सौंपा गया है। इसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सेकेंडरी कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन, सड़क और गलियों की सफाई, नालियों की सफाई तथा कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था शामिल है।

# काकोरी थाना क्षेत्र में दो जगह लूटपाट दोनों के सिर पर वार करके दिया घटना को अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी, लखनऊ। की काकोरी पुलिस की नाक में दम करने वाले लुटेरों दो जगह लूट की घटना करके क्षेत्र में दहसत फैला दिया है। काकोरी कोतवाली क्षेत्र ग्राम मौन्दा रोड पर भारत पेट्रोल पंप के पास रात करीब 10:30 बजे मनोज रावत पुत्र पप्पू रावत निवासी ग्राम मौन्दा थाना काकोरी अपनी मोटर साईकिल स्प्लेंडर प्लस ठ्ठ 32 गड 2814 से अपने घर वापस आ रहा था तभी पेट्रोल पंप के पास रुककर लघु शंका के लिए गाड़ी रोकी तभी पीछे से तीन अज्ञात लूटेरे बदमाश आकर रुके और मनोज से माचिस मांगने के बहाने छीनाझपटी करने लगे पीड़ित मनोज के अनुसार विरोध करने पर एक बदमाश ने अचानक सिर पर भारी हथियार से हमला कर दिया।

जिसके बाद बेहोश होकर गिर पड़ा और बदमाशों ने मोटरसाइकिल व पर्स व नगदी ,मोबाइल फोन और जेब के पैसे भी लेकर लूटेरे भाग गए। लूटेरों के हमले से मनोज के सिर पर तीन जगह गंभीर चोट आई है। राहगीरों द्वारा सूचना पाकर परिवारीजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना दिया पुलिस मौके पर पहुंची और इलाज के लिए मनोज रावत को गंभीर देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। दूसरी घटना थाना काकोरी से लगभग 2 किलोमीटर दूर हरदोई रोड रोशन मैरिज लॉन के सामने किराने की दुकान पर काम करने वाले सुमित तिवारी पुत्र स्व. शिव प्रकाश तिवारी निवासी -तहसील-मलिहाबाद, थाना-रहीमाबाद, ग्राम अटेर अपनी मोटरसाइकिल (UP-32KT6754) HF DELUX से ब्रस्पतिवार को ग्रुप डी की परीक्षा देने के लिए बुधवार को घर जा रहा था कि रास्ते में स्वेटर पहनने के लिए बाइक रोकी तभी पीछे हरदोई रोड कुसमौरा मोड़ के सामने रात 10 बजे रुककर ठंडी हवा लगने से गाड़ी से स्वेटर निकालकर पहनने के लिए रुका था कि मोटरसाइकिल रुकते ही पीछे से 4 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार चार बदमाश आकर रुके और सुमित के साथ लूटपाट करने लगे विरोध पर किसी भारी हथियार से सिर पर वार करके लहूलुहान कर दिया और रोड के किनारे डालकर मोटरसाइकिल बैग में मार्कसीट सहित अन्य कागजात, पोको कम्पनी का फोन को लेकर बदमाश मलिहाबाद की तरफ भाग गए। पीड़ित ने बताया कि होश आने पर काकोरी थाने पर शिकायत करने आया तो शिकायत लेकर मेडिकल के लिए भेज दिया गया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि दोनों घटनाओं में पीड़ित की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के खुलासे के लिए टीम लगा दी गई है बहुत जल्द लूटेरे पकड़ में होंगे।

# मोहनलालगंज पुलिस का बड़ा एक्शन: गैंगस्टर गिरोह का भंडाफोड़, लीडर समेत 4 शातिर गिरफ्तार

❐ गिरफ्तार आरोपियों में गैंग लीडर कमलेश, अभिलाष उर्फ अभिलाख, बाबूराम और रामचन्दर उर्फ छोटू शामिल हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत एक सक्रिय अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, निगोहा थाना में दर्ज मुकदमा संख्या 31/2026 के तहत इस गिरोह के कुल आठ सदस्यों को चिन्हित किया गया है। बीती 18 मार्च की रात करीब 9:45 बजे पुलिस टीम ने गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हबुआ पुल के पास घेराबंदी कर चार आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में गैंग लीडर कमलेश, अभिलाष उर्फ अभिलाख, बाबूराम और रामचन्दर उर्फ छोटू शामिल हैं।पूछताछ और जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। पुलिस के मुताबिक, 24 मार्च 2025 की रात गिरोह ने भैदुआ गांव में डकैती की योजना बनाई थी। वारदात को अंजाम देने के दौरान एक मकान की छत पर आपसी विवाद में गिरोह के ही एक सदस्य को गोली लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुशील चौहान निवासी सीतापुर के रूप में हुई।गिरोह ने अपने साथी की मौत को छिपाने के लिए शव को घटनास्थल से हटाकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया, ताकि मामला हादसा लगे और पुलिस को गुमराह किया जा सके।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अप्रैल 2025 में इस गिरोह के साथ हुई एक मुठभेड़ में गैंग लीडर कमलेश और रामचन्दर उर्फ छोटू सहित चार बदमाशों के पैरों में गोली लगी थी, लेकिन इसके बावजूद ये लोग आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहे।गिरोह की कार्यप्रणाली भी बेहद शातिराना थी। वारदात से पहले ये लोग गांवों में कई दिनों तक रेकी करते थे और पकड़े जाने से बचने के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे। घटनास्थल के पास पहुंचने से पहले ये अपनी बाइकें दूर छिपा देते थे और खेतों के रास्ते पैदल पहुंचते थे।सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए गिरोह के सदस्य कम कपड़े पहनकर शरीर पर तेल लगा लेते थे और अंधेरी रातों में वारदात को अंजाम देते थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता था।मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी शातिर अपराधी हैं और लंबे समय से आपराधिक घटनाओं में सक्रिय थे। गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई है। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का नेटवर्क ध्वस्त कर दिया जाएगा और क्षेत्र में अपराध पर सख्ती से नियंत्रण किया जाएगा।एसीपी विकास पांडेय का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश जारी है।

# माँ गंगा पर टिप्पणी को लेकर सपा प्रमुख पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का तीखा प्रहार

❐ सपा प्रमुख का बयान करोड़ों हिंदुओं की आस्था और सनातन मर्यादाओं पर सीधा प्रहार है:

❐ डॉ. राजेश्वर सिंह माँ गंगा को राजनीति से दूर रखने की अपील, सपा प्रमुख के बयान पर विधायक ने जताई कड़ी आपत्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। माँ गंगा के संबंध में सपा प्रमुख द्वारा हाल ही में दिए गए बयान पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, ल्लमाँ गंगा भारत की आत्मा हैं। सनातन परंपरा में उनका स्थान केवल एक नदी का नहीं, बल्कि मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी शक्ति के रूप में है। ऐसे पवित्र विषयों को राजनीतिक बयानबाज़ी का हिस्सा बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था और सनातन मर्यादाओं पर सीधा प्रहार है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और असंवेदनशील है।ङ्कउन्होंने आगे कहा, ल्लयह वही सोच है जिसने पहले भी रामभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुँचाई, राम मंदिर का विरोध किया, और अब माँ गंगा की पवित्रता को राजनीति का साधन बनाने का प्रयास कर रही है। यह लगातार सनातन परंपराओं को कमजोर करने की मानसिकता को दर्शाता है।ङ्कविधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्पष्ट किया कि माँ गंगा किसी भी प्रकार की राजनीति का विषय नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की श्रद्धा और आस्था का आधार हैं। उन्होंने कहा, ल्लयह केवल एक बयान नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं का अपमान है। ऐसी असंवेदनशीलता समाज में विभाजन पैदा करती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।ङ्कदेशवासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा, ल्लसमय आ गया है कि हर हिंदू अपनी आस्था के सम्मान के लिए मुखर हो। देश की जनता ऐसी सोच और राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी, जो हमारी परंपराओं और आस्था का अपमान करे।ङ्कअंत में उन्होंने कहा, ल्लमाँ गंगा का सम्मान और उनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# वीएचपी, बजरंग दल ने हवन पूजन व प्रसाद वितरण कर मनाया हिंदू नववर्ष

❒ कार्यक्रम का संयोजन महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर द्वारा किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। विश्व हिंदू परिषद/ बजरंग दल शाहजीपुर महानगर ने किडजी एलिमेंट्री स्कूल में भारतीय सनातन परंपरा, संस्कृति और नवचेतना के प्रतीक नव संवत्सर विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर हिंदू नव वर्ष सामूहिक हवन पूजन व प्रसाद वितरण कर मनाया। कार्यक्रम का आयोजन महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर के संयोजन में हुआ।



इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को हिुदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर ने बताया कि यह दिवस सृष्टि के नव आरंभ, धर्म, सत्य और संस्कारों की पुर्नस्थापना का प्रतीक है। कहा कि पौराणिक मान्यता है कि ब्रह्मा जी ने इसी दिन सृष्टि का निर्माण शुरू किया था और सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत की थी। जो एक नई शुरुआत और सुख-समृद्धि का प्रतीक है। यह समय ऋतु संधि का होता है, जब सर्दी कम होती है और गर्मी की शुरुआत होती है। जिसे स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। आज ही से नवरात्रि की शुरुआत होती है। नए फूल-पत्ते आने से प्रकृति का नया चक्र शुरू होता है। इस दौरान विभाग मंत्री अशनील सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रमेश कोरी, महानगर मंत्री धर्मेंद्र, प्रचार-प्रमुख अनुभव गुप्ता, ओम गुप्ता, विभाग संयोजिका नीरा श्रीवास्तव, महानगर संयोजिका प्रतिमा यादव, सह संयोजिका सत्यभामा, महानगर सह कार्यवाह रामकुमार, सुरेश राठौर, महानगर विद्यार्थी प्रचारक रविन्द्र, सोनू सिंह, राजीव गौतम, गोविंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बिना शुद्धिकरण के गंदा पानी किसी भी हालत में गंगा में नहीं जाना चाहिए : गणेश केसरवानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । बिना शुद्धिकरण के गंदा पानी किसी भी हालत में गंगा में नहीं जाना चाहिए। यह बातें गुरुवार को रसूलाबाद स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का औचक निरीक्षण के बाद प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी ने कहीं।उन्होंने संबंधित विभागों को सभी टैपिंग प्वाइंट्स को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखने और तकनीकी खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।महापौर ने जलकल विभाग, नगर निगम, नमामि गंगे तथा गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के अधिकारियों के साथ एसटीपी परिसर और विभिन्न टैपिंग प्वाइंट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, जल निकासी, सीवेज ट्रीटमेंट प्रक्रिया और कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया गया।उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित करने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।शहर की स्वच्छता और गंगा की निर्मलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी ने गुरुवार को रसूलाबाद स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और सुधार के सख्त निर्देश दिए।महापौर ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के तहत चल रहे कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पांच आरोपी जेल से रिहा, एक की जमानत प्रक्रिया जारी

बाराबंकी। जनपद के हैदरगढ़ क्षेत्र स्थित बारा टोल प्लाजा पर हुए चर्चित विवाद मामले में जेल में बंद पांच आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रिहा कर दिया गया है। वहीं इस प्रकरण में बाद में आत्मसमर्पण करने वाले एक अन्य आरोपी की जमानत प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।मिली जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को बाराबंकी के अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला लखनऊ की ओर कार से जा रहे थे। इसी दौरान हैदरगढ़ क्षेत्र के गोतोना टोल प्लाजा पर टोल शुल्क को लेकर टोल कर्मियों और अधिवक्ता के बीच तीखा विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश के कई जिलों के अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने टोल प्लाजा पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और टोल कर्मियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। इस दौरान उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में उतरे कई प्रत्याशी भी मौके पर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने लवलेश, रवि तोमर, गोलू और विश्वजीत सहित दस अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि अधिवक्ताओं के भारी दबाव के चलते शुरूआत में आरोपियों की पैरवी के लिए कोई भी वकील सामने नहीं आ रहा था।

# साहित्यकार पदमकांत शर्मा 'प्रभात' अकादमी पुरस्कार से सम्मानित, क्षेत्र में खुशी की लहर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां, सीतापुर। साहित्यकार पदमकांत शर्मा 'प्रभात' को किया गया सम्मानित जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार, प्रखर कवि और कुशल मंच संचालक पदमकांत शर्मा 'प्रभात' को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमीया के वर्ष 2022 के प्रतिष्ठित 'अकादमी पुरस्कार' कला समीक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए चुने जाने पर क्षेत्र का गौरव बढ़ गया है। इस गौरवमयी उपलब्धि की सूचना मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक और साहित्यिक गलियारों में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया है और उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है।



प्रभात जी की इस सफलता ने न केवल उनके प्रशंसकों को गौरवान्वित किया है, बल्कि जनपद की सांस्कृतिक विरासत में भी एक नया अध्याय जोड़ दिया है। इसी क्रम में, नगर आगमन पर पंडित कन्हैयालाल गीता देवी विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार मिश्रा एवं प्रधानाचार्य आनंद कुमार मिश्रा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ और स्थानीय पत्रकारों ने पदम कांत प्रभात जी का भव्य स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। वक्ताओं ने उनके कृतित्व की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी दशकों की साहित्यिक साधना और कला साहित्य संस्कृति के प्रति समर्पण का फल है। स्वागत समारोह के दौरान पूरा वातावरण 'प्रभात' जी की उपलब्धियों के जयघोष से गुंजायमान रहा, जहाँ उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी इस सफलता को जनपद के स्नेह और आशीर्वाद को समर्पित किया।

## फर्जी बैनामा करने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने फर्जी बैनामा करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 15 सितम्बर 2025 को ददरौल क्षेत्र के आदेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर थाना सेहरमऊ दक्षिणी के गांव चांदापुर बरकतपुर निवासी अशोक कुमार, थाना कांट के गांव अकर्रा रसूलपुर निवासी प्रकाश वर्मा, गांव सफ्तयारा निवासी ब्रजेश कुमार वर्मा और थाना रोजा क्षेत्र के रेती रोड लोक बिहार कालोनी निवासी अभिनव यादव पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था के उक्त लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके उसके नुकसान पहुंचाने के लिए बेईमानीपूर्वक धोखाधड़ी करते हुए फर्जी तौर पर बैनामा कर दिया। इसी क्रम में आज थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर खिरनीबाग मैदान से उक्त मुकदमें के वांछित अभियुक्त अशोक कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त अशोक कुमार को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के एसआई सुशील कुमार के साथ कास्टेवल मोहम्मद तौफिक मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने भारत माता व श्रीराम दरबार के चित्र पर तिलक लगाकर व माल्यार्पण कराया मनाया हिंदू नववर्ष

❒ राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बसल का प्रयास है कि हिन्दू नव वर्ष चैत्र माह में ही मनाना चाहिए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आवाहन पर संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह गोल्डी के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैन्ड के सामने गोल्डी बस सर्विस पर हिंदू नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता और श्रीराम दरबार के चित्र पर तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर की गई।

संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह गोल्डी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बसल का प्रयास है कि हिन्दू नव वर्ष चैत्र माह में ही मनाना चाहिए। इस माह से नए फूल-पत्ते आने से प्रकृति का नया चक्र शुरू होता है और नवरात्रि की शुरूआत होती है। कहा कि कार्यक्रम आयोजित करने का उनका उद्देश्य है कि आज की पीढ़ी भी हिंदू नववर्ष मनाने के लिए प्रेरित हो। यही संदेश जन-जन तक पहुंचाने का एक छोटा सा प्रयास है। महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि हमारी आज की पीढी को जागरूक होना चाहिए कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। अग्रेजी नववर्ष अंग्रेजों का है। जिसे देशवासी धूमधाम से मनाते है, लेकिन हमारा नव वर्ष मुख्य रूप से चैत्र माह में ही शुरू होता है। यह आज की पीढ़ी को जरूर पता होना चाहिए और इसे पूरे देश में धूमधाम से मनाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम की अपर सहायक नगर आयुक्त संगीता कुमारी और नादर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष नरेन्द्र त्यागी सहित अंकुर गांधी, देवेश गुप्ता, आशीष वर्मा, श्याम मोहन मिश्रा, अनिल कुमार आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# नवरात्र के शुभारंभ पर शहर को बड़ी सौगात संकटा देवी–लालपुर मार्ग का हुआ शिलान्यास

❒ संकटा देवी–लालपुर मार्ग होगा चौड़ीकरण के बाद 4 लेन, शहर में जाम, दुर्घटनाओं पर लगेगी रोक

❒ विधायक योगेश वर्मा व सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधिवत पूजन कर की शुरुआत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस व नव संवत्सर के अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर शहर को विकास की बड़ी सौगात मिली। संकटा देवी से लालपुर तक मुख्य सड़क मार्ग के फोरलेन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सदर योगेश वर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया।

कार्यक्रम का सफल संयोजन लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जनपद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाएगी, बल्कि व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगी। बताया कि लंबे समय से जाम और संकरी सड़कों से परेशान लोग अब जल्द राहत महसूस करेंगे।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा, जिससे आमजन को जल्द बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। फोरलेन निर्माण के साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर रोड ओवर ब्रिज की स्वीकृति भी मिली है। इससे रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम होगा।बताते चलें कि जिले के लखीमपुर फीडर मार्ग का 3.65 किमी हिस्सा अब 4 लेन में चौड़ा किया जाएगा। यह मार्ग संकटा देवी चौराहा से शुरू होकर पीलीभीतऽबस्ती राष्ट्रीय मार्ग (गक्र730) तक जाता है और शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल है।

चौड़ीकरण से मंदिर क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों में जाम कम होगा, वहीं सैधरी बाईपास, रोडवेज बस स्टैंड और पं0 दीनदयाल इंटर कॉलेज के पास यातायात और सुरक्षित होगा। सरकार ने इसके लिए 3,161.84 लाख रुपये मंजूर किए हैं। काम का शुभारंभ आज हुआ और इसे 15 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने इसे क्षेत्रीय विकास और जीवन की सुविधा की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया और जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# जल की आस मे नहीं बुझी प्यास नैमिषारण्य क्षेत्र का हाल

❒ कही दो साल तो कही ढाई साल से चल रहा पानी की टंकी का निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैमिषारण्य, सीतापुर। लोगों की साहुलियत के लिए जल जीवन मिशन के तहत शुरु की गईहर घर जल योजना मुसीबतो के मकड़जाल में फंस गई है कही ढाईतो किसी गाँव मे दो साल से पानी की टंकी का निर्माण अटका है।

स्वच्छ जल मिलना तो दूर पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए रास्तों पर आवागमन दुश्वार हो गया है विकास खण्ड मिश्रिख क्षेत्र के ज्यादातर गाँवों मे हर घर जल योजना अंधर मे है बन्द कमरो मे बैठकर इस योजना को कागजों मे दौड़ने वालों अफसरों ने मौके तक जाना भी जरूरी नही समझा ठेकेदारों के भरोसे मिशन रास्ते से भटक गया हैयोजना के काम के नाम पर गाँवो के प्रमुख रास्तो को खोद डाला गया है पाइप लाइन बिछी या नही न यह देखने वाला कोई है और न खोदे गए रास्तो की मरम्मत का सवाल उठाने वाला इस योजना ने हर दूसरे गाँव की तस्वीर बिगाड़ दी है पानी मिलना सपना हैसुविधा कम परेशानी ज्यादा मिश्रिख ब्लाक की ग्राम पंचायतभैरमपुर मे दो साल पूर्व ओवरहेडटैंक का निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का शुरू हुआ था जो अभी तक अधूरा है



## नैमिषारण्य में पीस कमेटी की बैठक, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**नैमिषारण्य, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ईद, नवरात्रि और रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार शाम नैमिषारण्य थाना में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र के सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रधान शामिल हुए।*शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील*क्षेत्राधिकार विशाल गुप्ता ने कहा कि सभी लोग अपने–अपने क्षेत्रों में शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें और तेज आवाज में ध्वनि न बजाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी।*अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई*उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, उपद्रव करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।



## ग्राम प्रधान और सचिव पर फर्जी भुगतान का लगा आरोप

**लहरपुर,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत अकैचनपुर टप्पा मैं सरकार के द्वारा हस्तानांतरित की जा रही धनराशि से गांव के सौंदर्यीकरण व गांव की गलियों को चाकचौबंद हेतु करोड़ों रुपए आवंटित करती है ।लेकिन गांव के जिम्मेदार प्रधान व सचिव घपला बाजी करने में कतई चूकते नहीं है सचिव प्रधान के खिलाफ फर्जी फॉर्म बनाई गई है ।वहीं प्रधान के द्वारा अपने बेटे के नाम पर लाखों रुपए का फर्जी भुगतान कराया गया है इस घपले बाजी का खेल वर्ष 2021 व 2022 के मध्य का है ।उक्त लोगों ने बताया कि प्रधान सचिव व उनके बेटे द्वारा 52 लाख 13408 रुपए के भुगतान में लाखों रुपए भेजे जा चुके हैं ।इस फर्जी फॉर्म के मालिक हाजी रफीक ट्रेडर्स के नाम पर संचालित है। फर्जी बिल बनाकर भुगतान प्रधान पुत्तन खान सचिव के द्वारा हड़प लिया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच के लिए लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। वही जब इस मामले में खंड विकास अधिकारी लहरपुर से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया की जांच टीम गठित कर दी गई है ।और जांच के बाद जो भी सबूत मिलते हैं उसके आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी अब देखना यह है कि प्रधान पुत्तन खान,एडियो पंचायत व सचिव के द्वारा मिलकर विकास कार्यों की धनराशि का जो दुरुपयोग किया गया है यह बहुत बड़े पैमाने पर घोटाले बाजी की गई है लेकिन देखना यह है। कि क्या कार्रवाई की जाती है यह एक गंभीर जांच का विषय बना हुआ है।

## नगर पालिका अध्यक्ष व सभासद ने कया सीसी रोड का निरीक्षण

**लखीमपुर, खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद द्वारा संकटा देवी मंदिर के पीछे से बैंड मार्केट तक निर्मित सीसी रोड का आज नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं वार्ड सभासद कुमदेश शंकर शुक्ला द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे पाए गए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जेई (सिविल) को निर्देशित किया कि सड़क का पुनः उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराया जाए।अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।



## तमंचा– कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना रोजा पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मठिया कॉलोनी से बाडीगांव को जाने वाले कच्चे रास्ते पर भट्टा के पास से तमंचा–कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना रोजा क्षेत्र के गांव रामापुर बरकतपुर का रहने वाला राजवीर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त राजवीर सिंह के खिलाफ धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह, हेड कास्टेवल विनोद कुमार, कास्टेवल अंकित कुमार मौजूद रहे।

# नव निर्माण के नौ वर्ष: मेले में युवाओं को मिली स्वरोजगार और उद्योग योजनाओं की जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर कलेक्ट्रेट में आयोजित 09 दिवसीय मेले और प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद से आये आम जनमानस को प्रदान की गयी। एडीएम (न्यायिक) ने कहा कि सरकार की यह पहल जिले के आर्थिक विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदर्शनी में विभिन्न स्टालों पर युवाओं को योजनाओं का लाभ उठाने के तरीके, आवेदन प्रक्रिया और प्रशिक्षण संबंधित जानकारी दी गई। युवा इस जानकारी का लाभ लेकर अपने रोजगार और व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। यह मेला और प्रदर्शनी नव निर्माण की उपलब्धियों और विकास योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम साबित हुआ।उपायुक्त उद्योग रूपेश कुमार आनंद ने कहा कि कि सीएम युवा उद्यमी योजना, सीएम युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी , विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जुड़ी जानकारी प्रदान की गयी। लगभग 200 से अधिक युवा और युवतियां प्रदर्शनी में शामिल हुए और उन्होंने योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। युवाओं ने कहा कि इस तरह की पहल उन्हें न केवल स्वरोजगार के विकल्पों से अवगत कराती है बल्कि नई सोच और उद्यमिता की प्रेरणा भी देती है।



# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर हुई बैठक

❒ 01 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलाए जाने को लेकर विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने कहा कि जनपद में 01 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान से पहले रोस्टर बनाकर गांवों की साफ- सफाई करना सुनिश्चित करें। गांवों के प्रमुख मार्गो पर पानी बहता एवं कीचड़ नजर नहीं आना चाहिए। गांव की आबादी से लगे तालाब में जला हुआ मोबिल ऑयल डलवाया जाए। गांवों में रोस्टर बनाकर फागिंग करना शुरू कर दिया जाए। गांव के उथले हैंड पंपों को सही कराया जाए। डीएम ने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों की तरह नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी साफ- सफाई करना सुनिश्चित करें। डीएम ने आयुष्मान कार्ड बनने की प्रगति धीमी होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्ड बनने की प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अवधेश राम एवं जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# अखिल भारतीय संस्था कलाओं के लिए समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता


संभल । श्री रामकृष्ण ( पप्पूसेठ ) की धर्मशाला बिसौली गेट पर संस्कार भारती जिला सम्भल द्वारा भरतमुनी जयन्ती एवं होलिकोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लघु नाटिका, गीत, संगीत व कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया । श्रोता देर रात तक कार्यकम का आनन्द लेते रहें। उक्त कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रजज्वलित एवं पुष्पाअर्चनअतिथियों एवं प्रान्तीय पदाधिकारी व कवियों द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की महमोहक प्रस्तुति पाखी वार्ष्णेय व ध्येय गीत रितु वार्ष्णेय द्वारा दी गयी । कार्यकम की अध्यक्षता वैद्य बजनन्दन शर्मा जिलाध्यक्ष संस्कार भारती ने की व समापन पर सभी का आभार प्रकट किया ।

संचालन जिला महामंत्री अशोक कुमार एवं डाध जयशंकर दुबे नेसंयुक्त रूप से किया । मुख्य अतिथि श्री अंकुर अग्रवाल (न. अध्यक्ष भा. ज. पा. )एवं अर्चित अग्रवाल ( समाजसेबी ,पूर्व सभासद ) रहे । अतिथियों ,कवियों ,कलाकारों एवं गणमान्य नागरिकों का सम्मान प्रान्तीय पदाधिकारी द्वारा किया गया । प्रान्तीय पदाधिकारी का सम्मान जिलाकार्यकरिणी द्वारा किया गया । कार्यकम में लघुनाटक प्रहलाद राय एवं हीरालाल द्वारा दी गई । कवि सम्मेलन में डाध जयशंकर दुबे,शांतिदेवीराणा ,अतुलकुमारशर्मा ,सुखवीरपाल गौर ,रमेश चंद अधीर ,अशोक कृष्णम ,प्रदीप दीप ,ज्ञानप्रकाश उपाधियाय आदि ने काव्यापाठ की मनमोहक प्रस्तुति दी । मुख्य अतिथि अंकुर अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में पंच परिवर्तन के आधार पर भारत को विश्व गुरु बनाने की बात की अर्चित अग्रवाल ने कहा कि संस्कार भारती नए कलाकारों को मंच देने का कार्य करती है । राम किशोर मिश्र (प्रान्तीय कला धरोहर टोली सदस्य )ने अतिथियों का परिचय कराया प्रवीन आर्य (प्रान्तीय सहयोगी सदस्य) ने संस्कार भारती के उद्देश्यों के बारे में बताया । सम्मानित अतिथियोंमें सुशील सक्सैना एवं प्रफुल्ल आर्य ने कहा कि संस्कार भारती समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी जागरण, कुटम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य के आधार पर कार्यक्रम का आयोजन करती है। कार्यकम की संयोजिका आशा गोस्वामी रहीं स्वागत समिति में रमेश चंद्र बोहरा ,रविद्र सक्सेना ,सौरभ कुमार थदफ ,अंकित कुमार थद ,अभिषेक शर्मा ,प्रभाकर मिश्रा ,रुचिका गुप्ता रहीं । होली कार्यकम में फूलों की होली पर गीत की प्रस्तुति नेहा अकेडेमी के बच्चों द्वारा दी गयी। इस दौरान मुकेश नंदन शर्मा, श्याम शरणभारद्वाज, हरिओमकश्यप,शरद शर्मा ,डॉ टी एस पाल ,अखिलेश सक्सेना ,सुमनेश वार्ष्णेय,तरुण नीरज (सभासद ),विनय कुमार ,जगदीशराणा ,मनोरंजनतिवारी ,आशा बिसारिया , डॉ योगेंद्र मोहन शास्त्री ,सुरेशचंदशर्मा ,के जीगुप्ता ,डॉ सुधा चौधरी ,अरुण सक्सेना ,रेनू गुप्ता ,सजनी गुप्ता ,प्राची गुप्ता ,नरेंद्र शर्मा ,परिसा अग्रवाल ,सुधीर अग्रवाल ,आदि रहे ।

अंत में वंदे मातरम गीत से कार्यक्रम का समापन किया गया नोट नवसम्वत के आगमन पर संस्कार भारती जिला सम्भल के पदाधिकारी द्वारा सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालिज व घण्टाघर पर चंदन वंदन का कार्यकम आयोजित किया गया ।

# हत्या का आरोपी अजय प्रताप सिंह का निलंबित दरोगा के साथ फोटो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**एसएसपी से मिले परिजन, विवेचना में बढ़ेंगे नाम, चर्चाओं का बाजार है, गर्म**

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह के भाई केशव का भी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक फोटो में वह कार में बैठा दिख रहा है। उसके साथ में पिस्टल है। लोग बताते हैं कि केशव प्लांट में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। ड्यूटी पर कभी कभार ही जाता था। सैजनी गांव व एचपीसीएल प्लांट के आसपास इलाके में केवल हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह का खौफ ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार का सिक्का चलता था। अजय का भाई केशव यूं तो प्लांट में गार्ड की नौकरी करता था, लेकिन जब वह किसी कार्यक्रम या रिश्तेदारी में जाता तो लग्जरी कार में बैठकर पिस्टल लगाकर ही जाता था। उसका एक फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसके फ़ेसबुक अकाउंट पर भी पिस्टल के साथ फोटो दिख रहा है। वहीं हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह को मूसाझाग थाने में तैनात दरोगा धर्मेंद्र समेत थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अफसरों का संरक्षण प्राप्त था। वहीं इस मामले में निलंबित किए गए दरोगा धर्मेंद्र का आरोपी अजय प्रताप सिंह के साथ बैठ फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि तत्कालीन एक अधिकारी ने कार्रवाई की थी, परंतु दूध से धुले हुए सफ़ेद पोश नेता उनको लाइन अटैच कर दिया था, वही इस मामले में एक बड़ी कार्रवाई हो सकती थी, निलंबित दरोगा, निलंबित थाना प्रभारी की बड़ी लापरवाही रही, वहीं क्षेत्र में चर्चा यह भी है कि निलंबित दरोगा आरोपी अजय प्रताप सिंह एक साथ घुमा-फिरा करते थे और रात को पार्टी भी करते थे, वहीं यह दरोगा शहर कोतवाली की कई पुलिस चौकियों पर रहा, खासकर तीलें पर बनी चौकी पर सबसे ज्यादा विवादित रहा। वहीं आपको बता दें कि बृहस्पतिवार को एचपीसीएल के अधिकारी का परिजनों का एसएसपी से मिलना और बंद लिफ़ाफ़े में आरोपियों के नाम देने के अलावा सभी सुबूत पुलिस के हाथ लगने के बाद आरोपी अजय प्रताप सिंह के परिवार से लेकर प्लांट में काम करने व आरोपी का साथ देने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस हत्या के मामले में आठ से दस नाम विवेचना में शामिल कर सकती है। इसको लेकर क्षेत्र में तमाम चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई ) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग डीटीएफ, बेसिक शिक्षा विभिन्न योजनाएं/ कार्यक्रम शिक्षा विभाग, के. जी. बी. वी, शिक्षा विमर्श, निपुण सम्भल , पीएम श्री को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक के अन्तर्गत कायाकल्प से संबंधित 19 अवस्थापना सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी द्वारा संतृप्तिकरण को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में 19 बिंदुओं से संबंधित कोई काम अगर संतृप्त नहीं हुआ है तो संबंधित एडीओ पंचायत एवं ग्राम सचिव का वेतन तब तक आहरित न किया जाए जब तक बिन्दु संतृप्त न हो तथा स्पष्टीकरण भी जारी करने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2023-24 फर्नीचर आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता खराब न हो यह सुनिश्चित किया जाए। एआरपी एवं एसआरजी से कहा कि वह अधोहस्ताक्षरी को सीधे स्थिति से अवगत करा सकते हैं। सीसीएल को ऐजेंडा बिन्दु में जोड़ने तथा सीसीएल किस किस को और कब कब मिली है उसकी आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आरम्भ होने वाले स्कूल चलो अभियान को लेकर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति ज्यादा कैसे हो उसकी प्लानिंग की जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों से बच्चों की सूची ली जाए जाए प्राथमिक विद्यालयों में पंजीकरण जिनका होगा। प्राइवेट स्कूलों में कौन कौन से बच्चे पढते हैं। ऐसे बच्चे जो मदरसे जाते हैं पर मूल धारा के विद्यालयों में नहीं जा रहे हैं । इनके अतिरिक्त विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन, स्मार्ट मीटर, एमडीएम, तिथि भोजन, सामुदायिक सहभागिता, जीरो पॉवर्टी, निपुण पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह तथा एआरपी, एस आर जी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## परेशान होकर युवक ने दे दी जान, एक हिरासत में, बाकी आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। कर्ज तले दबे एक युवक ने मरने से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसने आरोप लगाया है कि शहर के तीन लोगों से कुछ रुपये कर्ज लिए थे। उसका तीन गुना ब्याज देने के बाद भी रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। मंगलवार को युवक ने तंग आकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। बुधवार को इलाज के दौरान बरेली में उसकी मौत हो गई। देर रात बरेली में शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ढाक वाली ज्यारत के पास रहने वाले सोनू शर्मा (34 साल) पुत्र राजेश शर्मा मजदूरी करके अपना परिवार चलाता था। कुछ महीने पहले उसने शहर के कुछ लोगों से 50 हजार रुपये कर्ज लिया था। आरोप है कि कर्ज से तीन गुना ब्याज वह दे चुका है। इसके बाद भी आरोपी एक लाख रुपये की मांग कर उसको प्रताड़ित करते आ रहे थे।

आरोप है कि युवक को तीन लोगों ने आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। परेशान होकर उसने मंगलवार को विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे पहले उसने होशोहवास में एक वीडियो बनाया, जिसे विषाक्त खाने से पहले उसने सोशल साइड पर वायरल कर दिया। इसमें साफ सुनाई दे रहा है कि उसको इतना परेशान किया जा रहा था कि वह अब आत्महत्या कर रहा है। कहा कि एसएसपी महोदया इस मामले में आप कार्रवाई करना। युवक पटरी पर फड़ लगाकर सब्जी बेचता था, जिससे उसके पूरे परिवार का पालन पोषण चल रहा था। उसकी मौत से परिवार दुखी है। परिवार के सामने पेट भरने का संकट खड़ा हो गया है। निजी अस्पताल में मौत के बाद बरेली पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद परिवार के लोग बुधवार रात करीब नौ बजे शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। वहीं सिविल लाइन पुलिस वीडियो आधार मानते हुए मुकदमा पंजीकृत कर दिया है, वहीं आगे की कार्रवाई की जा रही है। सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है,बाकी अन्य शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### ईद के अवसर पर नगर क्षेत्र में रहेगी पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधिषासी अधिकारी नगर पालिका प्रमिता सिंह ने बताया कि चन्द्रदर्शन के अनुसार ईदुलफित्र का त्यौहार 20 अथवा 21 मार्च 2025 को मनाया जाना सम्भावित है। विगत वर्षों की भांति मस्जिदों/इबादतगाहों के आसपास समुचित सफाई व्यवस्था एंव नगर क्षेत्र में समुचित जलापूर्ति की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा सुनिश्चित करायी जानी है। विशेष रूप से नगर क्षेत्र की मस्जिदों/ईबादतगाहों के आस-पास तथा सम्पर्क मार्गो पर नालियों से गन्दे पानी की समुचित निकासी तथा कुडा निस्तारण की व्यवस्था व क्लोरीनेटेड पेयजलापूर्ति के साथ-साथ मार्ग प्रकाश की देखरेख, प्रतिबन्धित स्वच्छन्द जानवरों के विचरण पर रोकथाम हेतु निम्नविवरण के अनुसार पूर्व वर्षो की भांति कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। समस्त कर्मचारी अपने-अपने पर्यवेक्षण क्षेत्र में अलविदा की नमाज व ईदुलफित्र त्यौहार के अवसर पर समुचित सफाई, विशेष रूप से गन्दे पानी की निकासी, क्लोरीनेटेड जलापूर्ति, मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिये उत्तरदायी होंगे। सम्बंधित कर्मचारी नगर क्षेत्र की समस्त मस्जिदों/ईबादतगाहों के आस-पास तथा सम्पर्क मार्गो पर कूड़े के ढेर का तत्काल निस्तारण, स्वछन्द जानवरों के विचरण की रोकथाम तथा समुचित चूनाकारी कराना सुनिश्चित करायेगे। वर्क सुपरवाइजर जामा मस्जिद काजीपुरा, ईदगाह सलारगंज, ईदगाह दरगाह शरीफ के आस-पास खाली भूमि की दरेसी, मार्गों के सुदृढीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करायेंगे। उक्त कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

मीरजापुर । विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत टोल प्लाजा के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। गोपालपुर मडगुड़ा गांव निवासी 22 वर्षीय पिंटू बिंद विगत दो वर्षों से झझरिया कंपनी, सीताकुंड नई रेल पटरी निर्माण कार्य में सुपरवाइजर के पद पर तैनात था। बुधवार रात ड्यूटी समाप्त कर वह अपने मित्र अशोक (निवासी छत्तीसगढ़) के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों अष्टभुजा टोल प्लाजा के पास पहुंचे, पीछे से प्रयागराज की ओर से आ रही सरकारी रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। चालक बस छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों और परिजन की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था । लेकिन रास्ते में ही पिंटू बिंद ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अशोक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही अष्टभुजा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया। चालक घटना के बाद फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल अविनाश प्रकाश राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के पिता राजकुमार बिंद की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है।

### इसवा संस्था ने कराया रोज़ा इफ़्तार

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंटेलेक्चुअल सोशल वेलफ़ेयर एसोसिएशन यूनिट की ओर से सर सैय्यद पैरा मेडिकल कॉलेज, बदायूं में एक भव्य रोज़ा इफ्तार एवं ज़कात वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग तीन सौ डॉक्टरों, समाजसेवियों एवं संभ्रांत नागरिकों ने शिरकत कर सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। वहीं बड़ी संख्या में ज़रूरतमंदों को इफ्तार कराया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन, साइकिल एवं ठेला राशन किट वितरित की गईं। यह पहल संस्था के उस विज़न को दर्शाती है, जिसमें सहायता को स्थायी आजीविका से जोड़ने पर विशेष बल दिया जाता है। संस्था के अध्यक्ष डॉ अय्यूब अंसारी बरेली ने अपने संबोधन में कहा कि ल्लरमज़ान का पाक महीना इंसानियत, हमदर्दी और खिदमत-ए-ख़ल्क़ का पैग़ाम देता है। ज़रूरतमंदों को केवल तात्कालिक मदद ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर सम्मानजनक जीवन की राह पर आगे बढ़ाया जाए। इस अवसर पर इलेक्ट प्रेसिडेंट डॉ गयासुर्रहमान एवं डॉ आमिर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सपा सांसद धर्मेंद्र यादव को राहत, एमपी-एमएलए कोर्ट ने आचार संहिता उल्लंघन मामले में किया बरी

**बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आजमगढ़ के सपा सांसद धर्मेंद्र यादव को बड़ी राहत मिली है। एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बरी कर दिया है। आजमगढ़ के सपा सांसद धर्मेंद्र यादव को आचार संहिता उल्लंघन मामले में बदायूं के एमपी-एमएलए कोर्ट ने बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। मामले की सुनवाई एक दिन पहले पूरी हो चुकी थी। फैसले के दिन सांसद धर्मेंद्र यादव भी कोर्ट में मौजूद रहे। सपा सांसद ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। यह मामला 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान का था। तत्कालीन सदर एसडीएम सुखलाल प्रसाद वर्मा ने सिविल लाइंस थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि चुनाव के दौरान शहर के एक लॉन में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को बुलाया गया। यहां लालच देकर वोट खरीदने की कोशिश की गई। इस मामले में धर्मेंद्र यादव के साथ 28 अन्य लोगों के खिलाफ भी पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। हालांकि, जून 2024 में उन्हें इसी मामले से बरी कर दिया गया था। धर्मेंद्र यादव पर आचार संहिता उल्लंघन के साथ-साथ कोविड अधिनियम और आपदा प्रबंधन अधिनियम की धाराएं लगाई गई थीं।

### ब्रह्म शक्ति पंचांग का विमोचन समारोह

**सम्भल कैनविज टाइम्स संवाददाता** । स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा नव संवत्सर 2083 के आगमन पर संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में ब्रह्म शक्ति पंचांग का विमोचन समारोह पूर्वक किया गया। इस अवसर पर सभी आगंतुकों को चंदन लगाकर वंदन किया गया। पंचांग का विमोचन डॉ राजीव लोचन शर्मा ,डॉक्टर हरविंदर सिंह ,डॉक्टर सतीश शर्मा ,डॉक्टर रमाकांत नागर ,एवं डॉक्टर वाई पी जोशी द्वारा किया गया। तदोपरांत श्री के जी शर्मा ने समस्त महानुभावों को नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रें की शुभकामनाएं प्रेषित की। विमोचन समारोह में सर्वश्री रमेश चंद्र शर्मा, रवि शंकर शर्मा, जे एन मिश्रा , आलोक दुबे,के जी शर्मा, अशोक पाठक ,राजीव शर्मा, सौरभ मिश्रा, डॉक्टर गौरव मिश्रा ,योगेंद्र कुमार शर्मा, रमेश ग्रेवाल ,राजेश शंखधार र ,विशाल शर्मा, मनोज शर्मा, सर्वेश गुप्ता ,सुनील गुप्ता, कल्पना वार्ष्णेय, उमा श्रीवास्तव, बृजनंदन शर्मा, राकेश चौबे ,अनुपम शर्मा, कपिल शर्मा, सचिन शर्मा, अनिल शर्मा, बृजेश वार्ष्णेय, ब्जिेंद्र शर्मा, सुदर्शन वार्ष्णेय, रामकिशन अग्रवाल, ताराचंद शर्मा ,विवेक मिश्रा, शरद शर्मा, डॉक्टर उमेश चंद शर्मा, सुनील शर्मा, शिव ओम जिंदल ,अजय सक्सेना ,राजू शर्मा ,अनिल शर्मा संजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा सच्चिदानंद शर्मा ,मयंक, आदि महानुभाव उपस्थित हुए। विमोचन के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया

## 25 मार्च तक भुगतान हेतु कोषागार में बिल प्रस्तुत करें सभी डीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि प्रदेश सरकार ने कोषागारों में ई-कुबेर लागू होने के फलस्वरूप आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2013-14 से कोषागारों में समस्त भुगतान ई-पेंमेन्ट के माध्यम से किये जा रहे हैं एवं वर्तमान में कोषागारों द्वारा किसी भी भुगतान हेतु चेक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली लागू है। उन्होंने जनपद के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोषागार में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बिलम्बतम 25 मार्च 2026 तक अवश्य प्रस्तुत कर दिये जायें, जिससे कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चैकिंग के बाद कोषागार द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से 31 मार्च 2026 तक भुगतान हेतु ऑथराइजेशन किया जा सके, क्योंकि 31 मार्च 2025 तक पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेन्ट द्वारा 31 मार्च 2026 को रात्रि 17:00 बजे तक ही हो पायेगा।

उन्होंने निर्देशित किया कि 31 मार्च 2026 को आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में अपरान्ह 03:00 बजे तक बिल प्रस्तुत करने होंगे। कोषागार द्वारा कोषागार द्वारा ट्रांजेक्शन अप्रूवल सांय 05:00 बजे तक करना होगा।

उन्होंने कहा कि समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को विदित है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति पर है। माह मार्च में कोषागार में बिल पारण हेतु देयको की संख्या अत्यधिक मात्रा में रहती है, जिस कारण माह के अन्तिम दिनों में ई-कुबेर (सेन्ट्रल सर्वर) पर अत्यधिक भार बढ़ जाने के कारण उसकी गति धीमी हो जाती है, जिससे देयको के समयान्तर्गत भुगतान करने में बाधा उत्पन्न होती है एवं बजट के कालातीत /व्यपगत होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि स्थिति को नियन्त्रण में रखने हेतु जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है, कि वे अपने विभाग से सम्बन्धित वित्तीय वर्ष 2025-26 में अद्यतन प्राप्त बजट के भुगतान हेतु देयक कोषागार में प्रत्येक दशा में 25 मार्च, 2026 तक अवश्य प्रस्तुत कर दें। 26 मार्च, 2025 से उन्हीं देयकों को कोषागार द्वारा स्वीकार किया जायेगा, जिनका बजट आवंटन 25 मार्च, 2026 या उसके उपरान्त प्राप्त हो। बजट लैप्स होने की दशा में सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी का पूर्णरूप से उत्तरदायित्व होगा।

## पूर्व एडीओ पंचायत के घर निजी कार्य कर रहा सफाई कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एडीओ पंचायत की मेहरबानी से निकल रहा सफाई कर्मचारी का वेतन, फरीदपुर नौसाना में तैनाती**

बदायूं। सालारपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में तैनात लगभग आधा दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी अधिकारियों और माननीयों के यहां कारगुज़ारी कर रहे हैं।

जिसकी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं कोई रसोई में खाना बना रहा है तो कोई ड्राइविंग कर रहा है । कोई आफिसों में पानी पिला रहा है लेकिन लिखित रुप में मूल तैनाती ग्राम पंचायतों में ही है लेकिन उनका मानदेय सालारपुर के एडीओ पंचायत शिवकुमार सिंह की कृपा के चलते निकल रहा है। सफाई कर्मचारी राजीव बाबू की मूल तैनाती ब्लाक सालारपुर की ग्राम पंचायत फरीदपुर नौसाना पर है लेकिन उसको पूर्व में ब्लाक में रहे एडीओ पंचायत खालिद अली ने अपने घर पर अटैच कर रखा है जहां वह उनके घर पर रहकर घरेलू कामकाज देख रहा है झाड़ू पोंछा कर रहा है एडीओ पंचायत का ट्रांसफर तो ब्लाक से हो गया लेकिन सफाई कर्मचारी आज तक उनके घर से वापस नहीं लौटा ,ग्राम पंचायत तिसंगा पर तैनात सफाई कर्मचारी फैयाज डीपीआरओ यावर अव्वास की गाड़ी दौड़ा रहा है । वहीं गांव मोहम्मदी पर तैनात सफाई कर्मचारी संतोष कुमार बिसौली पूर्व विधायक के यहां अटैच है ।ग्राम पंचायत सालारपुर पर तैनात सफाई कर्मचारी कमलेश मुख्य विकास अधिकारी के यहां अटैच है ।बरखेड़ा पर तैनात सफाई कर्मचारी सुरेश बिसौली पूर्व विधायक के यहां अटैच चल रहा है लेकिन सभी का मानदेय सालारपुर एडीओ पंचायत शिवकुमार सिंह की मेहरबानी के चलते निकल रहा है । सूत्रों के अनुसार एडीओ पंचायत शिवकुमार सिंह द्वारा हर महीने वेतन बनाने के लिए सौ प्रतिशत हाजिरी भरकर भेजकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और सफाई कर्मचारी से वेतन का कमीशन लेकर कर्माचरियों का वेतन निकाल रहे हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान फरीदपुर नौसाना शाकिब का कहना है कि हमारे द्वारा गांव पर दो सफाई कर्मचारी राजीव बाबू और अवनीश की तैनाती है लेकिन हस्ताक्षर केवल अवनीश के वेतन के लिए किए जाते हैं राजीव बाबू एडीओ पंचायत खालिद के घर पर अटैच है वह पांच वर्ष में मात्र दो महीने ही गांव आया था अब हमें नहीं पता उसका वेतन कहां से निकल रहा है।

## चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

मीरजापुर । चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन गुरूवार को मां विंध्यवासिनी दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लगभग चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन-पूजन किया। भोर तीन बजे से ही पूरे मेला क्षेत्र में ल्लजय मां विंध्यवासिनीङ्क के जयघोष गूंजने लगे और सभी प्रमुख मार्ग श्रद्धालुओं की भीड़ से पटे रहे।

मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्त नारियल, चुनरी, फूल-माला और प्रसाद लेकर लम्बी कतारों में खड़े होकर मां के दर्शन के लिए आतुर दिखे। गंगा घाटों पर भी स्नानार्थियों की भारी भीड़ रही। त्रिशक्ति पथ, त्रिदेव पथ, विंध्य पथ, गंगा पथ और गणेश पथ सहित सभी मार्गों पर सैकड़ों मीटर लंबी कतारें सुबह से शाम तक लगी रहीं। मेला की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम अजय कुमार सिंह, एएसपी नितेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार और सीओ सिटी विवेक जावला सहित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार निगानी करते रहे। हालांकि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण छाया और अन्य व्यवस्थाएं कई जगह नाकाफी साबित हुईं, जिससे लोगों को धूप में खड़ा रहना पड़ा।

दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां कालीखोह और मां अष्टभुजा के भी दर्शन किए तथा त्रिकोण परिक्रमा की। मेला क्षेत्र के सभी वाहन स्टैंड वाहनों से भरे रहे, जबकि यातायात व्यवस्था कुल मिलाकर संतोषजनक रही। पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी और मंत्री भानू पाठक अपनी टीम के साथ दर्शन व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करते दिखे। नवरात्र के पहले दिन श्रृंगार पूजन में तय समय से अधिक समय लगने के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मध्यान आरती के बाद मंदिर का कपाट निर्धारित समय से 24 मिनट देरी से, दोपहर 1:24 बजे खोला गया। बताया गया कि मंदिर निर्धारित समय से लगभग 15 मिनट देरी से बंद हुआ था, जिसके कारण खुलने में भी विलम्ब हुआ।

## कायमगंज में महिला चौकी इंचार्ज सहित दो दरोगा लाइन हाजिर

एजेंसी

फर्रुखाबाद । एसपी आरती सिंह ने गुरुवार को बड़ा फ़ेर बदल कर दिया है। कायमगंज की रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी महिला उप निरीक्षक सुधा पाल एवं उप निरीक्षक मोहित द्विवेदी को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन से उप निरीक्षक ज्ञान प्रकाश पांडे, उप निरीक्षक अंकुर भट्टी, उप निरीक्षक रामनरेश सिंह एवं उप निरीक्षक अशोक कुमार की कोतवाली कायमगंज में तैनाती की है।

उप निरीक्षक सुधा पाल पर मुकदमे की विवेचना के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप है। कोतवाली कायमगंज के ग्राम रानीपुर गौर निवासी भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उप निरीक्षक सुधा पाल ने मुकदमे की विवेचना के लिए 25 हजार मांगे, उसने मजबूरन 7 हजार रुपए उन्हें दे दिए हैं। भूपेन्द्र सिंह शिकायती पत्र भेज कर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि मेरे परिवार की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की खेत पर काम करने वाले अपने बाबा को 10 मार्च को 12 बजे दोपहर में खाना देने जा रही थी। रास्ते में ही गाँव के अर्जुन पुत्र भूरे सिंह निवासी रानीपुर गौर और उसके अन्य तीन साथी सुरजीत पुत्र नरेश सिंह व अनिल कुमार पुत्र नरेश सिंह व लालजी पुत्र जीतू उर्फ टिंकू निवासी आजमपुर थाना कम्पिल लडकी को बहला फुसलाकर भगा ले गये।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना में अभियुक्तगणों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट नम्बर-0065/2026 धारा-137 (2) बी0एन0एस0 में दर्ज की जा चुकी है। जो नाकाफी है। उपरोक्त प्रकरण की विवेचना सब-इंस्पेक्टर सुधा पाल द्वारा की जा रही है। जिन्होनें मुझसे मुकदमें में विवेचना करनें हेतु 25 हजार रूपयों की मॉग की। जिस पर मैने मजबूरीवश अपने मुकदमें में विवेचना कराने हेतु 7 हजार रूपये दे दिये। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रचलित है। अभियुक्त खुलेआम घूम रहे हैं तथा मुझे व मेरे परिवारिजन को आये दिन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। धमकी देकर कह रहे हैं कि मैने एसआई (सुधापाल) को खरीद लिया है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। जिससे मुझे व मेरे परिवारिजनों में भय व्याप्त है और डरे हुये हैं। मुझे एसआई (सुधा पाल) से निष्पक्ष न्याय की आशा नहीं रह गई है।

इस कारण विवेचना उपरोक्त एसआई से स्थानान्तरित कर किसी अन्य एसआई से कराया जाना न्याय संगत होगा। एसपी आरती सिंह ने बताया कि कायमगंज में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस लाइन से कई दरोगाओं को नियुक्ति दी गई है । वहां तैनात दो महिला सहित दो दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# गैस किल्लत से बचने के लिए दुकानदारों ने खोजा नया तरीका, डीजल भट्टियों की मांग तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ईरान-इजरायल तनाव से भारत में एलपीजी सिलेंडर की भारी कमी हो गई है, खासकर गोंडा जिले में छोटे व्यवसायी ब्लैक में ऊंचे दामों पर सि लेंडर खरीदने को मजबूर हैं।पश्चिम एशिया में ईरा न,इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे तना व ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट को हिला कर रख दिया है और इसका असर अब भारत की सड़कों और रसो ई तक पहुंच गया है। जिले मे घरेलू और खासकर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत म ची हुई है सुबह से लेकर शाम तक उपभोक्ता गैस के लिए लाइन में लगे हुए हैं,लोग घंटों लाइन में ल गकर भी सिलेंडर नहीं पा रहे जबकि ब्लैक में दो हजार तीन हजार रुपये तक कीमतें चल रही हैं इ स संकट ने छोटे-मोटे फूड बिजनेस वाले,स्ट्रीट वें डर,आइसक्रीम वाले और समोसे-चाट वाले सभी को परेशान कर दिया है, और अब इस मजबूरी का फायदा उठाते हुए एक नई मांग तेजी से उभरी है डीजल से चलने वाली भट्टियों की मार्केट में दिन-रात काम कर रहे कारीगर है।कई होटल संचालकों ने बताया कि चार-पांच दिन से एक भी सिलेंडर न हीं मिला है,होटल चलाने वाले व्यक्ति ने बताया कि मेरे काम में रोज एक से डेढ़ सिलेंडर लगता था अ ब दूध को लंबे वक्त तक उबालने का काम इंडक्श न से मुमकिन नहीं है मेरे पास जो पहले गैस सिलें डर का स्टॉक था वह भी खत्म हो चुका है सरकार कह रही है सप्लाई ठीक है लेकिन अगर ठीक है तो फिर मुझे गैस सिलेंडर क्यों नहीं मिल रहा है..? मजबूरी में डीजल भट्टी लेकर आया हूँ, बाजार में इनकी कीमत अब बढ़ गई है।जो पहले सस्ती मि लती थीं लेकिन अब डबल रेट में मिल रही हैं।एक दुकानदार ने बताया कि पहले सिर्फ नॉर्मल चूल्हे ही बिकते थे,अब तो डीजल भट्ठियों की मांग बढ़ गई है लोगों के पास कोई और चारा नहीं बचा और वे बस अपना कारोबार बचाना चाहते हैं।



### पंद्रह दिन से नहीं मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर

एक समोसे विक्रेता ने बताया कि उन्हें कमर्शियल सिलेंडर पंद्रह दिन से नहीं मिल रहा है।गोंडा जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर ब्लैक में चार से पांच ह जार का एक मिल रहा है गैस इतना महंगा हो गया है कि कारोबार बचाना मुश्किल हो गया है डीजल भट्टी के सिवा और कोई कोई विकल्प नहीं बचा है,

### पर्यावरण नियमों को ताक पर

कई लोगों ने कहा कि गोंडा में पर्यावरण नियमों के चलते डीजल भट्टियां पहले बैन जैसी थीं लेकिन अब गैस न मिलने से इन्हें अपनाने पर मजबूर हो ना पड़ रहा है एक खरीदार ने कहा कि हमें पता है ये पहले अलाउड नहीं थीं और इनकी लागत भी ज्यादा आती है लेकिन गैस का कोई दूसरा विक ल्प नहीं इसलिए लेनी पड़ रही हैं यह गैस सिलेंडर का संकट सिर्फ गोंडा तक नहीं बल्कि पूरे देश में कमर्शियल गैस की किल्लत से होटल,ढाबे और टिफिन सर्विस तक प्रभावित हो रहे हैं।

# हनी ट्रैप: कोर्ट ने खारिज की सोनल सिंह की जमानत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिला सत्र न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक गंभीर मामले में आरोपी महिला सोनल सिंह की जमानत याचिका को अपराध की गंभीरता और साक्ष्यों के आधार पर खारिज कर दिया है।मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र का है, जहां सोनल सिंह पर अपने पति अजीत सिंह के साथ मिलकर पड़ोसी युवक अभिषेक श्रीवास्तव को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। अभियोजन के अनुसार,अभिषेक ने 17 दिसंबर 2025 को अपने घर में पंखे से लटककर जान दे दी थी।घटना के समय मृतक के कमरे की दीवार पर सोनल और उसके पति के साथ हुई चैट के स्क्रीनशॉट चस्पा मिले थे और एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था।सुसाइड नोट और विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के मुताबिक, आरोपि यों ने अभिषेक के विरुद्ध एक कथित फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके कारण उसे जेल जाना पड़ा था। जेल से बाहर आने के बाद भी आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहे थे और उससे दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मृतक की बहन आस्था श्रीवास्तव ने भी पुलिस को दिए बयानों में इस मानसिक उत्पीड़न की पुष्टि की थी,पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण फांसी के कारण दम घुटना (एस्फिक्सिया) बताया गया है।सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि सोनल सिंह के दो छोटे बच्चे हैं और वह 23 दिसंबर 2025 से जेल में बंद है। उन्होंने यह भी कहा कि मृतक ने किसी दबाव में नहीं बल्कि खुद के कार्यों से क्षुब्ध होकर आत्म हत्या की है और इसमें सोनल की कोई सीधी भूमिका नहीं है।हालांकि, जिला शासकीय अधि वक्ता ने इस दलील का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों द्वारा रचे गए षड्यंत्र और आर्थिक उगाही के दबाव के कारण ही एक युवा को अपनी जान गंवानी पड़ी।सत्र न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह ने मामले के समस्त तथ्यों,सुसाइड नोट में दर्ज आरोपों और अपराध की प्रकृति को देखते हुए सोनल सिंह की जमानत अर्जी को अपर्याप्त आधार मानते हुए निरस्त करने का आदेश जारी किया।




# आईजी अमित पाठक का चला हंटर, थाना प्रभारी निरीक्षक निलंबित, दूसरे पर बैठाई जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनसुनवाई और मामलों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर आईजी अमित पाठक ने कड़ा रुख अपनाया है। देवीपाटन रेंज कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आईजी श्री पाठक ने खरगूपुर के थाना प्रभारी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं,जबकि करनैलगंज के प्रभारी निरीक्ष क के विरुद्ध प्रारंभिक जांच शुरू करा दी गई है। खरगूपुर क्षेत्र की निवासी राजेश्वरी ने शिकायत की थी कि उनकी नाबालिग पुत्री के अपहरण मामले में जेल से छूटे अभियुक्त विनय ने पीड़िता के आप त्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए थे। इस पर आईजी ने तत्काल कार्रवाई और अभियुक्त की जमानत निरस्तीकरण के निर्देश दिए थे,लेकिन सात दिन बाद भी खरगूपुर थाना प्रभारी निरक्षक शेषमणि पाण्डेय के द्वारा कोई ठोस कद म नहीं उठाया गया।आईजी अमित पाठक के द्वारा स्वयं थाने जाकर की गई समीक्षा में पाया गया कि प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय ने न तो अभियु क्त की गिरफ्तारी के लिए मुंबई टीम भेजी और न ही आपत्तिजनक सामग्री हटाने की प्रक्रिया की थी,



इस घोर लापरवाही और संवेदनशीलता की कमी पर आईजी ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को प्रभारी निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबि त करने और विभागीय कार्यवाही शुरू करने के नि र्देश दिए हैं,साथ ही संबंधित क्षेत्राधिकारी और अ पर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) से भी स्पष्टीकरण मां गा गया है,वही करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबा

बटौरा बख्तावर सिंह निवासी श्रीचंद्र तिवारी की मोटरसाइकिल चोरी होने के बावजूद प्रभारी निरी क्षक के द्वारा मामला दर्ज न करने की बात सामने आई।पीड़ित ने 21 फरवरी को ही प्रार्थना पत्र दि या था,लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने 18 मार्च को रेंज कार्यालय में गुहार लगाई।आईजी द्वारा भेजी गई जांच टीम ने पाया कि प्रभारी निरी क्षक ने न तो प्रार्थना पत्र को जनशिकायत रजिस्ट र में दर्ज किया और न ही एफआईआर दर्ज की। अपराध को छिपाने और कार्य में शिथिलता बरतने के चलते करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक के विरु द्ध भी प्रारंभिक जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# 67 दिन बाद भी गोंडा पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहे, 21 करोड़ बैंक घोटाले के आरोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कोऑपरेटिव बैंक में इक्कीस करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के मामले में तेरह आरोपी 67 दिन बाद भी गोंडा पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहे हैं सभी आरोपी मोबाइल बंद करके फरार है।गोंडा पुलिस मोबाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं निकाल पा रही है।बैंक घोटाले के मामले में सोलह आरोपी बनाए गए थे,पुलिस ने मुख्य आरोपी सहि त अब तक तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है,हालांकि पुलिस टीमें अन्य जिलों में आरो पियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रहीं हैं।पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिर फ्तार कर लिया जाएगा।लेकिन आज 67 दिन बी त गए है अभी तक तेरह आरोपी गोंडा पुलिस की पकड़ से दूर है।कोऑपरेटिव बैंक की स्टेशन रोड़ महारानीगंज शाखा में इक्कीस करोड़ सैतालीस लाख 78 हजार रुपये के बड़े घोटाले का राजफाश हुआ था।इसके बाद महाप्रबंधक की तहरीर पर सो लह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी,इस मामले में तीन तत्कालीन शाखा प्रबंधक प वन पाल,अजय कुमार और सुशील कुमार,कैशियर पवन कुमार के अलावा की खाताधारक में से गोंडा जिले क़ेएक बीजेपी विधायक क़े करीबी के नाम एफआईआर दर्ज किए गए थे।इस मामले में पुलि स ने तेजी दिखाते हुए प्रबंधक पवन पाल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही विवेचक सभाजीत सिंह मामले से संबंधित आव श्यक दस्तावेजों समेत अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच कर अन्य आरोपियों की गिर फ्तारी के लगातार प्रयास कर रहे हैं।बताया जाता है कि मामले में अन्य तेरह फरार आरोपियों ने पु लिस से बचने के लिए मोबाइल बंद कर रखा है।जिससे उनकी लोकेशन का सटीक पता नहीं च ल रहा है,मोबाइल नंबर बंद होने के कारण पुलिस को आरोपियों की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। आरोपियों का कोई पता नहीं लग रहा है ना तो इनकी लोकेशन मिल रही है जल्द ही पुलिस इन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर सकती है।






### पैसे के लेनदेन को लेकर गैंगस्टर अमित अग्रवाल व भू-माफिया अंकुर अग्रवाल में मारपीट

गोंडा । भू-माफिया और गैंगस्टर के बीच रूपये पैसों के लेनदेन को लेकर दो अपराधियों के बीच हुई भि ड़ंत ने पुलिस को सख्त कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया है,नगर कोतवाली पुलिस ने शहर के च र्चित गैंगस्टर अमित अग्रवाल और हाल ही में जेल से छूटे भूमाफिया अंकुर अग्रवाल दोनों को आप सी मारपीट और गाली-गलौज के आरोप में गिर फ्तार किया है।बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से रुपए पैसों के बकाया को लेकर विवा द चल रहा था, जिसने हाल ही में हिंसक रूप ले लिया।घटनाक्रम के अनुसार, नगर कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज निवासी गैंगस्टर अमित अग्रवाल औ र रानी बाजार निवासी अंकुर अग्रवाल के बीच पु राने लेनदेन को लेकर कहासुनी शुरू हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच खुलेआम मार पीट होने लगी।स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्का ल सक्रिय हुई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में ले लिया।पुलिस रिकॉर्ड के मुताबि क अमित अग्रवाल कोतवाली का सूचीबद्ध गैंगस्ट र है, जबकि अंकुर अग्रवाल पर जानलेवा हमले सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं और वह हाल ही में जेल से बाहर आया था।नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इन दोनों के बीच अक्सर लेनदेन को लेकर वि वाद की खबरें आती रहती थीं,लेकिन सार्वजनिक रूप से मारपीट और कानून व्यवस्था को चुनौती देने के कारण दोनों पर गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है।फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरु द्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस गिरफ्तारी को शहर में अपराधियों के बीच पनप रहे गठजोड़ और वर्च स्व की जंग पर पुलिस के कड़े प्रहार के रूप में देखा जा रहा है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संग्रहित किये गये नमूने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में नवरात्रि पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों विशेषकर व्रत में प्रयोग किये जाने वाले खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों द्वारा शहर घण्टाघर स्थित किराना मण्डी में होलसेलर खाद्य कारोबारकर्ताओं के खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही की गयी, राजितराम साहू किराना स्टोर से कुट्टू आटा, जगदीश प्रसाद दीपक कुमार किराना स्टोर से मूंगफली दाना, राम कुमार शरद कुमार किराना स्टोर से कुटू आटा का नमूना एवं पयागपुर स्थित गुप्ता जलपान गृह से पेडे का नमूना संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। नवरात्रि पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों विशेषकर व्रत में प्रयोग किये जाने वाले खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम करने के उद्देश्य से आगे भी अभियान चलाया जाता रहेगा। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अरूण शुक्ल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 विवेक कुमार वर्मा, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, आदित्व वर्मा, अजय कुमार सिंह एवं श्री कृपा शंकर द्वारा उपरोक्त कार्यवाही सम्पादित की गयी।



# गैस एजेंसी संचालकों के साथ एसडीएम नानपारा ने की बैठक

### पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति के दिये गये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । तहसील सभागार नानपारा में उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने तहसील क्षेत्र अन्तर्गत संचालित समस्त गैस एजेन्सियों के प्रबन्धकों के साथ आयोजित बैठक में दो टूक शब्दों में सचेत किया कि गैस वितरण में शासन द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन सुनिश्चित करें। गैस वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने गैस एजेन्सी संचालकों को सुझाव दिया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करें।

गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए संचालकों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक एजेंसी पर ई-केवाईसी, सिलेंडर बुकिंग तथा उपभोक्ता पूछताछ के लिए अलग-अलग काउंटर अनिवार्य रूप से बनाए जाएं, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि एजेंसी परिसर में एक स्पष्ट एवं बड़ा बैनर लगाया जाए, जिसमें नियम, सेल्स ऑफिसर का नाम, मोबाईल नम्बर, एरिया मैनेजर का नाम, मोबाइल नम्बर, टोल-फ्री नंबर तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदर्शित की जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को एक नज़र में ही सही जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि राजकीय विद्यालयों, कस्तूरबा विद्यालयों एवं अन्य शासकीय संस्थानों से प्राप्त मांग पत्र के आधार पर ऑयल कंपनी से स्वीकृति प्राप्त कर नियमानुसार गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संस्थानों में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर व नवाबगंज तथा गैस एजेंसियों के प्रबंधक एवं सहायक मौजूद रहे।



# उत्थान आडिटोरियम में लगाये गये प्रर्दशनी पण्डालों का एमएलसी ने किया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ‘उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष’ के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 18 से 26 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 09 दिवसीय समारोह के लिए आडिटोरियम परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला स्वयं सहायता समूह, जिला मिशन प्रबन्धन इकाई, ओडीओपी, चिकित्सा विभाग, गन्ना विभाग, आईसीडीएस विभाग, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये स्टालों का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं से सभी पात्र वंचितों को लाभान्वित किया जाय। श्री त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि आने वाले आमजन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। डीएम ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग स्आलों के माध्यम से आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनका पंजीकरण भी सुनिश्चित करें ताकि सभी ज़रूरतमन्द लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।



# जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद के मेधावी बच्चों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम जनपद के मेधावी विद्यार्थियों हेतु आंतरिक विज्ञान नगरी लखनऊ में संपन्न हुआ । शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने हरी झंडी देकर रवाना किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से मेरिट के आधार पर चुनकर आए मेधावी 100 बच्चों को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया , जिसमें बच्चों ने आंचलिक विज्ञान केंद्र में अंडरवाटर एक्सप्लोरेशन जिसमें मरीन पॉल्यूशन, महासागरीय अंतः स्थल के परिदृश्य, कोस्टल स्पोर्ट, वाटर स्कूबा डाइविंग, लिविंग रीफ, ओसियन एंड क्लाइमेट सबमरीन, वेव जेनरेशन, कार्बन ऑफ़ द ओसियन, नेविगेशन टूल्स , वाटर साइकिल,व लिमिट्स एंड एल्टीट्यूड तथा वॉटरी प्लेनेट के बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। बच्चों ने कैक्टस कॉर्नर, सिंपल कैमरा, अनूकंपी झूला, पेंसिल कैक्टस ,फर्स्ट टाइम लीवर, सूर्य घड़ी, न्यूटन डिस्क, नलिका, आकार व दूरी के बारे में गहराई से अध्ययन किया। नॉलेज ऑन स्फीयर शो को आंचलिक विज्ञान नगरी की होस्ट दीपाली ने अच्छे तरीके से समझाया। बच्चों ने 3व शो में जंगल सफारी कार्यक्रम को देखा तथा उसका भरपूर मनोरंजन किया। समस्त शैक्षिक भ्रमण तथा वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की देखरेख में संपादित किया गया। डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव तथा अखिलेश कुमार उपाध्याय द्वारा वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम को संपादित किया गया। भ्रमण कार्यक्रम में जिला समन्वयकम डॉ नंदकुमार शुक्ला, ततीर फातिमा, जितेंद्र वाजपेई, सत्य चरण तथा योगेश बाजपेई अध्यापक शामिल रहे।



# हिन्दू नववर्ष प्राकृतिक और सांस्कृतिक नवचेतना का प्रतीक : जितेंद्रानंद सरस्वती

**कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां,श्रोता हुए मंत्रमुग्ध**

**हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ विराट कवि सम्मेलन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में भारतीय नववर्ष आयोजन समिति द्वारा आयोजित 14 वें भव्य कवि सम्मेलन में गीत और गजलों की मधुर प्रस्तुति ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि तालियों की गूंज लगातार सुनाई देती रही। अयोध्या से आए कवि जमुना पाण्डेय की अध्यक्षता व बाराबंकी से पधारे राम किशोर त्रिपाठी के संचालन में कार्यक्रम की शुरुआत जबलपुर से आई कवियत्री मणिका दूबे ने सरस्वती वंदना से की। जिसके बाद कवियों ने एक के बाद एक गीत, गजल, हास्य और वीर रस की रचनाएं प्रस्तुत कीं। बाराबंकी से आए हास्य कवि विकास बौखल ने किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा ना मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए व लखनऊ से आए ओज कवि अभय निर्भीक ने इसका वैभव सदियों से है बिखराता नित नई छटा, इसे मिटाने वाले मिट गए किन्तु सनातन नही मिटा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बिहार से आए हास्य व्यंग के कवि शंभू शिखर ने मनहूस से चेहरों को सदा डांटता हूं मैं। गम के बदलियों में भी खुशी छांटता हूं मैं व जबलपुर से आई गीतकार मणिका दूबे ने वजूद धागे सा टूट जाना सही नहीं है। अनापरस्तों से दिल लगाना ठीक नहीं है सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।। कोटा से आए गीत व गजलकार कुंवर जावेद ने 'हर एक तख्त से हर ताज से लड़ जाती है' कोई भी राज हो हर राज से लड़ जाती है'।हमारे देश की बेटी को कितना जानते हो। सुहाग के लिए यमराज से लड़ जाती है' सुनाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया।रायपुर छत्तीसगढ़ से पधारे गीतकार रमेश बिस्वहार ,अयोध्या से आए ध्रुव उपाध्याय ने कवि सम्मेलन में गीत-गजलों से समां बांधा। इसके पहले कार्यक्रम के पहले सत्र का शुभारंभ मुख्य वक्ता महासचिव, अखिल भारतीय संघ समिति स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती व कार्यक्रम संयोजक प्रवीन कुमार अग्रवाल ने मंचासीन अतिथियों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कवि सम्मेलन के पहले सत्र को संबोधित करते हुए स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने भारतीय काल गणना, भारतीय नववर्ष की महत्ता और प्रकृति में होने वाले परिवर्तन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा हिन्दू नववर्ष केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि प्राकृतिक और सांस्कृतिक नवचेतना का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संघचालक डॉ एके सिंह व संचालन डॉ प्रीति प्रकाश ने किया। नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने जनपद वासियों से भारतीय नववर्ष को धूमधाम व उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने आएं हुए सभी अतिथियों,कवियों व श्रोताओं का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

## उपलब्धि 1 करोड़ से बदलेगा पूरनपुर नगर का चेहरा: चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की पहल पर कायाकल्प कार्यों को मिली रफ्तार

पूरनपुर।नगर पालिका परिषद पूरनपुर में विकास की नई तस्वीर उभरने जा रही है लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से नगर के विभिन्न क्षेत्रों का कायाकल्प किया जाएगा इस महत्वाकांक्षी योजना को नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की पहल पर मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिससे नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है बताया जा रहा है कि यह धनराशि डूडा की ओर से जारी की गई है इस राशि का उपयोग नगर के प्रमुख मार्गों के सुधार, नाली निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास में किया जाएगा चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है उनका प्रयास है कि पूरनपुर को स्वच्छ, सुन्दर और व्यवस्थित शहर बनाया जाए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और समयबद्ध तरीके से सभी योजनाओं को पूरा किया जाए।नगरवासियों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से अब निजात मिलेगी यदि योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से होता है तो पूरनपुर में बुनियादी सुविधाओं का स्तर काफी हद तक सुधर सकता है।

# नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भीड़ महिलाओं ने लाइन में लगकर किए दर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। चैत्र नथवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को लोहरामऊ स्थित दुर्गा देवी धाम और माता मरी धाम पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भारतीय नववर्ष के साथ शुरू हुए इस पर्व पर मां शैलपुत्री की पूजा के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे। दुर्गा देवी धाम लोहरामऊ में सुबह पांच बजे से ही भक्त कतारबद्ध होकर दर्शन कर रहे थे। श्रद्धालुओं ने मां भगवती को नारियल, चुनरी और साज-सज्जा का सामान अर्पित किया। इसके साथ ही हलुआ-पूरी का भोग भी लगाया गया। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली देहात पुलिस तैनात रही। हाईवे किनारे मुख्य द्वार से लेकर मंदिर के गर्भगृह तक चार महिला और पुरुष आरक्षी तैनात किए गए थे। वे भक्तों को कतार में लगकर दर्शन करने और अपने आभूषणों व सामानों को सुरक्षित रखने के निर्देश दे रहे थे। मंदिर में देवी प्रतिमा के सामने श्रद्धालु आरती और हवन करते भी दिखे। मंदिर के पुजारी पंडित राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि नवरात्रि के दौरान सभी भक्तों को सुगमता से दर्शन कराए जा रहे हैं। लोहरामऊ मंदिर परिसर में भक्त देवी की आराधना के बाद बजरंगबली, राम दरबार, राधा कृष्ण और भगवान शिव के भी दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे थे। भदैया के गोमती नदी किनारे स्थित शाहपुर हरिवंश गांव में माता मरी माई धाम पर भी सुबह से दोपहर तक भक्तों की भीड़ लगी रही, जहां लोग कतार में लगकर दर्शन करते रहे।

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस एसपी ने मंदिरों में किया पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र संग्रामपुर में मां कालिकन भवानी व थाना क्षेत्र अमेठी अन्तर्गत देवीपाटन मन्दिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र संग्रामपुर अन्तर्गत मां कालिकन भवानी मन्दिर व थाना क्षेत्र अमेठी अन्तर्गत देवी पाटन मन्दिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा मन्दिर प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गीत के साथ प्रारंभ हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत ग्राम बरहा राजीव कॉलोनी में राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं की उपस्थिति ली गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता कनौजिया ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक उन्मूलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पेड़ पौधे पृथ्वी और संपूर्ण मानव जाति के लिए अति आवश्यक हैं,इनके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है, जीवन के लिए जल भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इनके बिना जीवन का अस्तित्व असंभव है।प्लास्टिक के रोकथाम के लिए भी छात्राओं को जानकारी दी गई। बच्चों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके उपरांत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया और अंतिम में पोस्टर बैनर बनाकर बच्चों ने ग्रामीण वासियों को जागरूक करने का कार्य संपन्न किया।

# 26 मुकदमों का आरोपी शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने शातिर आरोपी अजीम कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले से ही 26 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरफ्तारी 16/17 फरवरी 2026 की रात सिरवारा रोड स्थित कैलाश आयुर्वेदिक औषधालय (वैद्यनाथ एजेंसी) में हुई चोरी के मामले में की गई। चोर ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया था और गल्ले से करीब ?1,20,000 नकद के साथ दुकान मालिक दिनेश कुमार मिश्रा का आधार कार्ड चोरी कर लिया था। इस संबंध में 17 फरवरी को मुकदमा दर्ज कराया गया था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सौरमऊ के पास से दबोच लिया। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने आरोपी के पास से ?36,160 नकद, एक आधार कार्ड और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार, हथौड़ी, सब्बल, कटर और पेचकस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, अजीम कुरैशी लाला का पुरवा (नार्मल चौराहा) का रहने वाला है और फिलहाल कांशीराम कॉलोनी, अमहट में रह रहा था। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## हिन्दू महासभा ने आरएसएस के पथ संचलन का किया स्वागत

पीलीभीत। हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित पथ संचलन का अखिल भारत हिन्दू महासभा ने सुनगढ़ी थाने पर भव्य स्वागत किया जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया इस अवसर पर पदाधिकारियों ने आरएसएस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है उन्होंने कहा कि दोनों संगठनों का उद्देश्य राष्ट्र सेवा और सनातन मूल्यों की रक्षा करना है पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया राष्ट्रभक्ति गीतों और हिन्दू एकता के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने समाज में सद्भाव, एकता और राष्ट्र निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

# नौ दिवसीय विकास प्रदर्शनी का रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में हुआ भव्य शुभारम्भ

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत एवं प्रशस्ति पत्र का किया गया वितरण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । प्रदेश सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'नव निर्माण के नौ वर्ष थीम पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के प्रांगण में नौ दिवसीय प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वन कर किया गया। इसके उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह व पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के प्रांगण में सूचना विभाग विकास परक योजनाओं से संबंधित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। तथा पर्यटन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम, महिला कल्याण विभाग, कौशल विकास सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अधिकारियों सहित भारी संख्या में जनसामान्य ने अवलोकन कर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। इसके उपरान्त उद्योग विभाग के अर्न्तगत संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वरोजगार योजना के पांच लाभार्थियों को पांच लाख का डमी चेक, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत पांच लाभार्थियों को टूलकिट व प्रशस्ति पत्र, खेल विभाग द्वारा नेशनल स्तर के पदक विजेजा खिलाड़ियों को पगड़ी पहनाकर व ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया साथ ही आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस पीआरडी जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसके उपरान्त जिलाध्यक्ष द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनायें समाज के अन्तिम पंक्ति तक पहुंच रही है जिससे सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में सशक्तीकरण को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निरन्तर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे है वही महिला सुरक्षा, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा हैं जिससे हर वर्ग के पात्र लाभार्थी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे है, साथ ही उन्होंने उपस्थित समस्त आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि इस नौ दिवसीय प्रदर्शनी में उपस्थित होकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रता अनुसार लाभ ले सकते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाट्य एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मार्केट से गुटखा-सिगरेट गायब बढ़े दामों पर हो रही बिक्री

पूरनपुर। नगर में तंबाकू उत्पादों की जमकर कालाबाजारी हो रही है। गुटखा, पान मसाला और सिगरेट बाजार से गायब कर दिए गए हैं या फिर अधिक दामों पर बेचे जा रहे हैं। पिछले एक महीने से जारी यह स्थिति अब चरम पर पहुंच गई है, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है बताया जा रहा है कि एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया, साथ ही नई एक्साइज ड्यूटी और सेस भी लागू हुआ। इसका फायदा उठाते हुए कंपनियों और दुकानदारों ने पुराने स्टॉक पर ही मनमाने दाम बढ़ा दिए, जबकि पैकेट पर प्रिंट रेट अभी भी पुराना ही है जहां पहले 20 रुपये में मिलने वाला गुटखा सेट अब 30 रुपये तक बेचा जा रहा है, वहीं 5 रुपये का पाउच 7 रुपये में मिल रहा है। सिगरेट के दामों में भी 2 से 3 रुपये प्रति पीस और एक पैकेट पर 20 से 30 रुपये तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है कई ब्रांड के उत्पाद बाजार से पूरी तरह गायब हैं, और जहां उपलब्ध हैं वहां दोगुने दाम वसूले जा रहे हैं दुकानदारों का कहना है कि कंपनियां ही सप्लाई रोककर कीमतें बढ़ाती हैं, जबकि संबंधित विभाग इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे मुनाफाखोरों के हौसले बुलंद हैं।

## एसपी ने रात्रि में भ्रमण कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर किया निरीक्षण

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रिपाली में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई और मातहतों को दिशा निर्देश दिया है।जनपद में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उददेश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा गौरीगंज में पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई तथा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत बनाये गये चेकिंग प्वाइंट पर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये।आपरेशन चक्रव्यूह के तहत जनपद के समस्त थानों के अन्तर्गत जनपद की सीमा पर व सीमा के अंदर मुख्यमार्गो, चौराहों, संवेदनशील स्थानों आदि पर चेकिंग प्वाइंट्स बनाकर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सघन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी और बिना वैध प्रपत्रों के वाहन चलाने वाले, दोषपूर्ण अथवा बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों, काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध विधिक मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। आपरेशन चक्रव्यूह का उददेश्य जनपद में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखना व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।

## क्रिटिकल कारिडोर टीमों के साथ एसपी ने बैठक कर दिशा निर्देश दिया

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा यातायात व्यवस्था के संबंध में विभिन्न थानों पर गठित क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के घटना बाहुल्य एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता, सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही क्रिटिकल कॉरीडोर टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने एवं रात्रि के समय सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को तत्काल हटवाने, सड़क दुर्घटना की संभावनाओं में कमी लाने हेतु संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी रखने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करने व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात/तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा, प्रभारी यातायात व थाना गौरीगंज, अमेठी, जगदीशपुर व मोहनगंज की क्रिटिकल कॉरिडोर की पुलिस टीमें व संबंधित प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

## मिशकात फातिमा बनी मिसाल, रमजान के रोजों के साथ दी सभी परीक्षाएं

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जहां बड़े-बुजुर्ग भी रमजान के रोजों के साथ अपनी दिनचर्या संभालने में थक जाते हैं, वहीं पूरनपुर रजा निवासी नदीम बरकाती की 7 वर्षीय बेटी मोअज्जम चिश्ती भारत बैट्री की भजीती मिशकात फातिमा ने अपने हौसले और इबादत के जज़्बे से सभी को हैरान कर दिया है। छोटी सी उम्र में मिशकात ने पूरे रमजान के रोजे रखकर एक मिसाल पेश की है।खास बात यह रही कि रमजान के दौरान मिशकात के स्कूल के एग्जाम भी चल रहे थे। रोजे की हालत में भी उसने अपनी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी और पूरे आत्मविश्वास के साथ सभी परीक्षाएं दीं। परिजनों के अनुसार बच्ची ने न केवल रोजे रखे, बल्कि हर पेपर की तैयारी भी पूरी मेहनत और लगन के साथ की।इतना ही नहीं, मिशकात रोजाना कोचिंग सेंटर भी जाती रही और अपनी पढ़ाई को नियमित बनाए रखा। सुबह से लेकर शाम तक रोजे की हालत में भी उसका जोश और उत्साह देखने लायक था। बच्ची की इस लगन और अनुशासन की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।परिजनों ने बताया कि मिशकात शुरू से ही धार्मिक और पढ़ाई में रुचि रखने वाली बच्ची है। उसने खुद ही रोजे रखने की इच्छा जताई और पूरे महीने बिना किसी दबाव के रोजे पूरे किए। परिवार ने भी उसे पूरा सहयोग और हौसला दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी छोटी उम्र में इस तरह का संयम, मेहनत और इबादत का जज़्बा आज के बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। मिशकात ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो उम्र मायने नहीं रखती।मिशकात फातिमा की इस उपलब्धि ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। उसकी यह मेहनत और समर्पण आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बनकर सामने आया है।

## स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन करके दिया पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिनांक 06 से 20 मार्च 2026 तक स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक उत्सव का आयोजन उत्तर प्रदेश के चयनित जनपदों में किया जा रहा है।इस अवसर पर अम्बर कल्चरल सोसाइटी ग्राम जटपुरा तहसील पूरनपुर ज़िला पीलीभीत के कलाकारों द्वारा प्रभावशाली प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मार्च 2026 को पीलीभीत ज़िले में स्वच्छता विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक सुन्दर धरती- सुन्दर कल का मंचन किया गया। जिसका लेखन आदित्य अशुईन आर्या ने एवं निर्देशन आकाश चन्द्र तिवारी ने किया। साथी कलाकारों में रंगमंच कलाकार अमित कुमार मिश्रा, रचित शुक्ला, परमजीत राज, राही त्रिपाठी, दाऊदयाल ने अभिनय में एवं फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी में निहाल त्रिवेदी,युवांश शुक्ला व नीशू मिश्रा तथा विक्की देवल ने ढोलक संगीत में व शुभम तिवारी ने प्रस्तुति प्रबंधन में पूरा सहयोग किया। नुक्कड़ नाटक द्वारा जनमानस को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया हैं।

## नवरात्रि पर नवजात शिशुओं को वस्त्र भेंट, मानवता की मिसाल पेश

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवसंवत्सर की प्रथम बेला एवं पावन नवरात्रि के अवसर पर एक सराहनीय पहल देखने को मिली गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचकर आज जन्मे नवजात शिशुओं को कपड़ों की किट भेंट की इस दौरान उन्होंने नवजात शिशुओं का पारंपरिक रूप से तिलक, चंदन लगाकर एवं चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया बताया गया कि नववर्ष की भोर में कुल तीन बच्चों का जन्म हुआ इनमें कीर्ति देवी पत्नी मुनीश कुमार (निवासी अभयपुर) को पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई, जबकि पवन कुमारी पत्नी कमल (निवासी ककरौआ) एवं तबस्सुम पत्नी रिजवान (वार्ड 14 पूरनपुर) को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई संदीप खंडेलवाल के इस मानवीय कार्य की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने इसे अत्यंत ही पुनीत कार्य बताते हुए समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।इस अवसर पर स्टाफ नर्स रूबी पाल, ओटी असिस्टेंट हरदेई देवी, स्टाफ नर्स मुकेश श्रीवास्तव, अंकित जायसवाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे

## नगर के मोहल्ले में घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट व छेड़छाड़, पीड़िता ने पुलिस से लगाई गुहार

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, पीड़िता के देवर का एक गांव के प्रधानपति से लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश में प्रधानपति अपने भाई के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और दरवाजे पर खड़े होकर गाली गलौज करने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो दोनों आरोपी जबरन घर में घुस आए और वहां मौजूद महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगे। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए छेड़छाड़ भी की, जिससे परिवार में दहशत का माहौल बन गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने प्रभारी खंड विकास अधिकारी को सोपा ज्ञापन

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में किसानों ने खंड विकास अधिकारी पूरनपुर हेमंत यादव को ज्ञापन सौंपकर आवारा गौवंश से निजात दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विकास खंड पूरनपुर क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या तेजी से बढ़ गई है, जिससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। किसान दिन-रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, बावजूद इसके पशु झुंड बनाकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। कई सांड आक्रामक हो चुके हैं, जो किसानों और राहगीरों पर हमला कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि परसादपुर, नवदिया मकसूदपुर, रमपुरा फकीरे और सबलपुर गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की मांग की। चेतावनी दी कि समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# नीतीश-डीजीपी के सिपाही बनने की कहानी

बिहार में 20 सालों तक सत्ता का निर्बाध आनंद लेने के बाद नीतीश कुमार अब फिर दिल्ली की राजनीति में लौट रहे हैं। 2005 में बिहार का मुख्यमंत्री बनने से पहले नीतीश कुमार छह बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं, लेकिन अब सातवीं बार सांसद बनने के लिए उन्होंने राज्यसभा को चुना। बिहार में नीतीश कुमार समेत एनडीए के पांचों उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव जीत लिया है। मजेदार बात ये है कि तीन विभिन्न पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष इनमें शामिल हैं। नीतीश कुमार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, उपेन्द्र कुशवाहा राष्ट्रीय लोकमोर्चा के अध्यक्ष हैं और नितिन नवीन बिहार और केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वैसे बिहार में राज्यसभा चुनावों की सबसे खास बात यही रही कि पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री ने राज्य की सत्ता छोड़कर राज्यसभा को चुना हो। राज्य की सत्ता छोड़कर नरेन्द्र मोदी भी आए थे, लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा था और सामने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी थी। जबकि नीतीश कुमार ने तो इंडिया गठबंधन इसी नाम पर छोड़ा था कि उन्हें विपक्षी मोर्चे की तरफ से प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया गया था। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षा अगर प्रधानमंत्री बनने की थी, तो उसमें न कुछ गलत है, न आश्चर्य है। लेकिन असली हैरानी इसी बात पर है कि आखिर राज्यसभा के लिए 20 सालों की राज्य की सत्ता को कौन ठुकराता है। अभी तो ये भी तय नहीं है कि नीतीश कुमार को कौन सा मंत्री पद मिलता है, या अगले साल उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाता है। वैसे इतना तो तय है कि इस समय नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने से जदयू के लोग तो खुश नहीं ही हैं, बिहार के लोगों को भी भाजपा का ये राजनीतिक खेल समझ नहीं आ रहा है, कि एकदम से उन्हें नीतीशविहीन क्यों किया जा रहा है। उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में एक व्यक्ति ने बीबीसी से कहा कि यह तो डीजीपी के सिपाही बनने जैसा है। वहीं जदयू में नीतीश के पुराने साथी के सी त्यागी ने तो अब पार्टी ही छोड़ दी, जबकि बहुत से कार्यकर्ताओं ने निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। ये मांग तो शायद ही पूरी हो, लेकिन परिवारवाद की माला जपते हुए नीतीश कुमार ने बेटे निशांत का राजनीति में प्रवेश करा ही दिया है। निशांत कुमार क्या अपने पिता की तरह बिहार के लोगों के दिल में जगह बना पाएंगे, क्या नीतीश कुमार को किसी भी खेमे में रहने के बावजूद जो समर्थन मिलता रहा, वैसा ही समर्थन निशांत कुमार को मिलेगा, नीतीश को इसकी चिंता भी करना चाहिए। लेकिन नीतीश कु मार के लिए इस समय सबसे बड़ी चिंता बिहार में भाजपा का वर्चस्व कायम होने की होनी चाहिए। एनडीए का सहयोगी होने के बावजूद नीतीश कुमार ने भाजपा को कभी बिहार में बड़ा भाई नहीं बनने दिया था, लेकिन 2025 के चुनावों में भाजपा बड़े भाई से आगे बढ़कर मोहल्ले का दादा ही बन चुकी है। कहा जा रहा है कि अब भाजपा अपने मुख्यमंत्री बनाने का सपना पूरा कर लेगी, इसके लिए शायद पिछले साल चुनावों में ही सौदेबाजी कर ली गई थी कि जनता को दिखाने के लिए नीतीश कुमार को कुछ दिन मुख्यमंत्री बनाया जाए और फिर धीरे से उनसे ये पद ले लिया जाए। अगर इस दावे में दम है तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। क्योंकि अक्सर ऐसी सौदेबाजियां भ्ष्ट तरीकों से सत्ता हासिल करने का रास्ता बनाती हैं। नीतीश कुमार के दिल्ली आने से बिहार में एक बड़ा बदलाव यह होगा कि राज्य से जे पी आंदोलन की बची-खुची यादों की भी विदाई हो जाएगी। शरद यादव रहे नहीं, लालू प्रसाद यादव भी राजनीति में कम ही सक्रिय हैं, उनकी जगह तेजस्वी ने पार्टी संभाल ली है और अब नीतीश कुमार भी पूरी तरह भाजपा के रंग में रंग चुके हैं।

# प्रकृति की नन्हीं दूत है चिड़िया

## विश्व गौरैया दिवस पर विशेष

**गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफ़ेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्हीं चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपट कर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव-देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है।**

विश्व गौरैया दिवस नन्हीं घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए अपने आसपास के माहौल को बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और उसपर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफ़ेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्हीं चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपट कर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव-देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते हैं। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है। आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भागदौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके। गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी



है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है। जानकारों का कहना है कि यह चिड़िया शांति और सद्भावना का संदेश लेकर आती है। आंकड़े बताते हैं कि विश्व भर में घर-आंगन में चहकने-फुदकनेवाली छोटी-सी प्यारी चिड़िया गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला था। वहीं, आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह कमी ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में हुई है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। जबकि स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआईबी) रिपोर्ट 2023 के मुताबिक पिछले 25 सालों में गौरैया की आबादी कुल मिलाकर काफी स्थिर रही है। हालांकि भारत में हाउस स्पैरो की संख्या कम होने की आम धारणा है। गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर दिल्ली सरकार ने 2012 और बिहार सरकार ने 2013 से गौरैया को राजकीय पक्षी घोषित कर रखा है। कभी हमारे घर-आंगन में गिरे अनाज खाने गौरैया फुर्र से आती थी और दाना चुगकर उड़ जाती थी। हालांकि गांवों में आज भी कई घरों में गौरैया आ रही है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे कई कारण हैं जिन पर लगातार शोध हो रहे हैं। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में आहार की कमी, बढ़ता आवासीय संकट, कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवन-शैली में बदलाव, प्रदूषण और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन को दोषी बताया जाता रहा है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे बेतहाशा कीटनाशक का प्रयोग को माना जा रहा है। गौरैया के प्रजनन के लिए अनुकूल आवास में कमी को भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण माना जा रहा है। कच्चे घरों का तेजी से कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होने से शहरों में इनके प्रजनन के लिए अनुकूल आवास नहीं मिलते हैं। यही वजह है कि एक ही शहर के कुछ इलाकों में ये दिखती है तो कुछ में नहीं। गौरैया संरक्षण में जुड़े लोग कृत्रिम घर बनाकर गौरैया को प्रजनन के लिए आवास देने की पहल चला रहे हैं। इसमें गौरैया अंडे देने के लिए आ भी रही हैं। जहां तक गौरैया का सवाल है यह इन्सानों की दोस्त तथा किसानों की मददगार है। गौरैया इन्सान के साथ रहते हुए उन्हें सुख-शांति प्रदान करती हैं। बच्चों का बचपन इसके साथ खेलते हुए गुजरता है। लेकिन हम इन्सानों ने ही इसे अपने से दूर कर दिया है। भारत में पक्षियों की कुल मिलाकर 1250 प्रजातियां हैं। जिनमें से 85 प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। जिसमें गौरैया का भी नाम शामिल है। गौरैया का सुरक्षित रखना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह खेतों की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को खा लेती है। जिससे किसान की फसल खराब होने से बच जाती हैं। गौरैया अपना घोंसला इंसानों के करीब बनाती है। इससे उनके घोंसले उजाड़ दिए जाते हैं। बढ़ता वायु प्रदूषण भी इन पक्षियों के लिए मुसीबत है इसलिए जरूरी है कि हम अभी से यह समझने की कोशिश करें कि छोटी-सी गौरैया हमारे जीवन के लिए कितनी अहम है। ऐसे में उसकी रक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# आदत बनता सोशल मीडिया, लगाम आवश्यक

**दीपिका अरोड़ा**

बचपन की मासूमियत निगलती सोशल मीडिया की लत विश्व भर में चर्चा का विषय बन चुकी है। बच्चों तथा किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रयोग संबंधी पाबंदी लगाने की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया से होती हुई फ्रांस, इंडोनेशिया, स्पेन, नार्वे, ग्रीस जैसे कई देशों तक जा पहुंची है। गत दिनों भारत के आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक भी इस मुद्दे पर आवाज उठाते नजर आए। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 13 साल से कम बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित करने की बात कही, जबकि कर्नाटक सरकार की घोषणा अनुसार, निर्धारित आयु सीमा 16 वर्ष रहेगी। वैश्विक नैटवर्किंग, व्यापक व्यापार तथा विपणन अवसरों, सहज अंतरूक्रिया और विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर सूचना सांझाकरण में बहु-उपयोगी सिद्ध हो रहे सोशल मीडिया का दरअसल, एक स्याह पक्ष भी है, जिसमें गोपनीयता संबंधी चिंताएं, ध्यान भटकना, गलत सूचना और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव आदि समस्याएं उभरकर सामने आ रही हैं। विशेषकर बच्चों तथा किशोरों में सोशल मीडिया के प्रति अनवरत बढ़ता आकर्षण न केवल लत बनकर उनकी सेहत निगल रहा है, अपितु असामाजिक तत्वों द्वारा उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा में सेंध लगाने का जरिया भी बन रहा है। मनोवैज्ञानिकों एवं बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय में, सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग बच्चों के मानसिक तथा भावनात्मक विकास को बहुत प्रभावित कर सकता है। मस्तिष्क विकास के दृष्टिगत किशोरावस्था का प्रारंभिक चरण अत्यधिक संवेदनशील होता है, जोकि सामाजिक दबावों, साथियों के विचारों आदि से काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। वास्तव में, सोशल मीडिया का लगातार उपयोग भावनाएं-आवेग नियंत्रित करने वाले क्षेत्रों में विशेष परिवर्तन ला सकता है, जिससे सामाजिक संकेतों के प्रति संवेदनशीलता बढने से हृदय अधिक भावुक या दुखी हो सकता है। ऑनलाइन धमकाया जाना अथवा साथियों का दबाव (पीअर प्रैशर) किशोरों को तनाव अथवा आत्मघाती विचारों की ओर मोड़ सकता है। आधुनिक बच्चों के व्यवहार में अधीरता, आक्रामकता, चिड़चिड़ापन आदि लक्षण बहुतायत में देखे जा सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक खेल-कूद से दूरी, परिवर्तित लाइफ स्टाइल एवं बढ़ता स्क्रीन टाइम इसमें प्रमुख कारण हैं। यद्यपि पूर्णतरू प्रमाणित नहीं, तथापि कुछ शोधों के तहत, सोशल मीडिया का उपयोग अवसाद तथा चिंता जैसे लक्षण उत्पन्न कर सकता है। स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी सर्कैडियन रिदम को बाधित कर सकती है। देर रात सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से नींद का पैटर्न गड़बड़ा सकता है। बहुत अधिक समय बिताने से एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। 2020 में हुए अध्ययन के अनुसार, एक माह के लिए अपना फ़ेसबुक अकाऊंट निष्क्रिय करने वाले कुछ लोगों ने अवसाद तथा चिंता में कमी के साथ-साथ खुशी और जीवन संतुष्टि में बढ़ौतरी होने की सूचना दी। सोशल मीडिया का निकृष्टतम पहलू है, साइबर बुलिंग अथवा साइबर धोखाधड़ी, जिसमें यौन शोषण से लेकर वित्तीय ब्लैकमेल के लिए अंतरंग छवियों को वितरित करना आदि शामिल हैं। एक अध्ययन के तहत, 72 प्रतिशत किशोरों ने किसी न किसी समय साइबर बुलिंग का शिकार होने की बात स्वीकारी। सरसरी तौर पर भले ही यह निर्णय अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान अभिभावकों की चिंता कम करने वाला प्रतीत होता हो, किंतु कार्यान्वयन के आधार पर व्यावहारिकता जांचें तो इसे लागू करने में अड़चनें भी कम नहीं ! सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना कुछ मायनों में अवश्य अच्छा हो सकता है लेकिन इसे पूर्णतरू प्रतिबंधित करना संभव नहीं, वह भी आज के तकनीकी दौर में, जब इसका प्रयोग पठन-पाठन, ज्ञानार्जन आदि से लेकर शैक्षिक संस्थानों द्वारा गृहकार्य, सूचनाएं वगैरह भेजने के निमित्त किया जाता हो। चूंकि घोषणा का प्रारूप अभी तक स्पष्ट नहीं, ऐसे में इस प्रतिबंध का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित होगा, समझना मुश्किल है? सोशल मीडिया संचालित करने वाली तकनीकी कंपनियां इस बाबत कितना सहयोगी रवैया अपनाएंगी, यह भी स्वयं में एक यक्ष प्रश्न है? किशोरों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के निहितार्थ भारत के दो राज्यों में उठी यह गूंज अवश्य सार्थक सिद्ध हो सकती है, यदि घोषणा को अमली जामा पहनाने में अपेक्षित तत्परता दिखाई जाए। बृहद परिवर्तन तभी संभव है, जब सरकारें, शिक्षा संस्थान, अभिभावक तथा तकनीकी प्लेटफार्म पारस्परिक सामंजस्य से एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए सारगर्भित हल निकालें।

## सेहत मंत्र

# वजन कम करने के साथ ही शरीर को एनर्जी से भरपूर रखता है नट्स

अगर आप संपूर्ण पोषण के साथ ही अपना वेट कंट्रोल करना चाहते हैं, तो बता दें कि नट्स आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक बादाम और पिस्ता जैसे मेवे खाने से पेट की चर्बी नहीं बढ़ती है। बल्कि इन मेवों के सेवन से बेहतर वेट प्रबंधन में सहायता करते हैं और यह ऊर्जा का अधिक कुशल स्त्रोत होता है। ट्री नट्स में वसा और कैलोरी की अधिक मात्रा पाई जाती है। यह गलत धारणा लोगों के बीच फैली है कि नट्स के सेवन से वेट बढ़ने लगता है। वहीं तमाम अध्ययनों से पता चला है कि रोजाना पिस्ता जैसे ट्री नट्स का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है। अमरीका में वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के शोधकर्ताओं ने 84 युवा वयस्कों पर यह शोध किया था। इन प्रतिभागियों को लाइफस्टाइल की आदतों या डाइट की आदतों में बिना बदलाव के फर्क देखने को मिलेगा। वहीं महिलाओं में मेटाबॉलिक सिंड्रोम के जोखिम में 67 फीसदी की कमी और जोखिम में 42 फीसदी की कमी पाई गई। वहीं मिश्रित ट्री नट्स खाने से महिला प्रतिभागियों की पेट की चर्बी कम हो गई। पेट की चर्बी मधुमेह, हृदय रोग और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के लिए प्रमुख जोखिम कारक है। वहीं पुरुष प्रतिभागियों द्वारा मिश्रित ट्री नट्स खाने से रक्त में इंसुलिन का स्तर कम हो गया। यह एक अन्य अहम जोखिम कारक था। शोधकर्ता टीम के मुताबिक ट्री नट्स खाने वाले प्रतिभागी कार्बोहाइड्रेट स्नैक की तुलना में ऊर्जा के लिए वसा का ज्यादा कुशलता से इस्तेमाल करने में सक्षम थे। शोधकर्ताओं ने बताया कि शरीर के वेट पर ट्री नट्स खाने के स्वतंत्र प्रभावों की जांच करने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया है। वहीं अध्ययन में यह भी साबित हुआ है कि 16 सप्ताह के दौरान प्रतिभागियों ने जितनी भी कैलोरी का सेवन किया। वह हर रोज खर्च की कई कैलोरी की मात्रा से मेल खाती है।

## धर्म मंत्र

# तपस्या, संयम और अटूट संकल्प की देवी मानी जाती हैं माँ ब्रह्मचारिणी

ब्रह्मचारिणी माँ की नवरात्र पर्व के दूसरे दिन पूजा-अर्चना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएँ हाथ में कमण्डल रहता है। यह जानकारी भविष्य पुराण से ली गई हे।

श्लोक- दधाना कर पद्माभ्यामक्ष माला कमण्डलु ॥ देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा ।।

शक्तिः इस दिन साधक कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए भी साधना करते हैं। जिससे उनका जीवन सफल हो सके और अपने सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा का सामना आसानी से कर सकें।

फलः माँ दुर्गाजी का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनन्तफल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है। जीवन के कठिन संघर्षों में भी उसका मन कर्तव्य-पथ से विचलित नहीं होता। माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'स्वाधिष्ठान 'चक्र में शिथिल होता है। इस चक्र में अवस्थित मनवाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है।

## पर्यटन



# भगवान शिव की नगरी के रूप में जाना जाता है बनारस शहर

विश्व का सबसे पुराना जीवंत शहर, वाराणसी- जिसे काशी और बनारस के नाम से भी जाना जाता है, भारत की आध्यात्मिक राजधानी है। यह हिंदू धर्म के सात पवित्र शहरों में से एक है। वाराणसी का पुराना शहर गंगा के पश्चिमी किनारे पर स्थित है, जो संकरी गलियों की भूलभुलैया में फैला हुआ है। वाराणसी में लगभग हर मोड़ पर मंदिर हैं, लेकिन काशी विश्वनाथ मंदिर सबसे विशाल और सबसे पुराना मंदिर है। बनारस को भगवान शिव की नगरी के रूप में जाना जाता है और मान्यता है कि यह उनके त्रिशूल पर टिकी हुई है। वाराणसी को मरने के लिए एक शुभ स्थान माना जाता है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह शहर जीवन और मृत्यु के चक्र से मोक्ष या मुक्ति प्रदान करता है। शहर की सबसे प्रतिष्ठित विशेषताओं में से एक गंगा के किनारे 80 घाट हैं, जहां दैनिक जीवन से जुड़े अनुष्ठानों, समारोहों और आध्यात्मिक प्रथाओं से जुड़े आयोजन देखने को मिलते हैं। यहां दशाश्वमेध घाट और मुख्य घाट से मंत्रमुग्ध कर देने वाली गंगा आरती देखते ही बनती है जब पुजारी लयबद्ध गति के साथ पवित्र नदी की पूजा करते हैं। सूर्योदय या सूर्यास्त के दौरान गंगा के किनारे नाव की सवारी एक शांत अनुभव प्रदान करती है, जिससे आगंतुकों को शहर की शाश्वत सुंदरता देखने का मौका मिलता है। वाराणसी की संकरी घुमावदार गलियों में कई मंदिर, दुकानें और भोजनालय हैं। यह गलियां ऐतिहासिक सारनाथ जैसे छिपे हुए रत्नों की ओर ले जाती है, जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। त्योहारों के दौरान, विशेषकर दिवाली और होली के दौरान यह शहर रंगों और ध्वनियों से नहाया होता है। दिवाली के दौरान हजारों दीयों से सजे जीवंत घाट मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य का निर्माण करते हैं। वाराणसी के स्थानीय बाज़ार, जैसे विश्वनाथ गली और ठठेरी बाज़ार, हस्तनिर्मित रेशम, पीतल के बर्तन और पारंपरिक बनारसी साड़ियों की एक श्रृंखला पेश करते हैं। वाराणसी की यात्रा का सबसे अच्छा समय सर्दियों के महीनों (अक्टूबर से मार्च) के दौरान होता है, जब मौसम सुहावना होता है और शहर त्योहारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जीवंत होता है।

# घरों का गंदा, पानी सब्जी मंडी में, विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। मरकामऊ में मुख्य सड़क पर जलभराव गंदे पानी से परेशान ग्रामीणों व दुकानदारों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने रामनगर-बदोसराय मुख्य मार्ग पर तख्त रखकर सड़क जाम करने का प्रयास किया, जिससे लगभग 10 मिनट तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।प्रदर्शनकारी पुलिस के पहुंचने से पहले ही सड़क खाली कर चुके थे, लेकिन बाद में उन्होंने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताईं।ग्रामीणों ने बताया कि तीन घरों का गंदा पानी लगातार सड़क पर बहता रहता है, जिससे पूरी सड़क पर कीचड़ और गंदगी जमा रहती है। इससे ग्राहकों और राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।गांव के मोहम्मद इलियास और मोहम्मद आलम राइन ने जानकारी दी कि यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन घरों का पानी सड़क पर आता है, वे लोग मोटर चला देते हैं, जिससे शौचालय का गंदा पानी भी सड़क पर बहने लगता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ब्लॉक और तहसील में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं हो पाया है।आपको बता दें कि गुरुवार को मरकामऊ में सब्जी बाजार लगती है, जिसके कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी अधिक थी। इसी दौरान शाम करीब चार बजे दुकानदारों और आसपास के ग्रामीणों ने सड़क पर तख्त और त्रिपाल बिछाकर विरोध प्रदर्शन किया और पानी की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की।उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज के निर्देश पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय और कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजित विद्यार्थी सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस समस्या का जल्द ही स्थायी समाधान होगा।

# क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक, घटतौली विकास कार्यों में तालमेल पर चर्चा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। जिले के हरख ब्लॉक स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

दोपहर करीब 2:30 बजे शुरू हुई इस बैठक की अध्यक्षता हरख ब्लॉक प्रमुख रवि रावत ने की। इसमें मुख्य रूप से विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान राशन वितरण में घटतौली, स्कूलों में मिड-डे मील के मीनू और आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित पुष्टाहार वितरण से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त, जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा, सीएचसी अधीक्षक जैदपुर डॉ. जगदीश कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार, हरख पशु चिकित्सा अधिकारी भानु प्रताप प्रजापति, क्षेत्रीय ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# वासंतिक नवरात्रि का प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा, मंदिरों में उमड़ी भीड़


कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर/ सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। रामनगर बाराबंकी ।नवरात्रि के प्रथम दिन घर-घर मां शैल पुत्री की कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना शुरूहुई ।घर के साथ-साथ मठ ,मंदिरों में भी मां के दर्शन के लिए भक्तों की काफी भीड़ लगी हुई थी। बहुत से भक्तों ने पूरे 9 दिनों तक व्रत रखकर पूजा अर्चन का कार्य शुरू किया।तथा कुछ भक्तों ने प्रथम व अंतिम दिन काही व्रत रखा ।चैत्र नवरात्रि के आते ही सभी लोगों के मन में खुशी की लहर दौड़ गई ।हिंदू भाइयों ने अपने घरों की साफ सफाई की तथा कलश स्थापना करके मां दुर्गा जी की पूजा अर्चना शुरू की ।यह कार्यक्रम रामनवमी तक निरंतर चलता रहेगा ।जबकि इस समय खरमास चल रहा है। लेकिन नवरात्र के शुरू होते ही शादी विवाह को छोड़कर अन्य कार्य होने प्रारंभ हो गए हैं ।वर वधूकी दिखाई ,मुंडन संस्कार की रस्म शुरू हो गई। सिरौली गौसपुर से सचिन गुप्ता के मताबिक चैत्र नवरात्रि के पहले दिन तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र के देवी मंदिरों और प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गुरुवार सुबह से ही भक्त प्रसाद चढ़ाने और पूजा-अर्चना करने के लिए कतारों में खड़े दिखाई दिए।क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ स्थल कोटवाधाम स्थित बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर में कई जनपद से श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने यहां प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। इसी प्रकार, महाभारत कालीन पारिजात वृक्ष के दर्शन-पूजन के लिए भी सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे।अमरा कटेहरा और अमरादेवी मंदिरों पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्त फल, मिष्ठान और पूजा सामग्री लेकर मंदिरों में पहुंचे और प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की।श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में पूजा-पाठ करने से मन को शांति मिलती है। उन्होंने बड़े बाबा के दरबार में पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। उनका मानना था कि यहां आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# मेगा कैंप जमा हुए विद्युत बिल, बकाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । बदोसराय पंचायत भवन में विद्युत विभाग द्वारा आयोजित मेगा कैंप में उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान के साथ ही बकाया बिल जमा किया गया।गुरुवार को कैंप विद्युत अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में लगाया गया। विद्युत उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य ने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं और मौके पर ही उनका समाधान किया। उनके साथ बाबू और अन्य कर्मचारियों ने भी उपभोक्ताओं की सहायता की। कैंप में उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य ने उपभोक्ताओं के गलत बिलों से संबंधित समस्याओं का भी समाधान किया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि यदि उनके बिल गलत हैं या कोई अन्य समस्या है, तो वे बदोसराय में लगने वाले कैंप में आकर



उसका निवारण करवा सकते हैं। विद्युत विभाग के टीजी-2 अतुल कुमार और पंकज कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर विद्युत उपभोक्ताओं के बिलों की जांच की। उन्होंने उपभोक्ताओं से बकाया बिल तुरंत जमा करने का आग्रह भी किया।अवर अभियंता राज मौर्य ने बताया कि इस कैंप में कई उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिल जमा किए और उनकी विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया। कुछ समस्याओं को नोट किया गया है,

## नव संवत्सर पर हुए विविध आयोजन

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर निंदूरा खंड के महादेव शाखा बाबागंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता जिला संघ चालक डॉक्टर राम शंकर ने कहा कि चैत्र माह का नव वर्ष ऋतु परिवर्तन और प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है, जो जीवन में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और सकारात्मकता लाता है। उन्होंने बताया कि विक्रम संवत का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है, जिसे पौराणिक मान्यता के अनुसार सृष्टि रचना का आरंभ दिवस माना जाता है। इस दिन से चैत्र नवरात्रि भी शुरू होती है तथा वसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है। परंपरा अनुसार इस समय नीम-गुड़ का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है। डॉ. राम शंकर ने कहा कि लंबे समय तक गुलामी के कारण भारतीय परंपराओं में विश्वास कमजोर हुआ, लेकिन संघ के पंच परिवर्तन के माध्यम से देश को पुनः विश्व गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। इस अवसर पर खंड संचालक शिवसागर, सह खंड कार्यवाह रामदास, राजू, रितेश, कुलदीप, कृपांशु, प्रियांशु, अजय, प्यारेलाल, संजय, योगेंद्र, प्रदीप सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## हादसों में युवक की मौत,एक गंभीर

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में दो अलग-अलग अंचलों में हुए सड़क हादसो में एक वृद्ध की मौत हुई वहीं दूसरे हादसे में टैक्टर की चपेट मे आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।बिशनपुर चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मृतक सियाराम पुत्र हूबलाल (70)निवासी ग्राम मंझगवा ट्रक की चपेट में आ गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव के क्षत-विक्षत हिस्सों को एकत्रित कर पीएम हेतु भेजा। दूसरी घटना भगौली रोड पर स्थित कटघरा पुल पर हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली की ठोकर बाइक के टक्कर में 26 वर्षीय युवक गंभीररूप से घायल हो गया। ग्राम दोहई निवासी अमित पुत्र सोनेलाल झांसा कोल्ड स्टोरेज को जा रहा था।तभी सामने सेआई ट्रैक्टरट्रॉली ने बाइक के तेजी से टक्कर मारदी।टक्कर इतनी भीषण थीकि अमित सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। उपचार प्रचलित है।

## अंडर-16 आयु क्रिकेट वर्ग प्रारम्भिक चयन ट्रायल में 160 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

मुरादाबाद । डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्त्वावधान में अंडर-16 आयु क्रिकेट वर्ग प्रारम्भिक चयन ट्रायल का आयोजन गुरुवार को एमपीएस पब्लिक स्कूल के मैदान पर हुआ। जिसमें मुरादाबाद, अमरोहा और संभल जिले के पंजीकृत 160 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। चयन समिति में सतीश शर्मा और बदरूद्दीन सिद्दीको ने खिलाड़ियों के खेल को बारीकी से परखा और अधिक से अधिक खिलाड़ियों के चयन पर जोर दिया। चयन प्रक्रिया में डीएसए सदस्य नजाकत अली, मो. हसीन, मिर्ज़ा दानिश आलम, मो. शाहिद और ऋषिका यादव ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर सलीम खान, रोहित चौधरी, अतुल भटनागर, तालिब मलिक, बाकर जैदी, रजत शर्मा, अंकित गुप्ता, रोहित आदि कोच मौजूद रहे।

## पिकअप से कुचलकर साइकिल सवार दिव्यांग की मौत

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के बिधूना थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क हादसे में एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित परिजनों ने कुछ देर तक मार्ग पर आवागमन भी बाधित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ताल पुरवा गांव निवासी रघुनाथ यादव पुत्र फूल सिंह साइकिल से बिधूना से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह बिधूनाऽबेला मार्ग पर स्थित ताल पुरवा गांव के सामने पहुंचा, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कूलर लदे पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और साइकिल समेत करीब 20 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही रघुनाथ यादव की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजन शव को सड़क पर रखकर बैठ गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। इस सूचना पर थाना पुलिस और स्थानीय लोगों के समझाने पर स्थिति सामान्य हुई। कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार चालक की तलाश जारी है।

## फंदे पर लटकी मिली विवाहिता, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में पड़री थाना क्षेत्र के कम्हारी गांव में बीती रात बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई मुन्नीलाल (निवासी चितांग, थाना लालगंज) की तहरीर पर पुलिस ने पति धीरज यादव, सास निर्मला देवी और ससुर रामबली यादव के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहरीर के अनुसार मृतक महिला सुमन की शादी मई 2023 में कम्हारी गांव निवासी धीरज यादव से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करता था। भाई ने ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि सुमन पति के साथ अलग रहती थी और आपसी विवाद के बाद उसने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस के साथ नायब तहसीलदार अरविंद कुमार पांडेय ने मौके का निरीक्षण किया। मृतका की एक डेढ़ वर्षीय पुत्री है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सोनभद्र में महिला पशु तस्कर समेत दो गिरफ्तार

सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र में पुलिस ने रानीडीह जंगल में सात गोवंश को लेकर झारखंड जा रहे एक महिला समेत दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष कोन संजीव कुमार सिंह ने बताया की पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को कोन पुलिस ने सूचना पर रानीडीह जंगल में घेराबंदी कर एक महिला समेत दो पशु तस्करों को गिरफतार किया है। इनके कब्जे से सात गोवंशों को बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में झारखंड के मेराल थाना क्षेत्र की रहने वाली शांति देवी व कनक्ष सोनभद्र निवासी सुरेश को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध गोवंश निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार पशु तस्करों ने बताया की वह लोग सोनभद्र के जुगैल व चोपन क्षेत्र से पशुओं को लेकर जंगल की रास्ते बिहार, झारखंड के तस्करों के साथ मिलकर ऊंचे दामों पर पश्चिम बंगाल बेचने का काम करते थे। पुलिस अब उनके अन्य साथियों के बारे में पता लगा रही है।

## गंगा में डूबे किशोर का तीन घंटे बाद मिला शव

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में चील्ह थाना क्षेत्र के भोगांव गंगा घाट पर गुरुवार सुबह स्नान के दौरान 16 वर्षीय किशोर डूब गया। काफी तलाश के बाद नदी में डूबे किशोर का शव बरामद कर लिया गया। चील्ह थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि भदोही जनपद के औराई थाना क्षेत्र के जेठूपुर गांव निवासी मृदुल मिश्र अपने साथी कृष्ण कुमार मिश्र के साथ गंगा स्नान करने मीरजापुर आया था। भोगांव गंगा घाट पर नहाते समय किशोर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथी कृष्ण कुमार ने उसे डूबता देख शोर मचाया, जिस पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरबी 112, टेढ़वा चौकी प्रभारी राम किशोर तथा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कोतवाल ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में जाल डलवाकर डूबे किशोर की तलाश शुरू कराई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद किशोर को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन उसे लेकर मंडलीय चिकित्सालय पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मोहनगंज पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर धनउगाही करने वाले युवक को धरदबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पांच लोगों से तीन लाख नब्बे हजार रुपये की धनउगाही कर विदेश भागने की फिराक में था**

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत कूटरचित दस्तावेज बनवाकर विदेश भेजने के नाम पर धन उगाही करने वाले एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा मे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान एवं अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा पुलिस द्वारा कूट रचित दस्तावेज बनवाकर विदेश भेजने के नाम पर धनउगाही के मामले में वांछित इजहार उर्फ मुंशीर पुत्र वारिश अली निवासी रस्तामऊ थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया।थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक के विरुद्ध उसके खुर्शीद खान पुत्र वारिश अली निवासी रस्तामऊ द्वारा थाना मोहनगंज पर लिखित सूचना दी गयी थी कि उसके भाई इजहार उर्फ मुंशीर उपरोक्त के विरुद्ध थाना मोहनगंज पर पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं उसका भाई लोगों से विदेश भेजने के नाम पर धन उगाही करता है। अभियोग पंजीकृत होने के कारण उसके भाई ने अपने आधार कार्ड जोकि रस्तामऊ के पते से निर्गत है कूटरचित ढंग से ग्राम सराय मनौली तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या का बनवा लिया।कूटरचित आधार कार्ड से ही बदले पते पर पासपोर्ट बनवा लिया है तथा अब वह विदेश जाना चाहता है। जिसने पांच अलग अलग व्यक्तियों से कुल तीन लाख नब्बे हजार रुपये लिए हैं तथा सुनील व राजू के नाम के कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर अल हमीदी पेट्रोलियम कंपनी दुबई के नाम नौकरी दिलाने हेतु बनावाए गये हैं जब भी उपरोक्त लोगों द्वारा घर आकर रुपया मांगा जाता है तो इजहार उर्फ मुंशीर द्वारा उनसे गाली-गलौज की जाती है। आवेदक द्वारा अपने भाई को रुपया वापस करने हेतु कहा गया तो अभियुक्त द्वारा आवेदक से भी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त सूचना पर थाना मोहनगंज पर अभियोग पंजीकृत कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# विद्युत समिति के सभापति व अंगद ने कोटवा में टेका माथा, पारिजात तीर्थ में अव्यवस्थाओं पर मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था समिति के सभापति एमएलसी पवन कुमार चौहान ने एमएलसी अंगद सिंह के साथ आज तीर्थ श्री कोटवाधाम में साहेब साहेब जगजीवन स्वामी के दरबार में माथा टेका व भारत कालीन पारिजात धाम बरोलिया में दर्शन अर्चन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस मध्य पारिजात धाम के पुजारी ने मएलसी अंगद सिंह से धाम में स्ट्रीट नई लाइटें लगवाने और पुरानी लाइटों को दुरुस्त करवाने की मांग की। इस पर एमएलसी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही नई लाइटें लगवा दी जाएंगी और पुरानी लाइटों की मरम्मत भी करवाई जाएगी। विद्युत उपखंड अधिकारी मसौली विमलेश मौर्य ने पारिजात वृक्ष की तस्वीर भेंट कर सभापति का स्वागत किया।इस अवसर पर विद्युत अधीक्षण अभियंता राजबाला,



सिरौलीगौसपुर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, अवर अभियंता राज मौर्य सहित विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।मीडिया से बात करते हुए एमएलसी अंगद सिंह ने बताया कि पारिजात धाम में जो छोटी-छोटी कमियां हैं, उन्हें वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर दूर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पारिजात वृक्ष के पास अंदर लगी बैरिकेडिंग को हटाकर वहां छोटे-छोटे पुष्प के पौधे लगाए जाएंगे, जिससे इसकी सुंदरता बनी रहे।विद्युत कनेक्शन के बड़े दाम के सवाल के जवाब में एमएलसी ने कहा कि इस विषय पर प्रदेश स्तर पर होने वाली बैठक में बात की जाएगी।हमारा उद्देश्य है कि उपभोक्ताओं को आसानी से और कम पैसों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध हो सकें।इसके बाद एमएलसी अंगद सिंह और सभी अधिकारी कोटवाधाम में बड़े बाबा जगजीवन साहब के दरबार में पूजन-अर्चन किया और महंत निलेन्द्र बक्श दास से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी, एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, दुर्गेश दीक्षित, सन्तोष पाण्डेय स्वतंत्र सिंह, बरौलिया ग्राम प्रधान जयप्रकाश वर्मा, मोनू वर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन पर डीएम-एसपी ने किया शक्तिपीठों का निरीक्षण


उरई । चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रथम दिवस ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने गुरुवार को जनपद के प्रमुख शक्तिपीठों, बैरागढ़ स्थित शक्तिपीठ, मां रक्तिदन्तिका एवं अक्षरा माता मंदिर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

## सूचना

मेरे पास पोर्ट नंबर k5320277 में मेरा नाम त्रुटि वश Mubarak ali लिख गया है जो कि गलत है मेरे आधार में मेरा नाम Mubaraq Ahamad है जो की सही है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए Mubaraq Ahamad S/o mohamad Rafi ग्राम मीरापुर पोस्ट बीबियापुर थाना थाना कोठी तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी

## सैमसन राजस्थान रॉयल्स का चेहरा बन गए थे उन्हें खोना बहुत बड़ा नुकसान है: फाफ डुप्लेसी

एजेंसी



नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्याय बन चुके हैं, इसी तरह से संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का चेहरा माना जा सकता है और उनका जाना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।

सैमसन राजस्थान रॉयल्स की तरफ से दो कार्यकाल में 11 सत्र में खेले। वह इस टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने के अलावा सर्वाधिक रन भी बनाए हैं। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलेंगे। डुप्लेसी ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''अगर हम आईपीएल की टीमों पर गौर करें तो अधिकतर टीमों के पास कोई एक ऐसा खिलाड़ी रहा है जो लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा जैसे रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली। मैं संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स के लिए उसी तरह का खिलाड़ी मानता हूं। उन्होंने कहा, ''भले ही वह नई पीढ़ी के खिलाड़ी हैं, लेकिन वह उस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन गए थे। जब मैं राजस्थान रॉयल्स के बारे में सोचता हूं, तो मुझे संजू सैमसन याद आते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उनका किसी अन्य टीम से जुड़ना प्रशंसकों, आईपीएल और टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि उन्होंने वहां बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। डुप्लेसी ने कहा कि सैमसन के जाने से राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाएगी। सैमसन की मौजूदगी में जायसवाल अपना स्वाभाविक खेल खेलते थे लेकिन अब उन पर अधिक जिम्मेदारी आ गई है। उन्होंने कहा, ''संजू की मौजूदगी में यशस्वी जायसवाल को अपना नैसर्गिक खेल खेलने का मौका मिलता था क्योंकि दूसरे छोर से संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। अब ऐसा नहीं होगा और उन पर अधिक जिम्मेदारी होगी। उस तरह के बल्लेबाज के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि वह जिम्मेदारी के बारे में नहीं सोचें। इसलिए यह सत्र उनके लिए सीखने की एक प्रक्रिया होगी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले से उन्हें हैरानी हुई जबकि टीम में जायसवाल, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के सैम कुरेन जैसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे। उन्होंने कहा, ''मुझे इस फैसले से थोड़ा हैरानी हुई क्योंकि उसके पास यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा जैसे भारतीय खिलाड़ी और सैम कुरेन के रूप में विदेशी खिलाड़ी है जो कप्तानी कर सकते थे। इसलिए मुझे यह एक तरह का जुआ लगता है। बालाजी ने कहा कि ऐसे में टीम के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल में कप्तानी सिर्फ मैदान पर फैसले लेने की क्षमता तक सीमित नहीं है बल्कि यह खिलाड़ियों को एकजुट रखने से भी जुड़ा है। इसलिए मुझे लगता है यह एक दोधारी तलवार है। कुमार संगकारा से निश्चित रूप से बहुत मदद मिलेगी। किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के बारे में बालाजी ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी टीमों ने शायद उनकी कमजोरियों की पहचान कर ली होगी, लेकिन इस 14 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह साबित करने का एक बड़ा अवसर है कि आईपीएल में पिछले साल का उनका प्रदर्शन महज संयोग नहीं था।

## मेस्सी ने 900वां गोल किया रोनाल्डो के क्लब में शामिल हुए

एजेंसी




फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। मेस्सी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ़ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की।

लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेस्सी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 900 से अधिक गोल किए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेस्सी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में अपने करियर के 900 गोल पूरे किए। उस समय उनकी उम्र 39 वर्ष थी, जबकि मेस्सी जून में 39 वर्ष के होंगे। इस ऐतिहासिक गोल ने फुटबॉल जगत से बाहर के सितारों का भी ध्यान आकर्षित किया। बास्केटबॉल हॉल ऑफ फ़ेमर मैजिक जॉनसन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेस्सी का 900 गोल तक पहुंचना ''अविश्वसनीय उपलब्धि है। कुछ लोगों का मानना है कि ब्राज़ील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे। विभिन्न स्रोतों के अनुसार पेले ने लगभग 1300 गोल किए थे। इनमें से कुछ गोल उन्होंने निचले स्तर की टीमों के खिलाफ किए थे। पेले ने लीग मैचों में लगभग 650 गोल किए थे। नैशविले ने हालांकि मेस्सी को इस उपलब्धि का जश्न नहीं मानने दिया क्योंकि उसने इंटर मियामी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपने प्रतिद्वंद्वी के घरेलू मैदान पर गोल करने के आधार पर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## आईपीएल 2026: जॉन मूनी दिल्ली कैपिटल्स के फील्डिंग कोच नियुक्त

एजेंसी




नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले अपनी केचिंग टीम को और मजबूत किया है। फ्रेंचाइजी ने आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी जॉन मूनी को फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, ''दिल्ली के डिफेंस में 'आयरिश स्टील' का तड़का। स्वागत है, जॉन मूनी। क्रिकबज के अनुसार मूनी, एंटोन रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सीजन में यह भूमिका निभाई थी। 44 वर्षीय मूनी पहले वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं। वह मुख्य कोच हेमांग बदानी के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए हैं, जिसमें इयान बेल सहायक कोच, मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच और वेणुगोपाल राव डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं। मूनी ने आयरलैंड के लिए 64 वनडे और 27 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस दौरान वनडे में 963 रन और टी-20 में 231 रन बनाए। इस खिलाड़ी के नाम वनडे में 47 और टी20 में 10 विकेट दर्ज हैं। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 में अपने अभियान का आगाज एक अप्रैल को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ करेगी।

## जोस बटलर को उम्मीद, कुछ दिन के आराम से आईपीएल में मदद मिलेगी

एजेंसी




लंदन। इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा है कि टी20 विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद कुछ दिन तक क्रिकेट से दूर रहने से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मदद मिलेगी जिसमें वह गुजरात टाइटन्स के साथ एक नई शुरुआत करना चाहते हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बटलर को टीम का समर्थन मिलता रहा, भले ही भारत और श्रीलंका में खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे थे। विश्व कप में इंग्लैंड की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए बटलर ने आठ मैचों में केवल 87 रन बनाए। उनका औसत 10.87 और स्ट्राइक रेट 116 रहा। इंग्लैंड की टीम मुंबई में सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को उम्मीद है कि पांच मार्च को सेमीफाइनल में हारने के बाद उन्हें विश्राम करने का जो मौका मिला है उससे उन्हें 28 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में मदद मिलेगी। बटलर ने 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट पर कहा, ''मैं क्रिकेट से पूरी तरह दूर रहा। यह उस समय मेरे लिए बिल्कुल सही था। मुझे ठीक इसी की जरूरत थी। उन्होंने कहा, ''जाहिर है विश्व कप में मैं जिस तरह का प्रदर्शन करना चाहता था वैसे नहीं कर पाया। मुझे क्रिकेट से कुछ समय के लिए दूर रहने और खेल के बारे में न सोचने की जरूरत महसूस हुई। उस सप्ताह मैं क्रिकेट से पूरी तरह से दूर रहा। इससे मुझे काफी ताजगी मिली। आईपीएल 2022 का विजेता गुजरात टाइटन्स 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। बटलर ने कहा, ''धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से मैं थोड़ा आत्मचिंतन करना शुरू कर रहा हूं और इस बारे में कुछ सोच रहा हूं कि मेरे लिए और मेरे क्रिकेट के लिए क्या महत्वपूर्ण है। यह वैसा क्यों नहीं हुआ जैसा मैं चाहता था।

## एआई प्लस स्मार्टफोन आईपीएल 2026 से पहले मुंबई और केकेआर से जुड़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। एआई प्लस स्मार्टफोन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का स्मार्टफोन भागीदार होगा। एआई प्लस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल एक ऐसा अवसर होता है जब भारत शहरों, समुदायों और पीढ़ियों के साथ एकजुट होता है। लीग की दो सबसे प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़कर एआई प्लस स्मार्टफोन उन पलों का हिस्सा बनना चाहता है जहां प्रतिस्पर्धा, जश्न और सामूहिक उत्साह राष्ट्रीय चर्चा को परिभाषित करते हैं। मुंबई इंडियंस की टीम पांच बार आईपीएल चैंपियन रह चुकी है, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स ने यह टी20 टूर्नामेंट तीन बार जीता है।

## सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी में भी 10 हजार रुपये से अधिक की गिरावट


एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। गुरुवार को कारोबार की शुरुआत में ही हाजिर सोने के भाव में 320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,740 रुपये से लेकर 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,44,590 रुपये से लेकर 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी के भाव में आज गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सिंगापुर गोल्ड एक्सचेंज में आज हाजिर सोना 4,989.65 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं लंदन सिल्वर मार्केट में हाजिर चांदी की कीमत 79.92 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,890 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन के इस्तीफ़े से शेयर नौ फीसदी लुढ़का

एजेंसी




नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफ़े से गुरुवार सुबह बैंक के शेयर करीब नौ फीसदी गिर गए। बैंक के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 65,176.48 करोड़ रुपये की भारी गिरावट भी आई है। बैंक के शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचने से निवेशकों में चिंता बढ़ गई है। देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने 18 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अतनु चक्रवर्ती मई, 2021 में एचडीएफसी बैंक के बोर्ड में शामिल हुए थे। वे वित्त मंत्रालय में सेक्रेटरी, वर्ल्ड बैंक बोर्ड में अल्टरनेट गवर्नर और नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड (एनआईआईएफ) के चेयरमैन भी रह चुके हैं। वे गुजरात कैडर के आईएएस ऑफिसर थे। नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अपने इस्तीफ़े में उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में बैंक के भीतर की कुछ घटनाएं और काम के तरीके उनकी व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं थीं। इसी वजह से पद छोड़ने का फैसला लिया। चक्रवर्ती ने अपने पत्र में बैंक के स्वतंत्र निदेशकों और विभिन्न विभागों की सराहना भी की, लेकिन साथ ही संकेत दिया कि संगठन में बदलाव की जरूरत है। अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफ़े के बाद एचडीएफसी लिमिटेड के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केकी मिस्त्री को बैंक ने अस्थायी अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से मंजूरी मिल चुकी है।

## एडीबी 2026-30 रणनीति के तहत पाकिस्तान को देगा 10 अरब डॉलर




एजेंसी

इस्लामाबाद। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अगले पांच वर्ष में पाकिस्तान को करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण प्रदान करने का अनुमान है। बृहस्पतिवार को जारी एक खबर में यह जानकारी दी गई। मनीला स्थित इस ऋणदाता संस्था ने कहा कि यह सुविधा उसकी 2026-30 देश साझेदारी रणनीति (सीपीएस 2026-30) का हिस्सा है जिसे बुधवार को शुरू किया गया। समाचारपत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बैंक ने कहा कि सीपीएस '' निजी क्षेत्र-नेतृत्व वाले विकास के माध्यम से देश को टिकाऊ एवं समावेशी वृद्धि की ओर ले जाने के लिए एक खाका प्रस्तुत करता है। इसमें कहा गया, ļ पांच वर्षीय रणनीति तीन मार्ग पर केंद्रित होगी। निजी क्षेत्र के विकास को सक्षम बनाना, समावेशन एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाना और लचीलेपन व स्थिरता को मजबूत करना। इन प्राथमिकताओं को सुशासन एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण, लैंगिक समानता व सामाजिक समावेशन, डिजिटल परिवर्तन और क्षेत्रीय सहयोग एवं एकीकरण जैसे समग्र विषयों से मजबूती मिलेगी। पाकिस्तान के लिए एडीबी की 'कंट्री डायरेक्टर' एम्मा फैन ने कहा, '' नई सीपीएस पाकिस्तान की संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करने और मजबूत व दीर्घकालिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है, जिससे पूरे देश, विशेषकर गरीब व कमजोर वर्गों को लाभ होगा। उन्होंने कहा, '' यह प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश तथा सुधारों को बढ़ावा देती है ताकि आर्थिक वृद्धि को गति मिले एवं रोजगार सृजित हो। एडीबी इस महत्वाकांक्षी एजेंडे को लागू करने में पाकिस्तान के सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों का समर्थन करने के लिए तत्पर है। एडीबी ने कहा कि पाकिस्तान का युवा कार्यबल और प्राकृतिक संसाधनों की समृद्धि आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। निजी क्षेत्र-आधारित वृद्धि की ओर निर्णायक बदलाव इस क्षमता को बढ़ा सकते हैं जिससे अर्थव्यवस्था में परिवर्तन होगा एवं निरंतर निर्यात व निवेश-आधारित विस्तार संभव होगा। टिकाऊ एवं समावेशी वृद्धि की दिशा में बढ़ने के लिए हालांकि पाकिस्तान को कई संरचनात्मक बाधाओं का समाधान करना होगा। इनमें सीमित उत्पादन व निर्यात आधार, बोझिल कारोबारी माहौल और असंतुलित सार्वजनिक वित्त प्रबंधन शामिल हैं।

एडीबी ने कहा कि अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करने और अपने लाभों को दीर्घकालिक विकास में बदलने के लिए पाकिस्तान को स्थायी सुधार करने होंगे और उन्हें सुदृढ़ निवेश के साथ जोड़ना होगा। आर्थिक प्रदर्शन में सुधार का उल्लेख करते हुए एडीबी ने कहा कि उतार-चढ़ाव के दौर के बाद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था स्थिर हो गई है और वृद्धि की राह पर लौट आई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.1 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 0.2 प्रतिशत की गिरावट से सुधार है। औसत मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2023-24 के 23.4 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत रह गई और यह स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के पांच से सात प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ गई।

## मार्च के पहले पखवाड़े में एफआईआई ने स्टॉक मार्केट से 53,700 करोड़ रुपये निकाले, फाइनेंशियल सेक्टर में सर्वाधिक बिकवाली

एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में युद्ध की शुरुआत होने के बाद से ही दुनिया भर के स्टॉक मार्केट की तरह घरेलू शेयर बाजार भी लगातार दबाव में कारोबार कर रहा है। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) शेयर बाजार में जोरदार बिकवाली करके अपने पैसे की निकासी कर रहे हैं। विदेशी निवेशक सबसे अधिक फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली कर रहे हैं। मार्च के पहले पखवाड़े में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों की बिकवाली करके 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। जबकि फरवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने फाइनेंशियल सेक्टर में 8,400 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की थी। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मार्च के महीने में पहले पखवाड़े के कारोबार के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में कुल मिला कर 53,700 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। इसमें अकेले फाइनेंशियल सेक्टर में ही 31,831 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए गए। फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों के अलावा विदेशी संस्थागत निवेशक टेलीकॉम, ऑटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन और ऑयल एंड गैस जैसे दूसरे सेक्टर्स में भी बिकवाली करते रहे।

मार्च के पहले पखवाड़े में विदेशी निवेशकों ने ऑटोमोबाइल सेक्टर में 4,807 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं टेलीकॉम सेक्टर में भी बिकवाली कर विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में 3,856 करोड़ रुपये की निकासी की। इसी तरह कंस्ट्रक्शन सेक्टर में मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान विदेशी निवेशकों ने 2,975 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि ऑयल ऐंड गैस सेक्टर में विदेशी निवेशकों ने बिकवाली कर 2,932 करोड़ रुपये की निकासी की। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान हेल्थ केयर सेक्टर से 2,436 करोड़ रुपये निकाले, वहीं एफएमसीजी सेक्टर में 2,403 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की। इसी तरह रियल्टी सेक्टर से विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान 2,133 करोड़ रुपये निकले, जबकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर से विदेशी निवेशकों ने 1,727 करोड़ रुपये निकले। इसके अलावा मार्च के पहले पखवाड़े में विदेशी निवेशकों ने शेयरों की बिकवाली कर कंस्ट्रक्शन मैटेरियल सेक्टर से 1,492 करोड़ रुपये और आईटी सेक्टर से 1,263 करोड़ रुपये की निकासी की। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण स्टॉक मार्केट के ज्यादातर सेक्टर में जबरदस्त बिकवाली होती रही। हालांकि इसी दौरान कैपिटल गुड्स, मेटल एंड माइनिंग, पावर और कंज्यूमर सर्विसेज सेक्टर के शेयरों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने खरीदारी भी की। मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान कैपिटल गुड्स सेक्टर में विदेशी निवेशकों ने 3,897 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इसी तरह मेटल एंड माइनिंग सेक्टर में विदेशी निवेशकों की खरीदारी का आंकड़ा 876 करोड़ रुपये का रहा। इसके अलावा मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान पावर सेक्टर में विदेशी निवेशकों ने 602 करोड़ रुपये के और कंज्यूमर सर्विसेज सेक्टर के 531 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि घरेलू शेयर बाजार में फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान विदेशी निवेशकों द्वारा जम कर की गई बिकवाली की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ रहे तनाव, बढ़ती बॉन्ड यील्ड से जुड़ी चिंताएं और रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा कैपिटल मार्केट में उधार देने के लिए लागू किए गए सख्त नियमों को माना जा सकता है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के कारण दुनिया भर के बाजार में लगातार तेज उतार-चढ़ाव हो रहा है। इसके साथ ही बॉन्ड यील्ड से जुड़ी चिंताओं के कारण भी ट्रेजरी पोर्टफोलियो पर लगातार निगेटिव असर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में विदेशी संस्थागत निवेशक दुनिया भर के शेयर बाजारों में बिकवाली कर अपना पैसा निकालने की कोशिश में जुट गए हैं।

# देश के ऊर्जा क्षेत्र में योगदान दें वैश्विक निवेशक : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने उनसे भारत में ''निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार'' करने का भी आग्रह किया।

यशोभूमि में आयोजित 'भारत बिजली शिखर सम्मेलन' 2026 में केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लिखित संदेश पढ़ा, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं वैश्विक समुदाय को भारत में निर्माण करने, भारत में नवाचार करने, भारत में निवेश करने और भारत के साथ विस्तार करने के लिए आमंत्रित करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन सार्थक संवाद एवं स्थायी साझेदारियों को बढ़ावा देगा, जो भारत की वृद्धि को ऊर्जा प्रदान करेंगी। ''

उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूरे बिजली व ऊर्जा तंत्र को एक मंच पर लाना है, ताकि विचारों का आदान-प्रदान हो, सहयोग को बढ़ावा मिले और विकास व जीवन स्तर सुधार के लिए साझा मार्ग तैयार किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह विकास को ऊर्जा प्रदान करने एवं स्थिरता लाने, वैश्विक स्तर पर जुड़ने और 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के हमारे साझा संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और हम अवसंरचना को मजबूत कर रहे हैं तथा सभी के लिए विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की प्रगति इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मोदी ने कहा कि 50 फीसदी से अधिक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता पहले ही हासिल की जा चुकी है और 2030 तक 500 गीगावाट का स्पष्ट लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' जैसी पहल वैश्विक सहयोग के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण, बैटरी विनिर्माण को आगे बढ़ाने, हरित रोजगार सृजन और साहसिक सुधारों के माध्यम से निवेश को सक्षम बनाने में एक विश्वसनीय ऊर्जा भागीदार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि 'शांति अधिनियम 2025' परमाणु ऊर्जा में नए अवसर खोलता है, जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विकेंद्रीकृत उत्पादन एवं टिकाऊ खपत को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वितरण सुधार एवं दक्षता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे वित्तीय स्थिति सुधारने में मदद मिली है। इससे अधिक कुशल व टिकाऊ क्षेत्र का संकेत मिलता है, जिसमें मूल्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर व्यापक अवसर हैं और भारत बड़े पैमाने पर निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन भारत के विकास को गति प्रदान करने हेतु सार्थक संवाद और दीर्घकालिक साझेदारियों को उत्प्रेरित करेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में आज चार दिवसीय 'भारत बिजली शिखर सम्मेलन' 2026 की शुरुआत हुई है, जो 22 मार्च तक चलेगी।

## मोदी ने फ्रांस के मैक्राँ, ओमान के सुल्तान हैतम, मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम से की बातचीत की

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में लम्बे खिंच रहे युद्ध और उससे उत्पन्न चुनौतियों के बीच गुरूवार को फ्रांस के राष्ट्रपति एम्मेनुअल मैक्राँ , ओमान के सुल्तान हैतम बिन तारिक और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से फोन पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने इन तीनों नेताओं से पश्चिम एशिया में लड़ाई को रोकने और उसके बाद वहां शांति तथा स्थिरता को पुनर्स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति की राह को प्राथमिकता दिये जाने की जरूरत पर बल दिया। श्री मोदी ने इन तीनों नेताओं से अपनी अलग-अलग फोन वार्ताओं की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी। फ्रांस के राष्ट्रपति श्री मैक्राँ के साथ हुई वार्ता के बारे में प्रधानमंत्री ने डिजिटल सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा , ' मैंने अपने प्रिय मित्र, फ्रांस के राष्ट्रपति एम्मेनुअल मैक्राँ से पश्चिम एशिया की स्थिति और तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता, साथ ही संवाद और कूटनीति के रास्ते पर लौटने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने इसी पोस्ट में आगे लिखा, ' हम उस क्षेत्र और उससे आगे भी शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपने घनिष्ठ समन्वय को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ओमान के सुल्तान से बातचीत के बारे में श्री मोदी ने कहा, अपने भाई, ओमान के सुल्तान हैतम बिन तारिक से भी सार्थक बातचीत की और ओमान की जनता को अग्रिम ईद की शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं की पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने इस बारे में अपनी पोस्ट में कहा, ' हम इस बात पर सहमत हुए कि तनाव कम करने और शांति एवं स्थिरता की बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की पुनः कड़ी निंदा की है तथा ओमान में रह रहे भारतीय नागरिकों सहित वहां रह रहे हजारों लोगों बाहरी लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के ओमान के प्रयासों की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और ओमान हारमूज जलडमरूमध्य के रास्ते से सुरक्षित और मुक्त नौवहन की सुविधा के पक्षधर हैं। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री इब्राहिम तथा मलेशिया की जनता को आगामी त्योहार 'हरि राया आदिलफित्री' (ईद- उल फितर) की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री श्री इब्राहिम ने बातचीत में पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और क्षेत्र में तनाव कम करने तथा शीघ्र शांति बहाल करने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाए जाने के लिए पुनः अपनी प्रतिबद्धता जतायी। श्री मोदी ने कहा कि इस बातचीत में ''हमने पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर भी चर्चा की और संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने तथा शीघ्र शांति बहाल करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से ईरान के विरुद्ध अमेरिका और इजराइल के सैन्य अभियान के बाद वहां विमानों , प्रक्षेपास्त्रों और ड्रोन से भीषण युद्ध चल रहा है। ईरान की सेना क्षेत्र में अमेरिका को सैन्य अड्डों के लिए स्थान देने वाले देशों के आर्थिक प्रतिष्ठानों और बुनियादी सुविधाओं पर हमले कर रही है। ईरान ने हारमूज जलडमरूमध्य में जहाजों का रास्ता रोक दिया है जिससे विश्व में तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई और कच्चे तेल के भाव उछाल पर हैं।

## भाजपा ने हिमंता को जालुकबाड़ी और बारदोलई को दिसपुर से बनाया उम्मीदवार

एजेंसी

नयी दिल्ली। असम विधानसभा चुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से जारी 88 उम्मीदवारों की पहली सूची में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा को उनकी परंपरागत जालुकबाड़ी विधानसभा सीट से एक बार फिर मैदान में उतारा गया है। वहीं कुछ तीन दिन पहले भाजपा में शामिल हुये वरिष्ठ कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद प्रद्योत बारदोलई को पार्टी ने दिसपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा द्वारा जारी सूची के अनुसार, रंजीत कुमार दास को भवनिपुर-सोरभोग, जयंत मल्ल बरुआ को नलबाड़ी और चंद्रमोहन पटोवारी को तिहु से टिकट दिया गया है। इसके अलावा बिस्वजीत दैमरी को तामुलपुर, राणोज पेगू को ढेमाजी और विजय मलाकर को रामकृष्ण नगर से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने भूपेन कुमार बोरा को बिहपुरिया, कृष्णेंदु पॉल को पाथरकांडी और अशोक सिंघल को ढेकियाजुली से मैदान में उतारा है। वहीं डॉ. राजदीप रॉय को सिलचर, पल्लब लोचन दास को बिश्वनाथ, रमेश्वर तेली को डुलियाजन और सुषांत बोरगोहेन को डेमोव से टिकट मिला है। महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए भाजपा ने पहली सूची में छह महिलाओं को मौका दिया है। इनमें माधवी दास (बिरसिंग-जरुआ), ज्योत्सना कलिता (चामरिया), नीलिमा देवी (मंगलदई), अजंता नेओग (गोलाघाट), निसो तेरांगपी (डिफू) और रुपाली लांगथासा (हाफलोंग) शामिल हैं। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम तय किए गए। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### व्यापार समझौते पर भारत अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में, समझौता टालने की बात सही नहीं: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को कुछ महीनों तक स्थगित करने से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को गलत बताते हुए कहा है कि दोनों देश इस समझौते के बारे में निरंतर संपर्क बनाये हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर मीडिया में आ रही रिपोर्ट सही नहीं हैं और ये वास्तविक स्थिति को सही रूप में प्रस्तुत नहीं करती।

## ममता ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को 'अघोषित आपातकाल' बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली/कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को चुनाव आयोग पर तीखा हमला करते हुए आगामी चुनावों से पहले राज्य के खिलाफ अभूतपूर्व हस्तक्षेप और पक्षपात का आरोप लगाया है।

अपने ह्वाट्सएप चैनल पर पोस्ट संदेश में सुश्री बनर्जी ने दावा किया है कि आयोग ने 'पश्चिम बंगाल को चुन-चुनकर निशाना बनाया है', जो 'बेहद चिंताजनक' है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और कई अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों सहित 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को चुनाव की औपचारिक अधिसूचना जारी होने से पहले ही 'मनमाने ढंग से हटा दिया गया' है।

उन्होंने कहा, ''यह कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह उच्चतम स्तर का राजनीतिक हस्तक्षेप है।''मुख्यमंत्री ने इन घटनाक्रमों को संस्थानों के बढ़ते राजनीतिकरण का हिस्सा बताया। सुश्री बनर्जी ने कहा, ''जिन संस्थानों को निष्पक्ष रहना चाहिए, उनका व्यवस्थित राजनीतिकरण करना सीधे तौर पर संविधान पर हमला है।'' उन्होंने आगे कहा कि आयोग का यह आचरण 'स्पष्ट पक्षपात और राजनीतिक हितों के सामने आत्मसमर्पण' को दर्शाता है। उनकी यह टिप्पणी राज्य में बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच आयी है, जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अक्सर विपक्षी भारतीय जनता पार्टी पर पश्चिम बंगाल की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का आरोप लगाती रही है। सुश्री बनर्जी ने मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर भी चिंता जतायी।

उन्होंने इस प्रक्रिया को 'बेहद त्रुटिपूर्ण' बताया और आरोप लगाया कि इससे जनता में घबराहट पैदा हुई है। उन्होंने दावा किया कि ' उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना करते हुए' अभी तक पूरक मतदाता सूची प्रकाशित नहीं की गयी है, जिससे नागरिक अनिश्चितता की स्थिति में हैं। उन्होंने सवाल किया, ''भाजपा इतनी बेताब क्यों है? बंगाल और यहां के लोगों को लगातार निशाना क्यों बनाया जा रहा है?'' सुश्री बनर्जी ने पार्टी पर आरोप लगाया कि आजादी के दशकों बाद भी नागरिकों को कतारों में खड़े होने और अपनी नागरिकता साबित करने को मजबूर करने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आयोग की कार्रवाइयों में विरोधाभासों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन अधिकारियों को उनके पदों से हटाया गया था, उन्हें कुछ ही घंटों के भीतर फिर से चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में तैनात कर दिया गया। उन्होंने सिलीगुड़ी और बिधाननगर जैसे प्रमुख शहरी केंद्रों का उदाहरण दिया, जहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को बिना किसी तत्काल विकल्प के पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया गया। उनके अनुसार, इससे 'महत्वपूर्ण शहरी केंद्र प्रभावी रूप से बिना मुखिया के रह गये हैं'। सुश्री बनर्जी ने कहा, ''यह शासन नहीं है। यह अराजकता, भ्रम और घोर अक्षमता को सत्ता के रूप में पेश करने जैसा है।'' सुश्री बनर्जी ने स्थिति को 'अघोषित आपातकाल और राष्ट्रपति शासन का अघोषित रूप' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 'जबरदस्ती और संस्थानों के दुरुपयोग के जरिये पश्चिम बंगाल पर नियंत्रण करने की सोची-समझी साजिश' है।

## पेज एक का शेष

### धधक रहीं सऊदी...

में भी प्रकाशित किया गया था। ईरानी राजदूत ने कहा, ''कतर, कुवैत और यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, उन्होंने ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है।'' उन्होंने कहा कि ये कार्य आपसी सम्मान और अच्छे पड़ोस के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन हैं। श्री इरावानी ने कहा कि ईरान, आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार के तहत यह मानता है कि उस पर हमले के लिए इस्तेमाल किये जा रहे किसी भी सैन्य अड्डे को निशाना बनाना वैध है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) के अनुसार, इरावानी ने चेतावनी दी, ''ईरान आगे नागरिकों को क्षति पहुंचाने वाले हमलों को रोकने के लिए आवश्यक और उचित उपाय करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है।'' श्री इरावानी ने कहा कि ईरान ने हमेशा खाड़ी देशों के साथ अच्छे पड़ोस के सिद्धांत का पालन किया है। हालांकि, दुर्भाग्य से, कतर, यूएई और कुवैत द्वारा इस सिद्धांत पर विचार नहीं किया गया है।इसके साथ ही इन देशों ने अमेरिका को ईरान के खिलाफ सशस्त्र हमले शुरू करने और जारी रखने के लिए अपने क्षेत्रों का उपयोग करने की अनुमति दी है। ईरानी राजदूत ने अपने पत्र में कहा कि कतर के 'अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गलत कृत्यों' के कारण ईरान को हुए सभी भौतिक और नैतिक नुकसान के मुआवजे देना चाहिए। अरब और इस्लामी देशों के 12 विदेश मंत्रियों ने पड़ोसी देशों पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे हमलों को किसी भी बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता है।अज़रबैजान, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को रियाध में एक बैठक की और तत्काल शत्रुता समाप्त करने एवं अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान किया। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गयी है। बैठक के बाद जारी एक बयान में, विदेश मंत्रियों ने तेल सुविधाओं, विलवणीकरण संयंत्रों, हवाई अड्डों, आवासीय स्थलों, राजनयिक मिशनों सहित आवासीय क्षेत्रों एवं नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के सुनियोजित ईरानी हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के दूसरे सबसे बड़े अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, सऊदी गजट के अनुसार, उन्होंने ईरान से तत्काल अपने हमलों को रोकने, अंतरराष्ट्रीय कानून एवं अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने, क्षेत्रीय स्थिरता को बहाल करने और तनाव कम करने की दिशा में पहले कदम के रूप में अच्छे पड़ोसी होने के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। सऊदी अरब में, अल खारज के रिहायशी इलाकों और रास तनुरा रिफाइनरी में मिसाइलें दागी गई। कतर में, आज सुबह अल उदैद एयर बेस और रास लाफान पर कई हमले किए गए। कतर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष से संपर्क कर अपने क्षेत्र पर जारी ईरानी हमलों के कारण अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए 'राष्ट्रीय संप्रभुता के घोर उल्लंघन और सीधे खतरे' के रूप में वर्णित चिंताओं को उठाया है। संयुक्त राष्ट्र को भेजा गया कतर का यह नवां पत्र है।इस पत्र में कतर ने कहा है कि कथित कार्रवाई उसकी संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधे खतरा पैदा करती हैं। यह पत्र संयुक्त राष्ट्र में कतर की स्थायी प्रतिनिधि शेखा आलिया अहमद बिन सैफ अल-थानी ने पेश किया है। पत्र के अनुसार, कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका। इसमें यह भी बताया गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप नागरिक घायल हुए हैं, हालांकि हताहतों के विवरण पर अधिक जानकारी तुरंत प्रदान नहीं की गयी है।

### ईरान के गैस बुनियादी...

ऑपरेशन बताया। इस हमले के जवाब में ईरान ने कुछ ही घंटों बाद कतर स्थित 'रास लफान' औद्योगिक शहर पर मिसाइल हमले किए, जो वैश्विक एलएनजी का एक बड़ा केंद्र है। कतरएनर्जी ने इस हमले में भारी नुकसान होने की पुष्टि की है। इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच कतर के अधिकारियों ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ से स्पष्टीकरण मांगा है। श्री ट्रंप ने हालांकि सार्वजनिक रूप से कहा था कि वाशिंगटन को हमले की पूर्व जानकारी नहीं थी, लेकिन बाद में अधिकारियों ने संकेत दिया कि उन्होंने इजरायली हमले को मंजूरी दी थी। श्री ट्रंप ने अब चेतावनी दी है कि अगर ईरान फिर से कतर पर हमला करता है, तो इजरायल 'साउथ पार्स' पर दोबारा हमले कर सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वाशिंगटन के पास पूरे 'साउथ पार्स' क्षेत्र को नष्ट करने की क्षमता है, लेकिन वे इसके दूरगामी परिणामों से बचना चाहते हैं। ऊर्जा बुनियादी ढांचे को सीधे सैन्य निशाना बनाए जाने से वैश्विक गैस आपूर्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चूंकि 'साउथ पार्स' और 'रास लफान' वैश्विक एलएनजी बाजारों के केंद्र हैं, इसलिए यहां किसी भी तरह के व्यवधान से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतों में भारी उछाल आने की आशंका है।

### 'सिर्फ हमारे लिए ही...

से सुरक्षित निकालने में सफल रहा है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार ने कहा है कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारतीय दूतावास और सरकार लगातार संपर्क में हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। भारत इस संकट के बीच अपनी ऊर्जा जरूरतों को भी सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहा है। होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर स्थिति को सामान्य बनाए रखना भारत के लिए जरूरी है, क्योंकि यही रास्ता तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा स्रोत है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत कई देशों और हितधारकों के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। सरकार का कहना है कि वह कूटनीति के जरिए समाधान निकालने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### सवा लाख लोगों ...

किया कि देश में कच्चे तेल की स्थिति और रिफाइनरी संचालन सामान्य है। खुदरा पंपों पर किसी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है और सभी खुदरा केंद्र सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। घरेलू पाइप प्राकृतिक गैस और परिवहन हेतु संपीड़ित प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति बिना किसी कटौती के सुनिश्चित की गई है। संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार की उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लेने तथा एलपीजी से पीएनजी पर आने की अपील का असर हुआ है और पिछले दो सप्ताह में लगभग सवा लाख नए घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पिछले तीन दिनों में 5600 से अधिक एलपीजी उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन में स्थानांतरित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी के संबंध में लगभग 17 राज्य सरकारों ने आवंटन आदेश जारी किए हैं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आपूर्ति दी गई है। इसके अतिरिक्त, लगभग 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अतिरिक्त केरोसिन आवंटन के आदेश जारी किए हैं। अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से जमाखोरी और कालाबाजारी की शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं और सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को पुनः पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई करने और कानून के तहत उल्लंघन पर कठोर दंड देने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं तथा 25 में जिला स्तरीय निगरानी समितियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में छापेमारी जारी है। कल लगभग 6000 छापे मारे गये। उत्तर प्रदेश में लगभग 1100 छापे, लगभग 1000 सिलेंडर जब्त, 17 प्राथमिकी दर्ज और एक गिरफ्तारी हुई। मध्य प्रदेश में 1632 छापे और लगभग 2500 सिलेंडर जब्त किए गए। तेलंगाना में लगभग 1000 छापे और 2300 सिलेंडर जब्त किए गए। तेल विपणन कंपनियाँ भी सक्रिय हैं और कल लगभग 2000 खुदरा केंद्रों तथा वितरक केंद्रों का निरीक्षण किया गया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि सरकार ने घरेलू एलपीजी और पीएनजी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। साथ ही केरोसिन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों की भी व्यवस्था की गई है। पर्यावरण मंत्रालय ने राज्य सरकारों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इन वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग की अनुमति देने की सलाह दी है। कोयला मंत्रालय ने कोल इंडिया और अन्य इकाइयों को राज्यों को अधिक मात्रा में कोयला उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस से जुड़े सभी संस्थानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार सभी स्तरों पर घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की तरह अब एलपीजी आयात के स्रोतों में भी विविधता लायी जा रही है। इसके तहत अमेरिका से एलपीजी लेना शुरू कर दिया गया है।

### स्वदेशी ड्रोन निर्माण...

आसान कार्य नहीं है। अधिकांश देशों में जहां ड्रोन बनाए जाते हैं, वहां अनेक महत्वपूर्ण कलपुर्जे वर्तमान में चीन से आयात किए जाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि किसी भी देश के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण बड़े उद्योगों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, नव-उद्यमों और नवोन्मेषकों के योगदान पर निर्भर करता है, साथ ही सरकार की स्पष्ट नीतिगत दिशा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है, जो देश की विशिष्ट रक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप हो। उन्होंने निजी क्षेत्र से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया और सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया ताकि भारत को स्वदेशी ड्रोन निर्माण का वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। रक्षा मंत्री ने रक्षा भारत नव-उद्यम चुनौती के 14वें संस्करण और आईडेक्स ढांचे के अंतर्गत 'अदिति चुनौतियों' के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। रक्षा बलों, भारतीय तटरक्षक बल और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी से प्राप्त कुल 107 समस्या विवरण जारी किए गए, जिनमें 82 रक्षा भारत नव-उद्यम चुनौती के अंतर्गत और 25 अदिति चुनौतियों के अंतर्गत शामिल हैं, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से संबंधित 101 नवाचार चुनौतियों की एक नई पहल भी शुरू की गई, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा नव-उद्यमों द्वारा डिजाइन-आधारित नवाचार को प्रोत्साहित करना है। इन चुनौतियों को रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा और विजेता नव-उद्यमों को मार्गदर्शन, परीक्षण सुविधाएँ तथा उनकी आपूर्ति श्रृंखला में संभावित एकीकरण के अवसर प्रदान किए जाएँगे। श्री सिंह ने आईडेक्स और अदिति को परिवर्तनकारी पहल बताते हुए कहा कि इनके माध्यम से नव-उद्यमों, नवोन्मेषकों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को रक्षा बलों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन समाधान विकसित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि फरवरी 2026 तक लगभग 676 नव-उद्यम, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा व्यक्तिगत नवोन्मेषक रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ चुके हैं। अब तक 548 अनुबंध किए जा चुके हैं और 566 चुनौतियाँ शुरू की गई हैं। इनमें से 58 प्रतिरूपों को लगभग 3853 करोड़ रुपये के मूल्य पर खरीद के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अतिरिक्त लगभग 2326 करोड़ रुपये के 45 खरीद अनुबंध पहले ही किए जा चुके हैं। ये आँकड़े दर्शाते हैं कि नवाचार धीरे-धीरे ठोस उत्पादों और प्रौद्योगिकियों में परिवर्तित हो रहा है।

### रामराज्य के...

परिकल्पना राम-राज्य के वर्णन में प्राप्त होती है। गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं,नहिं दरिद्र कोउ, दुखी न दीना। नहिं कोउ अबुध, न लच्छन हीना।। यानी राम-राज्य में न कोई दुखी है, न निर्धन है, न परावलंबी है, न बुद्धिहीन है और न ही कोई संस्कारहीन है। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक के दौरान 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी की सीमा रेखा से ऊपर लाया गया है तथा ऐसे प्रयास किए गए हैं ताकि वे गरीबी से मुक्त रहें। राम-राज्य का आदर्श आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समरसता के उच्चतम मानकों को प्रस्तुत करता है। माता-शबरी से प्रभु श्रीराम का भावपूर्ण मिलन, निषाद-राज से उनका स्नेह-संबंध, युद्ध में कोल-भील-वानर आदि का सहयोग लेना, जटायु, जाम्बवन्त और गिलहरी आदि सभी को सम्मान तथा स्नेह और प्रेरणा देना, ऐसे अनेक प्रसंग एक सर्व-स्पर्शी तथा सर्व-समावेशी जीवन दर्शन को अपनाने का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। आज के संदर्भ में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि सामाजिक समावेश तथा आर्थिक न्याय के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं की सुरक्षा के लिए भी बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय लक्ष्य तय किए गए हैं और उन्हें कार्यरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राम-राज्य के आदर्शों पर चलते हुए हम सब नैतिकता और धर्माचरण पर आधारित राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का आदर्श वाक्य है- रामो विग्रहवान् धर्मः अर्थात प्रभु श्रीराम धर्म के मूर्तिमान स्वरूप हैं। धर्म के व्यापक अर्थ के आधार पर निजी और सामूहिक जीवन को संचालित करके ही हम प्रभु श्रीराम की सच्ची पूजा-अर्चना कर पाएंगे। आज 'साकेत' यानी प्रभु श्रीराम की अयोध्या नगरी में हम सब यह संकल्प लें कि भारत माता के गौरव को विश्व समुदाय के शिखर पर ले जाएंगे। प्रभु श्रीराम की कृपा से हमारा यह संकल्प सिद्ध हो। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण रामराज्य की आधारशिलाः योगी आदित्यनाथ अयोध्या में श्रीराम यंत्र प्रतिष्ठापना कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भारत के राष्ट्र मंदिर का प्रतीक बन गया है। यह रामराज्य की आधारशिला भी है। दुनिया में तमाम युद्ध चल रहे हैं, अव्यवस्था, आर्थिक अराजकता, भय-आतंक है और अयोध्याधाम में हम लोग भयमुक्त होकर राष्ट्रपति का अभिवादन करने के साथ ही श्रीराम यंत्र की स्थापना कार्यक्रम के सहभागी बनकर रामराज्य की अनुभूति कर रहे हैं।

### सनातन परंपरा के...

कि हम ऐसे समय में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के साक्षी बन रहे हैं, जब विश्व अशांत है, और यह हमारे लिए रामराज्य की अनुभूति का क्षण है। उन्होने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आस्था को अंधविश्वास बताकर उसका अपमान किया गया, जबकि स्वयं सत्ता में रहने वाले लोग नोएडा जाने जैसे मिथकों का पालन करते रहे। उन्होंने कहा कि सदियों के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि का भव्य स्वरूप सामने आया है, जो देश की आस्था का प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज 'राष्ट्र मंदिर' का स्वरूप ले चुका है और यह रामराज्य की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों– अयोध्या, काशी, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन में कुल 156 करोड़ श्रद्धालु-पर्यटक पहुंचे, जो राज्य की बढ़ती आध्यात्मिक पहचान को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन से जुड़े संतों, रामभक्तों और कारीगरों का अभिनंदन किया तथा दिवंगत अशोक सिंघल सहित सभी योगदानकर्ताओं को नमन किया। इस अवसर पर अमृतानंदमयी समेत कई संत-महात्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शेयर बाजार...

कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 3.29 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.94 प्रतिशत गिर गया। ऑटो सेक्टर का सूचकांक चार प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। एनएसई में वित्त, बैंकिंग, आईटी, धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। सबसे कम 1.98 प्रतिशत की गिरावट तेल एवं गैस सेक्टर के सूचकांक में देखी गयी। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में बंद हुईं। इटरनल का शेयर साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी पांच प्रतिशत से अधिक गिर गये। एलएंडटी, इंडिगो, बजाज फिनसर्व और ट्रेंट में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही।एक्सिस बैंक, इंफोसिस, मारुति सुजुकी, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच फिसल गये। बीईएल, टाइटन, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, सनफार्मा, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और एनटीपीसी के शेयर एक से तीन प्रतिशत तक लुढ़क गये।

# नवरात्र के पहले दिन मनसा देवी और चंडी देवी मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें, व्यवस्था संभालने में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर धर्मनगरी हरिद्वार के प्रमुख मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। नगर के मां मनसा देवी मंदिर, मां चंडी देवी मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। दूर-दूर से आए भक्त माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए घंटों लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए हरिद्वार पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रमुख मंदिर मार्गों, प्रवेश द्वारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की कतारों को व्यवस्थित करने के साथ-साथ उन्हें सुगम और सुरक्षित तरीके से दर्शन कराने में सहयोग कर रहे हैं। मंदिर मार्गों पर बैरिकेडिंग और दिशा-निर्देशों के माध्यम से भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। हरिद्वार पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें, निर्धारित मार्गों का पालन करें और धैर्य बनाए रखें, जिससे सभी भक्तों को सुरक्षित और सुचारु रूप से माता के दर्शन का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त तीर्थनगरी के शीलता माता मंदिर, सुरेश्वरी देवी मंदिर, काली मंदिर, दक्षिणकाली मंदिर समेत तमाम मंदिरों में भारी भीड़ रही। नवरात्र के पावन अवसर पर हरिद्वार में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है तथा मंदिरों में जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

## इंदौर में बिहार के किशनगंज जिले के रहनेवाले 6 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मध्य प्रदेश के इंदौर में इलेक्ट्रिक कार के चार्जिंग प्वाइंट में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग से बिहार के किशनगंज जिले के रहनेवाले 06 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि मध्य प्रदेश सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके गांव तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।


## पूर्व आईएएस अधिकारी कंवलजीत सिंह चीमा शिरोमणि अकाली दल में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पूर्व आईएएस अधिकारी कंवलजीत सिंह चीमा बृहस्पतिवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। पश्चिम बंगाल कैडर के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी चीमा ने अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति पर, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के विशेष प्रधान सचिव के रूप में सेवाएं दी थीं। चीमा को पार्टी में शामिल करने के बाद बादल ने कहा कि उनके शामिल होने से शिअद और मजबूत होगी। बादल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि चीमा को पंजाब और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में लंबा प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने बताया कि चीमा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विशेष प्रधान सचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। शिअद अध्यक्ष ने कहा कि जब चीमा प्रकाश सिंह बादल के साथ तैनात थे, तब वह लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए 'संगत दर्शन' कार्यक्रमों में उनके साथ रहते थे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर हमला बोलते हुए बादल ने दावा किया कि राज्य को 2022 से 2026 तक केवल 2,600 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ, जबकि भगवंत मान सरकार ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का दावा किया था। बादल ने आरोप लगाया कि यह सरकार लोगों को गुमराह करने के लिए सिर्फ झूठ बोलती है। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अराजकता फैली हुई है और गैंगस्टरों का बोलबाला है।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम सुहाना हवा की गुणवत्ता में सुधार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार शाम हुई बारिश और गुरुवार को हल्की बूंदाबांदी से तापमान में 5 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। पालम और सफदरजंग में तापमान 29 डिग्री से गिरकर 19 डिग्री सेल्सियस हो गया, जबकि लोधी रोड पर 8.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। अन्य इलाकों में भी तापमान 5 से 10 डिग्री तक घटा। बारिश से मौसम सुहाना हो गया है और वायु गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है।

मौसम विज्ञान विभाग ने आज (19 मार्च) के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी करते हुए चेतावनी दी कि दोपहर से लेकर रात के बीच कभी भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है और तेज़ हवाएं चल सकती हैं। गुरुवार सुबह भी कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। अगले दो दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा और बीच-बीच में बारिश और आंधी का असर देखने को मिलेगा। राजधानी के कई हिस्सों में सुबह से ही बादल छाए रहे और हवा की रफ्तार सामान्य से अधिक रही। मौसम विभाग ने 19 एवं 20 मार्च को गरज-बिजली के साथ हल्की बारिश और तेज हवाओं का अनुमान जारी किया है। बीस मार्च को अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री और न्यूनतम 16 से 18 डिग्री रहने का अनुमान है। 21 मार्च को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा और अधिकतम तापमान 29 से 31 डिग्री तथा न्यूनतम 14 से 16 डिग्री रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर में मौसम ठंडा और सुहावना बना रहेगा।

बारिश और आंधी के चलते हवा की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक बारिश के बाद आनंद विहार में एक्यूआई 198 से घटकर 145, अशोक विहार में 175 से घटकर 139, बवाना में 183 से घटकर 147, रोहिणी में 196 से घटकर 140 और जेएनयू में 129 से घटकर 112 हो गया। आईजीआई एयरपोर्ट पर एक्यूआई 127 दर्ज किया गया। राजधानी के कई इलाकों में प्रदूषण स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। तालकटोरा गार्डन में भी एक्यूआई 131 से घटकर 119 हो गया।

# नालंदा में एलपीजी की कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नालंदा, बिहारशरीफ। नालन्दा जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ आपूर्ति शृंखला की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आंकड़ों के अनुसार, आईओसीएल की 18 एजेंसियों के पास 4,501 सिलेंडर, बीपीसीएल की 27 एजेंसियों के पास 7,148 और एचपीसीएल की 09 एजेंसियों के पास 3,684 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर गैस की किल्लत को लेकर फैल रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही ऐसी अपुष्ट खबरों को साझा करें।जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ता घबराहट में आकर अनावश्यक बुकिंग न करें और केवल डिजिटल या अधिकृत माध्यमों से बुकिंग के बाद ही सिलेंडर प्राप्त करें। कालाबाजारी करने वालों से गैस खरीदने से बचने की भी सलाह दी गई है।गैस वितरण में आ रही किसी भी समस्या या कालाबाजारी की सूचना देने के लिए जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। उपभोक्ता दूरभाष पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। एसपी भारत सोनी ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति गैस सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित विभिन्न तेल कंपनियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंजाबी गायक मनकीरत औलख को जान से मारने की धमकी

चंडीगढ़। पंजाब के प्रसिद्ध गायक मनकीरत औलख को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी दी गई है। यह धमकी बंबीहा गैंग के गैंगस्टर लक्की पटियाल की तरफ से दी गई है। लक्की पटियाल का नाम बुधवार को चंडीगढ़ में हुई प्रापर्टी डीलर की हत्या में भी सामने आ चुका है। मनकीरत औलख को धमकी देने वाले ने कहा है कि प्रापर्टी डीलर चरणप्रीत की हत्या के संबंध में कई लोगों को मिर्ची लगी है। यह वही लोग हैं जो इसके साथ क्राइम में पार्टनर हैं और नाजायज तरीके से जमीन पर कब्जा करते हैं। आगे कहा कि अब मनकीरत औलख की बारी है। वह चाहे जितने भी गनमैन ले ले। लेकिन उसका अब नंबर लगना है।

वह मोहाली में बैठा रहता है और विदेश की स्टोरी डालता रहता है। बुधवार को सेक्टर 9 में प्रॉपर्टी डीलर चरणप्रीत की 12 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जिम्मेदारी लक्की पटियाल ने ली है। नए साल पर मोहाली में हुए मनकीरत औलख के शो में प्रॉपर्टी डीलर चरणप्रीत पहुंचा था।

# भाजपा महिषी दक्षिणी मंडल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवादाता




सहरसा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026 के तहत सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा के महिषी दक्षिणी मंडल का प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को महिषी तारा स्थान स्थित विवाह भवन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र से लेकर सात सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने राज्य और केंद्र सरकार की उपलब्धियां'' विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि कैसे सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही हैं।इस मंडल कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण झा एवं संचालन जिला के मंत्री कुमार गौरव सिंह ने किया।प्रशिक्षण शिविर को भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि इस प्रशिक्षण में मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और संगठन की मजबूती व सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।इस मंडल कार्यशाला में जिला के प्रवक्ता अभिषेक पांडेय,अभिनंदन कुशवाहा,मंत्री पंकज पाठक,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत झा, भगवान झा,किसान मोर्चा के लक्ष्मी झा, प्रदेश नेता शंकर ठाकुर, बृजकिशोर झा पप्पन,संजीव कुंवर आदि वक्ताओं ने कार्यशाला को संबोधित किया।

# मुख्यमंत्री ने झंडेवालान मंदिर में की पूजा-अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गुरुवार को झंडेवालान मंदिर में मां आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि चैत्र नवरात्रि भारतीय संस्कृति का एक पावन पर्व है, जो शक्ति, श्रद्धा और नवआरंभ का प्रतीक है। यह नौ दिनों का उत्सव मां आदिशक्ति के विभिन्न स्वरूपों की आराधना का अवसर है, जहां भक्ति के साथ आत्मसंयम, साधना और सकारात्मक ऊर्जा का संकल्प जुड़ा होता है। मुख्यमंत्री इस दौरान झंडेवालान मंदिर में आयोजित भजन क्लबिंग में मां आदिशक्ति की भक्ति और संगीत के दिव्य संगम का अनुभव किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि भक्ति की इस मधुर धारा ने वातावरण को मां के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। यह नया सांस्कृतिक स्वरूप हमारे युवाओं को सनातन परंपरा से जोड़ते हुए उनके भीतर श्रद्धा, ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार कर रहा है।

# लिपुलेख दर्रे से फिर शुरू होगा भारत-चीन सीमा व्यापार, प्रशासन ने तेज की तैयारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में वर्ष 2026 के लिए भारतऽचीन सीमा व्यापार को पुनः प्रारम्भ करने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। व्यापार अवधि जून से सितम्बर तक निर्धारित है। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में जिला आपदा परिचालन केंद्र सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय की ओर से लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः शुरू करने के लिए अनापत्ति प्रदान की जा चुकी है। इसके मद्देनजर प्रस्तावित व्यापार सत्र -2026 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को बताया गया है कि भारतऽचीन समझौते के तहत व्यापार अवधि जून से सितम्बर तक निर्धारित है। हालांकि मौसम की अनुकूलता के आधार पर इस अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि व्यापार प्रारम्भ होने से पूर्व आधारभूत संरचना, सड़क मार्ग, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा और आवासीय व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जाए। बीएसएनएल को सीमा क्षेत्र में नेटवर्क सुदृढ़ करने तथा गुंजी क्षेत्र में शौचालय एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं पर्यटन कार्यालय के संचालन के लिए स्थानीय स्तर पर संविदा कर्मियों की नियुक्ति और व्यापार अवधि में पीआरडी स्वयंसेवकों और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती को लेकर कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा हुई। उप जिलाधिकारी धारचूला आशीष जोशी ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी व्यापारियों को ट्रेड पास जारी किए जाएंगे। पिछली बार 265 ट्रेड पास जारी किए गए थे और इस वर्ष संख्या बढ़ने की संभावना जताई गई है। भारतऽचीन समझौते के तहत व्यापार अवधि जून से सितम्बर तक निर्धारित है। हालांकि मौसम की अनुकूलता के आधार पर इस अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जा सकता है। अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि व्यापार अवधि में धारचूला क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से नकद एवं मुद्रा विनिमय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सीमा शुल्क विभाग, बरेली से कस्टम स्टाफ की समय पर तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में बताया गया कि आयात में ऊन, पश्मीना, नमक, बोरेक्स, रेशम, मक्खन, याक के बाल व खाल जैसी वस्तुएं शामिल हैं, जबकि निर्यात में कपड़ा, कंबल, मसाले, आटा, सूखे मेवे, सब्जियां, तांबे के उत्पाद, कृषि उपकरण, स्टेशनरी, जूते व वनस्पति तेल शामिल किए जाएंगे।

## अमृतसर में नाबालिग समेत छह हथियार तस्कर काबू, सात पिस्तौल बरामद

चंडीगढ़। अमृतसर पुलिस ने अपराधी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सात अत्याधुनिक पिस्तौल जब्त की हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपितों का संपर्क विदेश में रह रहे एक हैंडलर से था, जो पुर्तगाल से संचालित हो रहा था। इस हैंडलर के माध्यम से हथियार पाकिस्तान से भारत में तस्करी किए जा रहे थे और फिर इन्हें स्थानीय अपराधी तत्वों तक पहुंचाया जा रहा था। डीजीपी ने कहा कि पुलिस इस नेटवर्क को पूरी तरह से बेनकाब करने के लिए जांच में लगी हुई है। हम न सिर्फ इन आरोपियों को गिरफ्तार करेंगे, बल्कि उनके पीछे छिपे सभी लिंक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी उजागर करेंगे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063